सेंसेक्स 77,616.40 ● निफ्टी 24,211.00 ● डॉलर 95.70 ₹ ● सोना 1,39,130 ₹ ● चांदी 2,40,000 ₹

पेज 06 संसार की दौड़ और परमात्मा

पेज 08 परिवार नियोजन सेवाओं का...

पारा आपडेट
मैक्सिमम 30.00 | मिनीमम 23.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 18.38
सूर्योदय (कल) ▸ 05.11

बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या संवत 2083

पेज 12





RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, मंगलवार 14 जुलाई 2026 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 09 अंक : 14 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com



झारखंड दर्शन के पाठकों व शुभेच्छुओं से आग्रह है कि किसी भी प्रकार के विज्ञापन देने के लिए आप फोन नंबर 9262578999 पर सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही अगर आप तक हमारे अखबार की प्रति नहीं पहुंच रही है तो भी उपरोक्त नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रबंधक

आवश्यकता

हमारे हिंदी दैनिक झारखंड दर्शन को अपने लेखा विभाग के लिए एक योग्य और अनुभवी अकाउंटेंट और मार्केटिंग के लिए व्यक्ति की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपना रिज्यूमे इस ईमेल एवं फोन नंबर पर भेज सकते हैं।

email - jharkhanddarshan405@gmail.com
Phone - 91025 69636, 92625 78999


झारखंड में नक्सली नेटवर्क को बड़ा झटका

# 20 लाख का इनामी रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू धराया

संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू उर्फ सुरेंद्र गंझू को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। लातेहार के चंदवा प्रखंड की लाधुप पंचायत स्थित बांडीटोला से हुई यह गिरफ्तारी पलामू और रांची प्रमंडल में सक्रिय माओवादी संगठन के लिये बड़ा झटका मानी जा रही है। रविंद्र गंझू पर झारखंड सरकार ने 15 लाख रुपये और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (बीआईए) ने 5 लाख रुपये का ईनाम घोषित कर रखा था। यानी उसकी गिरफ्तारी पर

● अमित शाह की सभा वाले दिन हुये खूनी हमले का था मुख्य आरोपी



कुल 20 लाख रुपये का इनाम था।

रविंद्र गंझू का नाम 22 नवंबर 2019 को पूरे राज्य में तब चर्चा में आया था, जब लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुइया मोड़ के पास पुलिस दल पर घात लगाकर हमला किया गया था। संयोग से उसी दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चंदवा में जनसभा प्रस्तावित थी और सुरक्षा व्यवस्था के लिये बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था। घात लगाकर किये गये इस हमले में चार पुलिसकर्मी शहीद हो गये थे। जांच में रविंद्र गंझू को इस वारदात का मुख्य साजिशकर्ता और आरोपी बनाया गया था। पुलिस के अनुसार, इस हमले में उसके साथ सुनील गंझू, फगुना गंझू और बैजनाथ गंझू समेत कई माओवादी शामिल थे। हमला सफल होने के बाद लूटे गये हथियारों के साथ लौटते समय रविंद्र गंझू ने अपने साथियों को बोदा तालाब के पास पांच-पांच हजार रुपये का ईनाम भी बांटा था।

### 55 से ज्यादा संगीन मामलों में दर्ज है नाम

रविंद्र गंझू लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र स्थित हेसला मौजा के बांडीटोला का रहने वाला है। उसके खिलाफ लातेहार, लोहरदगा, गुमला और आसपास के जिलों में हत्या, नक्सली हिंसा, हथियार लूट, रंगदारी, विस्फोट समेत 55 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। लंबे समय से वह सुरक्षा एजेंसियों की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल था। गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियां रविंद्र गंझू से लगातार पूछताछ कर रही हैं। अधिकारियों को उम्मीद है कि उससे माओवादी संगठन के सक्रिय नेटवर्क, हथियारों के ठिकानों, विस्फोटकों के भंडारण और संगठन की गतिविधियों से जुड़ी कई अहम जानकारियां मिल सकती हैं। इन्हीं सूचनाओं के आधार पर आने वाले दिनों में कई इलाकों में छापेमारी की तैयारी भी की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, इस कार्रवाई के दौरान दो अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। उनसे संगठन से संभावित संबंधों को लेकर पूछताछ जारी है। जांच के बाद उनकी भूमिका स्पष्ट होने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### माओवादी नेतृत्व को लगा बड़ा झटका

सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि रविंद्र गंझू की गिरफ्तारी से पलामू और रांची प्रमंडल में सक्रिय माओवादी संगठन की नेतृत्व क्षमता को गहरा नुकसान पहुंचा है। पिछले कुछ वर्षों से लगातार चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों के कारण संगठन पहले ही कमजोर पड़ा है। ऐसे में एक ईनामी रीजनल कमांडर का गिरफ्तार होना सुरक्षा बलों की बड़ी रणनीतिक सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि झारखंड में नक्सली गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी इसी सख्ती और लगातार कार्रवाई के साथ जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 'एमईए भारत' एक्स अकाउंट को विदेश मंत्रालय ने बताया फर्जी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने एक फैक्ट चेक में एमईए भारत (@MEABharat) के नाम से चलाए जा रहे एक ट्विटर हैंडल को फर्जी बताया है। मंत्रालय के फैक्ट चेक विभाग ने लोगों से इस तरह के सोशल मीडिया अकाउंट से सावधान रहने की अपील की है। विदेश मंत्रालय ने फेक अकाउंट की जानकारी देते हुए कहा कि इस खाते का मंत्रालय से कोई संबंध नहीं है। यह मंत्रालय का रूप धारण करके जनता को गुमराह कर रहा है और जनहित को नुकसान पहुंचा रहा है। सभी को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। मंत्रालय की ओर से जिस अकाउंट के बारे में कहा गया है उसे 2023 के सितंबर में बनाया गया था और 2024 के बाद से उसमें कोई अपडेट नहीं है।

### चार छात्रों के सर्पदंश के मामले में झारखंड सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने झारखंड के लोहरदगा जिले में एक आवासीय विद्यालय के छात्रावास में चार छात्राओं को सांप के काटने की खबरों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सात जुलाई को लोहरदगा जिले में एक उच्चतर माध्यमिक आवासीय विद्यालय के छात्रावास के एक कमरे में सो रहीं छात्राओं में से छात्राओं को सांप ने काट लिया। इनमें से एक छात्रा की मौत हो गई जबकि अन्य तीन का इलाज चल रहा है। आयोग ने रिपोर्ट में घायल छात्राओं के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी देने का निर्देश दिया है।

### तमिलनाडु में गोवध पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु में गोवध पर पूर्ण रोक लगाने के मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने का आदेश दिया। मद्रास उच्च न्यायालय ने 27 मई को गोवध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। याचिकाकर्ता और हिन्दू मक्कल काची के महासचिव के सूर्या प्रशांत ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर वध तय जगह पर करने का दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की थी, लेकिन उच्च न्यायालय ने गाय या बछड़े के वध पर कभी और कहीं भी करने पर पूर्ण रोक लगा दी थी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

# विश्वविद्यालयों में खाली पड़े पदों पर जल्द हो नियुक्ति : हेमंत सोरेन

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड में उच्च और तकनीकी शिक्षा को नई दिशा देने की तैयारी शुरू हो गई है। सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट संदेश दिया कि अब राज्य को केवल 'माइनिंग' नहीं, बल्कि 'माइंड' की पहचान दिलानी है। इसके लिये शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, रोजगारोन्मुख और वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करना होगा। बैठक में विभाग की योजनाओं, बजटीय प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुये सीएम हेमंत सोरेन ने कई अहम फैसलों पर दिशा-निर्देश दिये। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड को माइनिंग से माइंड की ओर ले जाने में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाई जाये, विश्वविद्यालयों में रिक्त पद जल्द भरे जायें और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा, छात्रवृत्ति तथा आधुनिक सुविधायें उपलब्ध कराई जायें।



### बीआईटी सिंदरी को मिलेगा यूनिवर्सिटी का दर्जा

बैठक में बीआईटी सिंदरी को यूनिटरी यूनिवर्सिटी के रूप में विकसित करने पर सैद्धांतिक सहमति बनी। सीएम हेमंत सोरेन ने इसके लिये आवश्यक विधेयक तैयार करने और संस्थान का डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य के तकनीकी संस्थानों को देश के प्रमुख संस्थानों की तर्ज पर विकसित किया जाये, ताकि झारखंड के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा अपने राज्य में ही मिल सके। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाये। समीक्षा में बताया गया कि अब तक 2,888 पात्र विद्यार्थियों को ऋण स्वीकृत किया गया है, जिनमें 243 छात्र-छात्राओं को लगभग 64 करोड़ रुपये का शिक्षा ऋण विभिन्न बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है। इस योजना में ऋण की गारंटी राज्य सरकार देती है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आर्थिक तंगी किसी भी छात्र की पढ़ाई में बाधा नहीं बननी चाहिये। बैठक में सीएम हेमंत सोरेन ने अगले 15 दिनों के भीतर झारखंड विश्वविद्यालय सेवा आयोग को कार्यरत करने के निर्देश दिये। वहीं, उच्च शिक्षा एवं रोजगारपरक कोचिंग संस्थानों की निगरानी के लिये कोचिंग रेगुलेटरी अथॉरिटी को भी जल्द पूरी तरह सक्रिय करने को कहा।

### ऑनलाइन क्लास की होगी शुरुआत

बैठक में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में पीपीपी मॉडल पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) सेंटर स्थापित करने पर सैद्धांतिक सहमति दी गई। इसके अलावा शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विश्वविद्यालयों में लाइव ऑनलाइन क्लास शुरू करने की तैयारी भी तेज करने के निर्देश दिये गये। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरूआत झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय और बीबीएमके, धनबाद से की जायेगी।

### एआई, रोबोटिक्स और सेमीकंडक्टर जैसे नये कोर्स पर फोकस

सीएम हेमंत सोरेन ने तकनीकी संस्थानों में भविष्य की जरूरतों को देखते हुये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग, टेक्सटाइल डिजाइन, लॉजिस्टिक्स और शिपिंग जैसे आधुनिक पाठ्यक्रम शुरू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा सीधे रोजगार से जुड़नी चाहिये, ताकि युवाओं को नये अवसर मिल सकें। सरकार ने रांची, पलामू, गिरिडीह, रामगढ़, गुमला, जमशेदपुर, बोकारो, गोड्डा और साहिबगंज समेत 9 जिलों में तकनीकी शिक्षा क्लस्टर विकसित करने की योजना पर भी तेजी से काम करने का निर्देश दिया।

झारखंड में ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# केंद्र-राज्य समन्वय मजबूत करने पर बनी सहमति

संवाददाता



**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा ने सोमवार को झारखंड की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक में राज्य में संचालित ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन तथा केंद्र-राज्य समन्वय को और मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), वीबी-ग्राम सहित विभिन्न ग्रामीण विकास कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, लाभार्थियों तक उनकी बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने तथा झारखंड के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

दोनों पक्षों के बीच स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ/एफपीसी) की भागीदारी बढ़ाने, ग्रामीण महिलाओं की आजीविका सुदृढ़ करने, आधारभूत संरचना के विकास तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए समन्वित प्रयासों पर सहमति बनी।

इस अवसर पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक विकास योजनाओं का लाभ पारदर्शी, प्रभावी और समयबद्ध ढंग से पहुंचाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों सरकारों के साझा प्रयासों से झारखंड में समावेशी, टिकाऊ और रोजगारोन्मुख ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी तथा ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आएगा। बैठक में मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय कुमार बरनवाल, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अनन्य मित्तल सहित विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

पीएम मोदी का पंजाब दौरा 17 जुलाई को, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर

# चंडीगढ़-जालंधर में बम धमाकों की धमकी

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चंडीगढ़ और पंजाब दौरे से पहले सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं। चंडीगढ़ और मोहाली के कई स्कूलों को एक बार फिर धमकी भरा ई-मेल भेजा गया है। इसमें 17 जुलाई को चंडीगढ़ और जालंधर में अलग-अलग जगहों पर बम धमाके करने की धमकी दी गई है।

● चंडीगढ़ और जालंधर रेलवे स्टेशन को भी उड़ाने की चेतावनी, रवनीत सिंह बिट्टू को भी दी गई धमकी

प्रधानमंत्री मोदी 17 जुलाई को पंजाब आयेंगे और जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करने का कार्यक्रम है। इसके पहले धमकी भरे ई-मेल में चंडीगढ़ और मोहाली के स्कूलों के अलावा मोहाली मेयर कार्यालय को निशाना बनाने की बात कही गई है। इसके साथ ही जालंधर और चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर आईईडी धमाके करने की धमकी दी गई है।

ई-मेल में केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को भी जान से मारने की धमकी दी गई है। साथ ही पंजाब के लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली में शामिल न होने की चेतावनी दी गई है।

धमकी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। स्कूलों और अन्य संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# बैंकॉक के पब में लगी आग से 27 लोगों की मौत, 63 जख्मी

एजेंसी

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के चटुचक स्थित एक भीड़भाड़ वाले पब में रविवार देर रात आग लगने से कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि 63 लोग घायल हो गए। घायलों में 22 की हालत गंभीर है। अधिकांश लोगों की मौत आग की लपटों से नहीं, बल्कि धुएं के कारण दम घुटने से हुई।

तुर्किये की सरकारी समाचार सेवा अनाडोलू और फ्रांस के टीवी नेटवर्क फ्रांस24 के मुताबिक थाई प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि स्टेज के पास लगे सर्किट ब्रेकर से पहले धुआं निकला, इसके बाद बिजली गुल हो गई और फिर जोरदार धमाका हुआ। अफरा-तफरी के बीच



कई लोग पीछे की ओर स्थित टॉयलेट की तरफ भागे, जहां बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था।

बैंकॉक के गवर्नर चाडचार्ट सिट्टीपुंट ने बताया कि आग बेहद तेजी से छत तक फैल गई। कई शव आपातकालीन निकास के पास मिले हैं, जिससे आशंका है कि निकास मार्ग किसी रुकावट के कारण अवरुद्ध था। बैंकॉक महानगरीय प्रशासन के आपदा रोकथाम एवं शमन विभाग के निदेशक सुरियाचाई राविवान ने बताया कि दमकलकर्मियों को अंदर प्रवेश करने के दौरान रास्ते में मेज और कुर्सियां रखी मिलीं, जिससे राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित हुआ।

प्रत्यक्षदर्शी और लाओस के पर्यटक कान कुतिरत ने बताया कि उन्होंने स्टेज के पास धुआं उठते देखा, जिसके कुछ ही क्षण बाद पूरे पब में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने एक महिला को बाहर निकालने में मदद की, लेकिन वह केवल एक ही व्यक्ति को बचा सके। दमकल विभाग ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच जारी है।

साइबर सुरक्षा › केंद्र ने बीएफएसआई क्षेत्र के लिए डिजिटल थ्रेट रिपोर्ट जारी की

# एआई असमानता और नए साइबर जोखिमों पर दी गई चेतावनी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र तथा डिजिटल भुगतान तंत्र के लिए डिजिटल थ्रेट (खतरा) रिपोर्ट 2025-26 का दूसरा संस्करण जारी किया। रिपोर्ट में एआई असमानता और तेजी से बदलते साइबर खतरों को प्रमुख जोखिम बताया गया है।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सीईआरटी-इन), वित्त क्षेत्र की कंप्यूटर सिक्योरिटी इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सीएसआईआरटी-फिन) और साइबर सुरक्षा कंपनी सिसा (सिसा) के सहयोग से यह रिपोर्ट तैयार की है।

मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि जैसे-जैसे साइबर खतरे जटिल होते जा रहे हैं, सार्वजनिक संस्थानों और उद्योग के बीच भरोसेमंद साझेदारी डिजिटल विश्वास को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें हर पहलू पर गंभीरता से तैयारी करनी होगी और सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। जहां यह साइबर अपराध का मामला है, वहां प्रभावित व्यक्तियों की मदद करने की प्राथमिक जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की है। वहीं जब यह राष्ट्रीय सुरक्षा



का मुद्दा होता है और सरकार के अपने ढांचे की रक्षा करनी होती है, तो कई एजेंसियां इसमें शामिल होती हैं। इसके लिए समन्वित प्रयास जरूरी है। रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले वर्ष की सात भविष्यवाणियों में से छह पहले ही पूरी तरह साकार हो चुकी हैं। इससे पता चलता है कि किसी खतरे के उभरने और उसके इस्तेमाल के बीच का समय अब महीनों या हफ्तों तक सिमट गया है। सोशल इंजीनियरिंग, क्रेडेंशियल चोरी, सप्लाई चेन समझौता और क्लाउड एक्सप्लॉइटेशन जैसे तरीके अब आम हमले बन चुके हैं।

वैश्विक साइबर सुरक्षा कंपनी सिसा के संस्थापक और सीईओ दर्शन संतमूर्ति ने कहा कि बीएफएसआई उद्योग भरोसे पर आधारित है और जब यह भरोसा कमजोर होता है तो असर केवल एक संस्था तक सीमित नहीं रहता, बल्कि ग्राहकों, साझेदारों और पूरी अर्थव्यवस्था तक फैलता है।

सीईआरटी-इन के महानिदेशक डॉ. संजय बहल ने कहा कि भारत का वित्तीय तंत्र अधिक जुड़ा हुआ और तकनीक-आधारित हो रहा है, ऐसे में साइबर रेजिलिएंस को साझा जिम्मेदारी मानना होगा। रिपोर्ट संस्थानों को लगातार जोखिम आकलन और समन्वित प्रतिक्रिया की दिशा में मार्गदर्शन देती है।

इस संस्करण की विशेषता साइबर विफलता की संरचना (एनाटॉमी ऑफ साइबर फेल्योर) फ्रेमवर्क है, जो दिखाता है कि आधुनिक साइबर हमले एकल चूक नहीं बल्कि कई कमजोरियों की श्रृंखला से होते हैं। रिपोर्ट ने बीएफएसआई क्षेत्र के लिए 18 माह का रोडमैप प्रस्तुत किया है, जिसमें बुनियादी नियंत्रणों को मजबूत करने से लेकर सतत क्षमताओं और अधिक लचीली सुरक्षा संरचनाओं के निर्माण तक के कदम शामिल हैं।

महाराष्ट्र के पुणे में तेज रफ्तार का कहर

# ट्रक ने 7 तीर्थयात्रियों को कुचला, तीन की मौत और चार घायल

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में सासवड-जेजुरी रोड स्थित बेलसर टोल बूथ के पास सोमवार को सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने 7 तीर्थयात्रियों को कुचल दिया। इस घटना में 3 महिला वारकरियों की की मौत हो गई जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन सभी घायलों का इलाज जेजुरी के सरकारी अस्पताल में जारी है। इस घटना की छानबीन पुणे ग्रामीण पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है।

इस घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुणे जिले के जेजुरी इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक ने आज सुबह वारकरियों को कुचल दिया। इस घटना में तीन महिला वारकरी की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पास के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज चल रहा है। मरने वालों की पहचान नंदा पवार (60), माधवी राजाराम सालगारे (55) और राजश्री शंकर भोसले (55) के तौर पर हुई है, ये सभी सांगली जिले की रहने वाली थीं। इस घटना के लिए जिम्मेदार ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की गहन छानबीन जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा ने झारखंड के 11 जिलों में नए जिला अध्यक्षों का किया मनोनयन

**रांची।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा की कोर कमेटी ने सर्वसम्मति से झारखंड के 11 जिलों के लिए नए जिला अध्यक्षों का मनोनयन किया है। केंद्रीय अध्यक्ष एवं गांडेय के पूर्व विधायक प्रो. जयप्रकाश वर्मा ने इसकी घोषणा करते हुए सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को शुभकामनाएं दीं। मनोनीत पदाधिकारियों में रांची से रूपलाल महतो, बोकारो से विक्रम कुमार महतो, कोडरमा से विशाल कुमार भदानी, गिरिडीह से रोहित कुमार शर्मा, देवघर से जयंत राव पटेल, पूर्वी सिंहभूम से इंद्रदेव प्रसाद, गुमला से मनोज वर्मा, गोड्डा से शुभम कुमार मंडल, लोहरदगा से शंभू प्रजापति, सरायकेला-खरसावां से चंदन महतो तथा पश्चिमी सिंहभूम से अरुण किशोर प्रजापति शामिल हैं। प्रो. वर्मा ने कहा कि सभी जिला अध्यक्ष शीघ्र अपनी-अपनी जिला कमेटी का गठन करें और पिछड़ा वर्ग के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने संगठन के विस्तार और जनहित के मुद्दों पर प्रभावी कार्य करने का आह्वान किया।

### बोकारो में चयनित होगी टीम, 24 जुलाई से रांची में होगा स्टेट चैम्पियनशिप

**रांची।** रांची के वीर बुद्ध भगत एक्वेटिक स्टेडियम, मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्विमिंग पूल में 16वीं जूनियर व सब-जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह 24-26 जुलाई, 2026 को होटवार,रांची में किया जाएगा। झारखंड तैराकी संघ के अधीन रांची जिला तैराकी संघ की ओर से होने वाले उक्त स्टेट चैंपियनशिप के लिए बोकारो जिले की टीम गठित की जानी है। इस निमित्त आगामी 19 जुलाई को बोकारो जिला तैराकी संघ की ओर से सेक्टर-4 के दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के स्विमिंग पूल में सेलेक्शन ट्रायल रखा गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष व डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने बताया कि सेलेक्शन ट्रायल ओपन है। इसमें जिले के किसी भी विद्यालय, क्लब, ग्रामीण क्षेत्रों व अन्य जगहों के स्वतंत्र प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं।

### सदर अस्पताल में 24 नवजात शिशुओं के परिवारों को बेबी किट वितरित

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के रजत जयंती वर्ष सृजन से सम्मान तक अभियान के अंतर्गत एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण गोयल जी के सम्मान में मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा द्वारा कन्या भ्रूण संरक्षण कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल राँची में नवजात शिशुओं के परिवारों के बीच बेबी किट एवं बिस्किट वितरण का सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 24 नवजात शिशुओं के परिवारों को बेबी मसाज ऑयल, बेबी बॉडी लोशन, बेबी शैम्पू, बेबी सोप एवं बेबी पाउडर सहित उपयोगी बेबी किट तथा बिस्किट वितरित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने परिवारों को बेटियों के जन्म पर बधाई देते हुए कन्या संरक्षण महिला सम्मान एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।

### सत्ता की भूख ऑपरेशन लोटस पर : राकेश

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया चैयरमैन राकेश कुमार सिन्हा प्रदेश प्रवक्ता अब्दुल करीम अन्सारी संयुक्त रूप से कहा जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के 'ऑपरेशन लोटस' वाले बयान पर कहा, हमलोगों इस बात पर कोई हैरानी नहीं है। भाजपा का पाप का घड़ा भरता जा रहा है, उन्हें लगता है कि वे किसी को भी खरीद सकते हैं... महाराष्ट्र में हमने यही देखा, बंगाल में टीएमसी के साथ भी ऐसा देखा गया झारखण्ड राज्यसभा चुनाव में भी विधायकों को खरीदने का काम किया बहुत सारे ऐसे राज्य हैं जहां भाजपा केवल नंबर जोड़ने की ताक में लगी रहती है और सरकार की उलटफेर करती है।

### तुपुदाना गैंग रेप में छह गिरफ्तारों में दो नाबालिग भी शामिल

# दो अलग जगहों में तीन-तीन के ग्रुप ने किया गैंग रेप

वरीय संवाददाता

**रांची।** तुपुदाना के स्मार्ट सिटी घूमने गयीं दो नाबालिग लड़कियों से हुए गैंग रेप के आरोप में धुर्वा थाने की पुलिस टीम ने दो नाबालिग सहित कुल छह रेपिस्टों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़ने वालों में तुपुदाना का शुभम महतो, देव प्रसाद नायक और गुलाब महतो के अलावा दो नाबालिग लड़के भी शामिल हैं। धुर्वा थाना पुलिस ने पीड़िता के बयान पर गिरफ्तार हुए आरोपियों से पूछताछ करने के बाद सङ्गी को जेल भेज दिया।

भरोसेमंद सूत्रों के मुताबिक शनिवार की शाम चार बजे जगरनाथपुर थानाक्षेत्र के लटमा की रहने वाली दोनों सहेलियां घूमने के लिए पहले बिरसा चौक पहुंची, वहां से दोनों स्मार्ट सिटी चली गयी,

### पीड़िता से 100 नम्बर पर मिले सूचना पर दबोचे गये छह रेपिस्ट

जहां इनकी मुलाकात तीन लड़कों से हुई तीनों से बात चीत होने के बाद तीनों लड़कों इनसे स्मार्ट सिटी में ही रेप किया, जिससे दोनों लड़कियों की हालत खराब हो गयी, उसके बाद तीनों युवक इन्हें वहीं छोड़ कर भाग गये, उसके कुछ देर बाद वहां कार से तीन लड़कों का दूसरा ग्रुप पहुंचा उस जो वहां बेशुद्ध पड़ी लड़कियों को घर पहुंचा देने का भरोसा दिला कर कार से धुर्वा डैम साइड ले गये और दोनों के साथ रेप करने



के बाद तुपुदाना स्थित एक किराये के मकान में (जहां एक आरोपी रहता था) ले गये, वहां भी तीनों लड़कों ने रात भर दोनों के साथ बारी बारी से रेप किया, जिससे दोनों पस्त हो गयीं, रविवार की अहले सुबह चार बजे एक लड़की किसी तरह कमरे से बाहर निकली और 100 नम्बर पर कॉल कर पुलिस को आपबीती बतायी,सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गयी और कमरे से दोनों लड़कियों को मुक्त करा कर तीन रेपिस्टों को गिरफ्तार कर लिया।

बाद में पुलिस ने लड़कियों के बयान पर पहली घटना को अंजाम देने वाले तीनों रेपिस्टों को भी तुपुदाना से धर दबोचा।

हालांकि पुलिस इस घटना में कुल आठ युवकों को हिरासत में ली थी लेकिन पूछताछ में दो निर्दोश पाये जाने के बाद उन्हें थाने से ही छोड़ दिया गया। सूत्रों के मुताबिक लड़कियों की दोस्ती पहले तीन लड़कों से रास्ते में ही हुई और रास्ते में ये उन तीनों के हवस कि शिकार बन गयीं, संयोग से दूसरी बार भी कार से आये तीन लड़कों पर भी भरोसा कर कार में बैठी और दोबारा हवस की शिकार हो गयीं। पुरे ममाले में पुलिस आगे की तफ्तीश भी कर रही है।

## डोरंडा में 1444 पुड़िया ब्राउन शुगर जब्त, चार तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

### 58,100 नगद , तीन मोबाइल बरामद



वरीय संवाददाता

**रांची।** डोरंडा में बड़े पैमाने पर ब्राउन शुगर के स्तेमाल और खरीद बिक्री करने की लगातार मिल रही सूचना पर जिले के पुलिस कप्तान राकेश रंजन के द्वार सिटी एसपी पारस राणा के निर्देश पर हटिया डीएसपी नीरज कुमार के नेतृत्व में बनी टीम ने बड़ी कारवाई की है। गुप्त सूचना पर पुलिस टीम कारवाई करते हुए इस धंधे से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, इन चारों के पास से पुलिस ने अलग अलग जगहों से कुल 1444 पुड़िया ब्राउन शुगर,58 हजार 100 रुपया और तीन मोबाइल बरामद किया है। पुलिस के हत्थे चढ़ने वालों में फॉरेस्ट कॉलोनी का दीपक ड्राुईयां , नेपाल हाउस पीएचडी कॉलोनी का नरेश कुमार और महेश कुमार के अलावा साकेत नगर हिनू का संदीप कुमार दांगी शामिल है।

मामले की जानकारी देते हुए शहर एसपी पारस राणा ने बताया कि डोरंडा में बड़े पैमाने पर ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री और नशा खोरी की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर टीम धोबी मुहल्ला के खटाल और कुशई जतरा मैदान व साकेत नगर हिनू में छापेमारी की जहां से चार आरोपी पकड़े गये जबकि पुलिस की ड्रानक लगते ही अन्य कई लोग मौके से फरार हो गये।

## केतारी बागान आरओबी निर्माण स्थल का निरीक्षण, दो दिनों में वैकल्पिक मार्ग दुरुस्त करने का निर्देश

वरीय संवाददता

**रांची।** केतारी बागान स्थित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण कार्य के दौरान उत्पन्न कीचड़, जलजमाव और वैकल्पिक मार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर सोमवार को संबंधित अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सहायक अभियंता कोमल तिग्गा, कनिष्ठ अभियंता राहुल कुमार तथा वार्ड पार्षद पवन तिर्की शामिल रहे।

क्षेत्र में लगातार हो रही परेशानियों और दुर्घटनाओं को देखते हुए अधिकारियों ने मौके पर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पार्षद पवन तिर्की ने संबंधित अधिकारियों एवं संवेदक को स्पष्ट निर्देश दिया कि दो दिनों के भीतर वैकल्पिक मार्ग की मरम्मत कर आम नागरिकों को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के कारण लोगों को



आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और जलजमाव के कारण स्थिति और गंभीर हो गई है।

**बोर्ड बैठक में उठाया था मुद्दा**

पार्षद पवन तिर्की ने बताया कि उन्होंने दो दिन पूर्व रांची नगर निगम की बोर्ड बैठक में इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। स्थानीय लोगों ने इसे सकारात्मक पहल बताते हुए पार्षद के प्रति आभार व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान संवेदक के साइड अभियंता रफीक, सुंदर शर्मा, गोपाल प्रसाद, माखन पाठक, शुभम गिरी और शिवम वर्मा सहित कई स्थानीय निवासी मौजूद थे। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई कि निर्धारित समयसीमा के भीतर मरम्मत कार्य पूरा कर लोगों को जल्द राहत दी जाएगी। साथ ही कार्य की प्रगति पर लगातार नजर रखने की बात भी कही गई।

### बीआईटी मेसरा ने 72वें स्थापना दिवस समारोह की घोषणा की

## राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे

वरीय संवाददाता

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा 15 जुलाई, 2026 को अपना 72वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। यह अवसर शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान, नवाचार और राष्ट्र-निर्माण की दिशा में संस्थान की गौरवशाली यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होगा। झारखंड के माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। स्थापना दिवस समारोह से पूर्व, बीआईटी मेसरा ने आगामी कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी साझा करने तथा संस्थान की समृद्ध विरासत, बढ़ती वैश्विक पूर्व छात्र सहभागिता, शैक्षणिक सहयोग, अनुसंधान पहलों और परिसर के बुनियादी ढांचे में हुए हालिया विकास पर प्रकाश डालने के लिए लालपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रो. श्रद्धा शिवानी, डीन, एलुमनाई एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध; डॉ. विशाल एच. शाह, एसोसिएट डायरेक्टर, एलुमनाई रिलेशंस; सुश्री दीपिका दीप, एसोसिएट डायरेक्टर, प्लेसमेंट्स एवं आउटरीच; और डॉ. मृणाल पाठक, समन्वयक, मीडिया सेल, बीआईटी मेसरा ने प्रवक्ताओं के रूप में मीडिया को संबोधित किया। स्थापना दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथियों, पूर्व छात्रों, संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों और अन्य हितधारकों का एक प्रतिष्ठित समागम होगा। टेगा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन श्री मदन मोहन मोहनका और आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो. श्रीपद करमलकर विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे।

### भाजपा विकास से घबराकर निवेश पर फैला रही भ्रम : आलोक कुमार दूबे

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने भाजपा द्वारा राज्य सरकार के निवेश प्रस्तावों पर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह निराधार, भ्रामक और राजनीतिक हताशा का परिणाम बताया है। आलोक कुमार दूबे ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड लगातार औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन और आधारभूत संरचना के विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। निवेश आकर्षित करने की प्रक्रिया एक सतत प्रक्रिया होती है, जिसमें एमओयू, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, वैधानिक स्वीकृतियां और चरणबद्ध निवेश शामिल होते हैं। भाजपा जानबूझकर इस पूरी प्रक्रिया को नजरअंदाज कर जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है।

## झारखंड वोटर लिस्ट अपडेट: नए वोटर्स के लिए फॉर्म-6, पता बदलने के लिए फॉर्म-8 जरूरी

संवाददाता

**रांची।** जो युवा 1 अक्टूबर 2026 को 18 साल की उम्र पूरी करेंगे, वे वोटर बनने के लिए फॉर्म-6 भरकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, 30 जून से 29 जुलाई तक चलने वाले गणना चरण के दौरान यह फॉर्म अपने बीएलओ के पास जमा किया जा सकता है। अगर इस अवधि में आवेदन नहीं हो पाता, तो 5 अगस्त से 4 सितंबर तक चलने वाली दावा और आपत्ति अवधि में भी फॉर्म-6 और जरूरी दस्तावेज जमा किए जा सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के अनुसार, वैसे व्यक्ति जो झारखंड या भारत के किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र में मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें जन्म



तिथि और जन्म स्थान के आधार पर स्वयं, स्वयं और माता-पिता में से किसी एक तथा स्वयं और दोनों माता-पिता के लिए घोषणा पत्र और आवश्यक दस्तावेज के साथ फॉर्म-6 जमा करना होगा। आवेदक दस्तावेज के रूप में पिछले एसआईआर में तैयार मतदाता सूची का वह एक्सट्रैक्ट पेज भी जमा कर सकता है, जिसमें उसके माता-पिता का नाम है। यह एक्सट्रैक्ट पेज निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी तथा बीएलओ के पास उपलब्ध हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार, झारखंड की वर्ष 2026 की मतदाता सूची में सम्मिलित वैसे मतदाता जो वर्ष 2003 की मतदाता सूची से अपना या अपने माता-पिता की मैपिंग पूरा कर चुके हैं, लेकिन वह झारखंड के किसी अन्य निर्वाचन क्षेत्र में स्थानांतरित होना चाहते हैं, उन्हें कोई दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है। इन्हें दावा और आपत्ति अवधि के दौरान केवल फॉर्म-8 जमा करना होगा। इसी तरह, झारखंड से बाहर की वर्तमान मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाता, जो झारखंड के किसी अन्य निर्वाचन क्षेत्र में स्थानांतरित होना चाहते हैं।

## पुराने निवेश प्रस्तावों की रीपैकेजिंग कर नई घोषणा के रूप में प्रस्तुत कर रही राज्य सरकार : प्रतुल शाह देव

वरीय संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा हाल ही में 99,639 करोड़ के निवेश की जो बड़ी-बड़ी घोषणाएं की गई हैं, उनमें अधिकांश निवेश नए नहीं हैं, बल्कि दावोस एवं यूके यात्रा के बाद लगभग छह महीने पहले घोषित निवेश प्रस्तावों की री-पैकेजिंग है। सरकार पुरानी घोषणाओं पर नया रैपर चढ़ाकर जनता की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास कर रही है। कहा कि सरकार स्वयं फरवरी 2026 में दावोस एवं यूके यात्रा के बाद 1.27 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों की घोषणा कर चुकी थी। उस समय जिन कंपनियों के साथ समझौते और निवेश प्रस्तावों का प्रचार किया गया था, उन्हीं में से अधिकांश को अब दिल्ली में फिर से नए निवेश के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरकार ने हाल में जिन प्रमुख निवेश प्रस्तावों की घोषणा की थी, उनमें जिंदल स्टील लिमिटेड ( 40,000 करोड़), जिंदल न्यूक्लियर पावर ( 30,000 करोड़), रुंगटा संस ( 10,000 करोड़), रुंगटा माइंस ( 3,000 करोड़), टाटा स्टील हिसारना ( 7,000 करोड़), अमलगम स्टील एंड पावर ( 4,980 करोड़), टाटा स्टील टिन प्लेट विस्तार ( 2,600 करोड़), अंबुजा सीमेंट ( 1,000 करोड़) तथा जिंदल रिन्यूएबल्स ( 650 करोड़) शामिल थे। आश्चर्यजनक रूप से यही नाम और लगभग यही निवेश राशि अब फिर से 99,639 करोड़ के पैकेज में भी दिखाई जा रही है।

**सरकार स्पष्ट करे कि पहले वाले एमओयू का क्या हुआ?**

प्रतुल शाह देव ने कहा कि यदि ये वास्तव में नए एमओयू हैं तो सरकार स्पष्ट करे कि पहले वाले एमओयू का क्या हुआ? यदि ये पुराने निवेश प्रस्ताव ही हैं, तो जनता को इन्हें दोबारा नया बताकर क्यों भ्रमित किया जा रहा है? सरकार बताए कि पिछले छह महीनों में इन परियोजनाओं पर कितना वास्तविक निवेश हुआ, कितनी भूमि आवंटित हुई, कितने उद्योगों का निर्माण शुरू हुआ और कितने स्थानीय युवाओं को रोजगार मिला।

### झारखंड में 17 जुलाई तक बारिश, वज्रपात और तेज हवा की संभावना, येलो अलर्ट जारी

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में 17 जुलाई तक गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, 14 जुलाई को राज्य के उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की भी संभावना है। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक 34.5 मिलीमीटर वर्षा रामगढ़ में दर्ज की गई। वहीं, सबसे अधिक तापमान पाकुड़ में 36.2 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान लातेहार में 22.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सोमवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से बादल छाए रहे, हालांकि बारिश नहीं हुई। दिनभर उमस और गर्मी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। राजधानी रांची में सोमवार को अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 34.4 डिग्री और न्यूनतम 26.8 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 35.4 डिग्री और न्यूनतम 26.7 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 35.5 डिग्री और न्यूनतम 27.2 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष से मिले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम एवं आयोग के सदस्य वारिश कुरैशी ने सोमवार को झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मुलाकात की। शमशेर आलम ने बताया कि मुलाकात के क्रम में रांची के उपायुक्त मंजु नाथ भजंत्री भी मौजुद रहे और पीछले दिनों अल्पसंख्यक आयोग में आहूत प्रेस वार्ता के बाद जो विशेष पुनरीक्षण का कार्य धीमी गति से चल रहा था उपायुक्त के सक्रियता के कारण काफी तेजी आई है।

इस पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की पैनी नजर है कि गणना प्रपत्र भरने में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत और गड़बड़ी न हो जिसका परिणाम है कि आज लगभग 90 प्रतिशत कार्य



पुरा किया जा चुका है। साथ ही रांची के उपायुक्त ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को आश्वस्त करते हुए कहा कि रांची, कांके एवं हटिया विधानसभा क्षेत्र में भी 50 प्रतिशत तक कार्य हो चुका है बाकी का काम भी समय रहते पुरा कर लिया जायेगा और हमारा प्रयास यही है कि कोई भी वैध्य मतदाता का नाम छुटे नहीं।

श्री आलम ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं उपायुक्त से लंबी वार्ता होने के पश्चात मुझे भी आस्वस्त होना पड़ा कि जिस तरह से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं उपायुक्त, रांची का इस कार्य में सक्रियता दिखा उससे आशा है कि एस.आई.आर का कार्य समय सीमा पर पुरा कर लिया जायेगा।

कुछ बी.एल.ओ. अपने कार्यों के प्रति गंभीर नहीं है

श्री आलम ने कहा कुछ बी.एल.ओ. अपने कार्यों के प्रति गंभीर नहीं है यदि ऐसा है तो इसके पीछे बीएलओ की संदेहास्पद भूमिका झलकती है। इस पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि यदि ऐसा मामला सामने आता है तो निश्चित ही बी.एल.ओ. पर कार्रवाई की जायेगी। श्री आलम ने बताया कि हमारी निम्न मांगों पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि जो समय सीमा निर्धारित है।

उस समय में हर हाल में कार्य पुरा किया जायेगा और किसी भी वैध्य मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से नहीं काटा जायेगा और न ही किसी अवैध्स मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा जायेगा।

जिस धीमि गति के साथ राज्य में एस.आई.आर की प्रक्रिया चल रही उससे देखते हुए ऐसा प्रतित हो रहा कि जो समय सीमा 29 जुलाई तय किया गया है, संभव नहीं की गणना प्रपत्र का कार्य पूर्ण हो पायेगा। अतः इस महत्वपूर्ण कार्य के समय सीमा को कम से कम 15 अगस्त तक बढ़ाया जाय इस विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्य में बी.एल.ओ. की सबसे बड़ी जवाबदेही है।

लेकिन ऐसा देखा जा रहा है कि बी.एल.ओ. किसी खास जगह बैठक लोगों को फार्म दूसरे के हाथों भेजवा रहे हैं। अतः आपके माध्यम से इस कार्य में जुटे सभी बी.एल.ओ. को निर्देश दिया जाय कि घर-घर जाकर फार्म बांटे जहां जरूरत हो मतदाता को जानकारी दे।

### 22वीं रांची जिला सब-जूनियर वुशु चैम्पियनशिप में 226 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

वरीय संवाददाता

**रांची।** रांची जिला वुशु संघ द्वारा 22वीं रांची जिला सब-जूनियर वुशु चैम्पियनशिप-2026 का सफल आयोजन शहीद बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम स्थित वुशु हॉल, मोराबादी, रांची में किया गया। एक दिवसीय इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों, क्लबों, अकादमियों एवं वुशु प्रशिक्षण केन्द्रों से 226 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड सेपक टकरॉ एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री उदय साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, समर्पण एवं निरंतर अभ्यास के साथ खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा रांची जिला वुशु संघ द्वारा जमीनी स्तर पर किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

दिनभर आयोजित प्रतियोगिता में सांदा एवं ताऊलू की विभिन्न स्पधाओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट तकनीकी कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का संचालन वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नियमों के अनुरूप तकनीकी अधिकारियों की देखरेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड युवा आयोग के सदस्य सचिव श्री वेद रतन मोहन थे। जबकि झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष श्री शिवेन्द्र नाथ दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए पदक विजेताओं को आगामी राज्य एवं राष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा
[illegible] www.ireps.gov.in [illegible] (PR-474)

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 14 जुलाई 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### चिन्मय विद्यालय में इंटर हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न, पृथ्वी, वायु और जल सदन बने विजेता



**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय, बोकारो में इंटर हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों अग्नि, वायु, जल एवं पृथ्वी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता छात्रा वर्ग, छात्र ग्रुप-ए एवं छात्र ग्रुप-बी तीन श्रेणियों में आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा, वरीय उप-प्राचार्य नरेंद्र कुमार, उप-प्राचार्य डॉ० रोशन शर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रोमांचक मुकाबलों में छात्रा वर्ग में पृथ्वी सदन ने 1-0 से जीत दर्ज कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि जल सदन उपविजेता रहा। छात्र ग्रुप-ए में वायु सदन ने अग्नि सदन को 2-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। वहीं छात्र ग्रुप-बी में जल सदन ने अग्नि सदन को 2-1 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में खेल विभाग के संजीव सिंह, प्रांजल सैकिया, रणविजय ओझा, विशाल मौर्य, आदर्श आचार्य, नितेश पांडे, प्रवीण कुमार, ललिता उरांव एवं पायल सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### एसआईआर-2026 के लिए जिले के सभी मतदान केंद्रों का अस्थायी अधिग्रहण, 7 अक्टूबर तक रहेगा आदेश प्रभावी

**बोकारो।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अजय नाथ झा ने महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए जिले के सभी मतदान केंद्रों (भवनों) का अस्थायी अधिग्रहण कर लिया है। यह आदेश 7 अक्टूबर 2026 तक प्रभावी रहेगा। उपायुक्त ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160(क) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निर्देश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों 34 गोमिया, 35 बेरमो, 36 बोकारो एवं 37 चंदनकियारी (अजा) के अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केंद्र इस व्यवस्था के दायरे में रहेंगे। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 30 जून से 7 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में जिन तिथियों पर निर्वाचन संबंधी गतिविधियां होंगी, उन दिनों संबंधित विद्यालयों के उस हिस्से का, जहां मतदान केंद्र स्थापित हैं, आवश्यक फर्नीचर एवं अन्य उपस्करों सहित उपयोग किया जाएगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित भवन प्रबंधक आवश्यकतानुसार कमरों की चाबियां उपलब्ध कराएंगे तथा अपने कर्मियों की उपस्थिति भी सुनिश्चित करेंगे, ताकि निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

### क्राइम मीटिंग के बीच बोकारो में फिर चेन स्नैचिंग, 24 घंटे में दूसरी वारदात

**बोकारो।** औद्योगिक नगरी बोकारो में चेन स्नैचिंग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। महज 24 घंटे के भीतर दूसरी छिनतई की घटना ने शहर की कानून-व्यवस्था और पुलिस गश्ती व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विडंबना यह रही कि जिस समय यह वारदात हुई, उसी दौरान पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा पुलिस कार्यालय में सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक कर रहे थे। सोमवार को सेक्टर-4 थाना क्षेत्र स्थित लक्ष्मी मार्केट के सामने दिनदहाड़े बाइक सवार दो अपराधियों ने एक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। जानकारी के अनुसार, गोमिया के स्वांग निवासी संजय कुमार सिन्हा अपनी पत्नी कनक लता सिन्हा के साथ अपने बीमार बेटे के लिए दवा खरीदने लक्ष्मी मार्केट स्थित एक मेडिकल दुकान पहुंचे थे। सुबह करीब 11:15 बजे जैसे ही दोनों दुकान के बाहर खड़े हुए, तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक वहां पहुंचे। पीछे बैठे अपराधी ने झपट्टा मारकर कनक लता सिन्हा के गले से करीब 10 ग्राम वजनी सोने की चेन छीन ली और दोनों तेज गति से फरार हो गए। संजय कुमार सिन्हा ने शोर मचाते हुए अपराधियों का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन वे हाथ नहीं आए। पीड़ित ने सेक्टर-4 थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि पीछे बैठे आरोपी ने सफेद रंग की टोपी और आसमानी रंग की शर्ट पहन रखी थी। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले रविवार को सेक्टर -2 सी क्षेत्र में भी दिनदहाड़े एक व्यक्ति के गले से बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन छीन ली थी। लगातार हो रही इन घटनाओं से शहरवासियों में दहशत और आक्रोश है। लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने तथा अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

### एसआईटी की बिहार में दबिश, आरोपी के ससुराल से बरामद हुए डिक्की से उड़ाए 3.50 लाख रुपए

**बोकारो।** अपराध कितना भी शातिर क्यों न हो, अगर पुलिस का इरादा फौलादी और तफ्तीश आधुनिक हो, तो अपराधियों का बचना नामुमकिन हो जाता है। बोकारो पुलिस ने एक अभूतपूर्व और बड़ी सफलता हासिल करते हुए चास थाना क्षेत्र में हुई एक बेहद सनसनीखेज चोरी की घटना का महज कुछ ही दिनों के भीतर पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने न सिर्फ देश भर में कुख्यात अंतरराज्यीय कोढ़ा गिरोह के दो अति शातिर अपराधियों को चिन्हित किया, बल्कि अपराधियों के गढ़ बिहार के कटिहार में घुसकर एक आरोपी के ससुराल से चोरी की गई शत-प्रतिशत राशि यानी पूरे 3,50,000 रुपये (तीन लाख पचास हजार रुपये) नकद बरामद कर लिए। यह घटना 07 जुलाई 2026 की दोपहर करीब 12:40 बजे की है, जब चास के व्यस्त जोधाडीह मोड़ के पास दो बाइक सवार अपराधियों ने एक वृद्ध पुरुष को निशाना बनाते हुए उनकी मोटरसाइकिल की डिक्की को पलक झपकते ही तोड़ दिया था और उसमें रखे साढ़े तीन लाख रुपये लेकर रफूचक्कर हो गए थे। घटना के तुरंत बाद पीड़ित की शिकायत पर चास थाना में कांड संख्या-86/26, धारा-304 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद पुलिस ने अपराधियों को दबोचने के लिए एक बड़ा जाल बुना। यदि इस पूरे घटनाक्रम और कोढ़ा गिरोह के काम करने के तरीके (मोडस ऑपेरेंडी) की समीक्षा की जाए, तो यह गिरोह किसी भी शहर की सुरक्षा के लिए एक बड़ा नासूर बन चुका है। बिहार के कटिहार जिले का कोढ़ा क्षेत्र पूरे देश में शातिर डिक्की चोरों और झपटमारों की नर्सरी के रूप में कुख्यात है, जिसके अपराधी झारखंड, बंगाल और ओडिशा जैसे पड़ोसी राज्यों के शहरी इलाकों में फैले हुए हैं। इनका काम करने का तरीका बेहद शातिराना और संगठित होता है। यह गिरोह मुख्य रूप से बैंकों के बाहर या भीतर बैठकर मोटी रकम निकालने वाले उपभोक्ताओं, विशेषकर बुजुर्गों की रेकी करता है।

# एसआईआर सिर्फ नागरिकता जांच नहीं, मतदाता सूची को शुद्ध करने का अभियान : उपायुक्त



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार बोकारो जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में उपायुक्त अजय नाथ झा ने बताया कि यह अभियान 29 जुलाई तक चलेगा और इसका उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है। उपायुक्त ने कहा कि आजादी के बाद यह 10 वीं बार विशेष गहन पुनरीक्षण कराया जा रहा है। वर्ष 2003 के बाद लंबे अंतराल के पश्चात वर्ष 2026 में यह अभियान संचालित हो रहा है। इस दौरान कई चुनाव संपन्न हुए हैं, जिससे मतदान केंद्रों और मतदाता सूची में बदलाव आया है। ऐसे में सूची का पुनरीक्षण आवश्यक हो गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर अभियान का नागरिकता जांच से कोई संबंध नहीं है। इसका उद्देश्य केवल पात्र मतदाताओं की सही पहचान सुनिश्चित करना और मतदाता सूची को अद्यतन करना है।

उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की। उपायुक्त ने बताया कि जिले के बूथ लेवल ऑफिसर पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। पूरी प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से ऑनलाइन किया जा रहा है और कर्मी देर रात तक प्राप्त प्रपत्रों का डिजिटलीकरण कर रहे हैं। दोपहर दो बजे तक की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार गोमिया विधानसभा क्षेत्र में 96.74 प्रतिशत प्रपत्रों का वितरण तथा 47.50 प्रतिशत डिजिटलीकरण पूरा हो चुका है। बेरमो में 96.58 प्रतिशत वितरण और 41.61 प्रतिशत डिजिटलीकरण, चंदनकियारी में 96.31 प्रतिशत वितरण और 41.72 प्रतिशत डिजिटलीकरण, जबकि बोकारो विधानसभा क्षेत्र में 66.59 प्रतिशत वितरण तथा 47.59 प्रतिशत डिजिटलीकरण का कार्य पूरा हुआ है। उपायुक्त ने बताया कि शुरूआती दौर में चास नगर निगम क्षेत्र में कार्य की गति धीमी थी। इसके बाद मेयर, उपमेयर और वार्ड पार्षदों के साथ बैठक कर अभियान में तेजी लाई गई।

अब यहां प्रगति 63.08 प्रतिशत तक पहुंच गई है और अगले दो-तीन दिनों में इसके 75 से 80 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में लगभग 20 प्रतिशत मतदाता अनुपस्थित, स्थानांतरित अथवा मृत श्रेणी में हैं। प्रेसवार्ता में पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा, अपर समाहर्ता सुनील चंद्र, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 15 जुलाई को बोकारो में वृहद मॉक ड्रिल, शाम सात बजे होगा ब्लैकआउट अभ्यास : उपायुक्त



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** जिले के उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि देश पूरी तरह सुरक्षित है और किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्षम एवं तैयार है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की युद्ध या आपदा जैसी स्थिति की आशंका पर घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि प्रशासन पर विश्वास बनाए रखें। समाहरणालय सभागार में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन की तैयारियों का आकलन करने के लिए 15 जुलाई 2026 को शाम 7 बजे जिले में वृहद मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इसके तहत ब्लैकआउट अभ्यास भी होगा। मॉक ड्रिल के लिए उषा पेट्रोल पंप एवं मेडिकेंट हॉस्पिटल को चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि अभ्यास के दौरान शहर में निर्धारित समय तक ब्लैकआउट रहेगा। आम नागरिकों से अपील की गई है कि मॉक ड्रिल के दौरान अपने घरों और प्रतिष्ठानों की बाहरी लाइटें बंद रखें। यदि कोई वाहन चला रहा हो तो वाहन सुरक्षित स्थान पर रोककर उसकी लाइट भी बंद कर दें। उपायुक्त ने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय तथा त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण करना है। आपात स्थिति की सूचना मिलते ही जिला दंडाधिकारी इंसीडेंट कमांडर की भूमिका निभाएंगे और कुछ ही सेकंड में सिविल डिफेंस, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन सेवा तथा अन्य संबंधित विभागों को संदेश भेजा जाएगा।

## 16वीं जूनियर राज्य तैराकी प्रतियोगिता के लिए 19 जुलाई को होगा बोकारो टीम का चयन ट्रायल



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** तैराकी के क्षेत्र में प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर उपलब्ध हुआ है। 24 से 26 जुलाई 2026 तक रांची के होटवार स्थित वीर बुद्ध भगत एक्वेटिक स्टेडियम में 16वीं जूनियर एवं सब-जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता के लिए बोकारो जिला टीम के चयन हेतु 19 जुलाई को सेक्टर-4 स्थित डीपीएस बोकारो के स्विमिंग पूल में चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा।

बोकारो जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ० ए० एस० गंगवार ने बताया कि चयन ट्रायल सभी के लिए खुला रहेगा। इसमें जिले के किसी भी विद्यालय, क्लब, ग्रामीण क्षेत्र अथवा स्वतंत्र प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागियों को सुबह 7 बजे तक रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अपना पहचान-पत्र, पता प्रमाण तथा स्विमिंग कॉस्ट्यूम साथ लाना अनिवार्य होगा। चयन ट्रायल के दौरान फ्रीस्टाइल, बैकस्ट्रोक, ब्रेस्टस्ट्रोक, बटरफ्लाई, व्यक्तिगत मेडले, फ्रीस्टाइल रिले तथा मेडले रिले स्पधाओं में खिलाड़ियों का प्रदर्शन परखा जाएगा।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तैराकों को बोकारो जिला टीम में स्थान दिया जाएगा, जो रांची में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। डॉ० गंगवार ने बताया कि ट्रायल के दिन प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि बोकारो जिला तैराकी संघ लगातार युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का कार्य कर रहा है। जिले के तैराक विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को चयन ट्रायल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## नशामुक्त समाज के निर्माण का लिया संकल्प, जागरूकता अभियान में बच्चों ने बढ़-चढ़कर निभाई भागीदारी



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, अंगवाली में शनिवार को बाल कल्याण फाउंडेशन के तत्वावधान में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष अमित कुमार कश्यप ने की। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों और समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित करना था।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर अनुशासित जीवन जीने, शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित शिक्षक हेमंत कुमार धान, रामाकांत दास, अजय कुमार, पूजा देवी, अनामिका कुमारी एवं अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन को बर्बाद कर देता है।

उन्होंने बच्चों से अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। बाल कल्याण फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि किशोरावस्था में नशे की लत बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास पर गंभीर दुष्प्रभाव डालती है। इसलिए परिवार, विद्यालय और समाज की संयुक्त जिम्मेदारी है कि बच्चों को सही मार्गदर्शन, सकारात्मक वातावरण और नैतिक शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आत्मरक्षा, आत्मविश्वास तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया तथा अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का संकल्प दोहराया।

## डीपीएस चास में खुलेगा बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ का पहला प्रशिक्षण केंद्र



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ ने जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल, चास में अपना पहला आधिकारिक बास्केटबॉल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है। इस केंद्र का उद्देश्य बोकारो, चास एवं चंदनकियारी क्षेत्र के बच्चों को उच्चस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण बास्केटबॉल प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। यहां अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को आधुनिक तकनीक, खेल कौशल और प्रतियोगितात्मक तैयारी का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि जिले के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। डीपीएस चास की निदेशक-सह-प्राचार्या मनीषा तिवारी ने कहा कि विद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है कि संघ ने अपने पहले प्रशिक्षण केंद्र के लिए डीपीएस चास का चयन किया है। इससे विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ चंदनकियारी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी तकनीकी प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों में बढ़ती मोबाइल फोन की लत एक गंभीर चुनौती है। ऐसे में यह प्रशिक्षण केंद्र बच्चों को खेल मैदान से जोड़ने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। संघ के अध्यक्ष सतेन्द्र नारायण सिंह एवं सचिव कन्हैया प्रसाद ने बताया कि बोकारो के खिलाड़ी लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं तथा झारखंड टीम में अपनी जगह बना रहे हैं।

## जून में 595 मामलों का निष्पादन, बेहतर कार्य करने वालों को एसपी ने सराहा



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को पुलिस कार्यालय में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक पुलिस अधीक्षक चास, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, अंचल निरीक्षक तथा सभी थाना एवं ओपी प्रभारी शामिल हुए। इस दौरान जून-2026 में जिले की कानून-व्यवस्था, कांडों के निष्पादन, वारंट तामिला, पासपोर्ट तथा चरित्र सत्यापन कार्यों की समीक्षा की गई। बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों की सराहना की गई, जबकि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी गई। समीक्षा में बताया गया कि जून माह में जिले में 340 नए मामले दर्ज हुए, जबकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 595 पुराने एवं नए कांडों का निष्पादन किया। इनमें महिला अपराध, गुमशुदगी, हत्या, पॉक्सो, अवैध खनन तथा साइबर अपराध से जुड़े कई महत्वपूर्ण मामले शामिल हैं। प्रभावी अनुसंधान और सशक्त पैरवी के कारण विभिन्न मामलों में 44 अभियुक्तों को न्यायालय से सजा दिलाई गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भी विशेष अभियान चलाया गया। स्कूलों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर जागरूकता अभियान के साथ 4,063 वाहनों का चालान काटकर 59.96 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

## शिक्षक संघ ने साहित्यकार अजय यतीश को किया सम्मानित



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** साहित्य समाज का दर्पण होता है और एक सच्चा रचनाकार अपनी लेखनी से उस दर्पण को हर पल साफ करता रहता है, ताकि समाज का वास्तविक चेहरा देखा जा सके। बोकारो के बारी कोऑपरेटिव स्थित वास्तु विहार प्रोजेक्ट - 7 में रहने वाले राज्य के जाने-माने वरिष्ठ साहित्यकार अजय यतीश के आवास पर सोमवार को एक ऐसा ही आत्मीय और वैचारिक रूप से समृद्ध नजारा देखने को मिला। मौका था झारखंड +2 शिक्षक संघ, बोकारो के जिला सचिव डॉ. अवनीश कुमार झा के आगमन का। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान डॉ. झा ने समग्र शिक्षक समाज की ओर से अजय यतीश को अंगवस्त्र एवं प्रतीक के रूप में एक 'लेखनी' भेंटकर सम्मानित किया। पेशे से शल्य चिकित्सा सहायक (सर्जिकल असिस्टेंट) रहे अजय यतीश ने जीवनभर जहां अस्पतालों में इंसानी शरीरों के घाव भरे, वहीं विगत लगभग तीस वर्षों से वे अपनी अनवरत साहित्य रचना के माध्यम से जनमानस की आत्मा को ज्ञान और चेतना की रसधार से आनंदित कर रहे हैं। मौके पर डॉ. अवनीश कुमार झा ने श्री यतीश द्वारा रचित विपुल साहित्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की और पूरे झारखंड +2 शिक्षक संघ, बोकारो परिवार की तरफ से उन्हें उनकी कालजयी साहित्यिक रचनाओं के लिए अग्रिम बधाई व ढेरों शुभकामनाएं दीं। डॉ. झा ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु जीवन और मंगलमय भविष्य की कामना की, ताकि समाज को उनका मार्गदर्शन मिलता रहे। भावुक क्षणों के बीच, वरिष्ठ साहित्यकार अजय यतीश ने अपनी इस लंबी और प्रेरणादायी यात्रा में हर मोड़ पर साथ देने के लिए अपने परिवार एवं इष्टजनों (शुभचिंतकों) के प्रति गहरा आभार प्रकट किया।

### हंगामे की तपिश में बंद हुआ सेहत और रोजगार का द्वार

# ट्रेनीज हॉस्टल मैदान बंद होने से भड़का आक्रोश, नगर प्रशासन के खिलाफ आज होगा जुटान




झारखंड दर्शन संवाददाता

बोकारो। बोकारो स्टील सिटी के प्रशासनिक और औद्योगिक गलियारों में इन दिनों तनाव का माहौल चरम पर है। पिछले दिनों ठेकेदार द्वारा एक इंजीनियर के साथ की गई मारपीट और उसके बाद बीएसएल के सुरक्षा अधिकारी द्वारा मेस के कर्मियों के साथ की गई कथित बदसलूकी की घटना ने पूरे शहर को हिलाकर रख दिया है। लेकिन, इस पूरे विवाद का सबसे दुखद और हैरान करने वाला पहलू अब सामने आया है, जहां इस आपसी हंगामे की सीधी गाज शहर के होनहार खिलाड़ियों, युवाओं और आम जनता पर गिरा दी गई है। तनावपूर्ण माहौल का हवाला देकर प्रबंधन द्वारा सेक्टर-3 ट्रेनीज हॉस्टल परिसर को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। पिछले लगभग चार दिनों से इस ऐतिहासिक हॉस्टल परिसर के दोनों मुख्य प्रवेश द्वारों पर ताला लटका दिया गया है, जिससे विभिन्न सेना और पुलिस बहाली की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों, खिलाड़ियों तथा सुबह-शाम फिटनेस के लिए टहलने व व्यायाम करने आने वाले स्थानीय लोगों का प्रवेश पूरी तरह बाधित हो चुका है। विवाद अधिकारियों और ठेकेदारों के बीच हुआ, लेकिन उसकी सजा भुगतने को मजबूर हैं वे युवा जो देश सेवा का सपना आंखों में लिए सुबह चार बजे से पसीना बहाते हैं।

बहाली युवा संघ के प्रतिनिधियों ने युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए स्थानीय विधायक महोदय से लेकर सेल के कई आला अधिकारियों और संबंधित नगर प्रशासन विभाग से लगातार बातचीत की और बीच का रास्ता निकालने का हरसंभव अनुरोध किया। युवाओं ने यहां तक प्रस्ताव दिया कि यदि सुरक्षा सर्वोपरि है।

## संस्कार भारती की बैठक में गुरु पूर्णिमा पर काव्यांजलि और अगस्त में 'वंदे मातरम' प्रतियोगिता का निर्णय



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** साहित्य एवं ललित कलाओं की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक रविवार शाम सेक्टर-4 एफ स्थित सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमरजी सिन्हा ने की, जबकि संचालन जिला सचिव स्वरूप शेखर पांडेय ने किया। बैठक में मंत्री अर्चना चौधरी, साहित्य कला प्रमुख अरुण पाठक एवं क्रांति श्रीवास्तव, नाट्य कला प्रमुख शंभु झा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के ध्येय गीत 'साधयति संस्कार भारती, भारते नवजीवनम्...' के सामूहिक गायन से हुई। बैठक में आगामी 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर काव्यांजलि सह गुरु सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साहित्य कला प्रमुख अरुण पाठक ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं सुझाव प्रस्तुत किए। इसके अलावा, 'वंदे मातरम्' गीत की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अगस्त माह में इसी विषय पर केंद्रित अंतर-विद्यालय गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की संयोजक क्रांति श्रीवास्तव ने इसकी विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में दिसंबर माह में नाट्य प्रतियोगिता आयोजित करने पर भी सहमति बनी।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 14 जुलाई 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### सर्पदंश से युवक की मौत, परिजनो का रो-रोकर बूरा हाल



**चतरा।** सिमरिया प्रखंड के बगरा पंचायत अंतर्गत गड़खेलवा टोला निवासी 25 वर्षीय फिरोज कुमार भोगता, पिता कोमल सिंह भोगता, की रविवार को सर्पदंश से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार फिरोज कुमार भोगता रात में अपने घर पर सो रहे थे। इसी दौरान एक विषैले सांप ने उन्हें डंस लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उन्हें आनन-फानन में सदर अस्पताल, चतरा लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हजारीबाग रेफर कर दिया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिरोज कुमार भोगता की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी, बच्चों तथा अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गड़खेलवा टोला में शोक और मातम का माहौल है। परिजनों ने जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार से आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांवों में जागरूकता अभियान चलाने, पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध कराने तथा त्वरित चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### रोड सेफ्टी बैठक में शामिल होने जा रहे भाजपा युवा नेता श्रीनिवास सिंह पुलिस हिरासत में



**चतरा।** भाजपा के युवा नेता एवं हंटरगंज निवासी श्रीनिवास सिंह को सोमवार को रांची के कांके थाना क्षेत्र में पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि वह चतरा जिला मुख्यालय में आयोजित रोड सेफ्टी संबंधी बैठक में भाग लेने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान कांके पुलिस ने उन्हें रोककर हिरासत में ले लिया।पुलिस ने अब तक उन्हें हिरासत में लेने के कारणों का आधिकारिक खुलासा नहीं किया है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार हंटरगंज थाना में दर्ज एक पुराने मामले के सिलसिले में यह कार्रवाई की गई है। पुलिस की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार, पिछले करीब एक महीने से श्रीनिवास सिंह खनन विभाग के पदाधिकारी तथा वन विभाग के डीएफओ पर कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए लगातार आवाज उठा रहे थे। पुलिस का पक्ष सामने आने के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। वहीं, श्रीनिवास सिंह को हिरासत में लिए जाने की सूचना के बाद उनके समर्थकों में चर्चा का माहौल है।

### 16 जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा सीएन इंटर कॉलेज दुगदा का स्थापना दिवस



**चंद्रपुरा।** सीएन इंटर कॉलेज, दुगदा का स्थापना दिवस 16 जुलाई को हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को कॉलेज परिसर में उप-प्राचार्य शादाब तरन्नुम की अध्यक्षता में शिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, वृक्षारोपण अभियान तथा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज के प्राचार्य कमलेश ठाकुर ने कहा कि स्थापना दिवस संस्थान के गौरवशाली इतिहास और उसकी उपलब्धियों का प्रतीक है।बैठक में प्रो० कीर्ति चतुर्वेदी, प्रो० रेखा सिंह, प्रियंका राय, ओ० पी० शर्मा, कुंदन शर्मा, एस.एन. पांडेय, पूजा कुमारी, बब्लू कुमार सहित कॉलेज के कई शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. बीएन झा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, कुएं से मिला शव; शहर में शोक की लहर



**गिरिडीह।** शहर के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ० बी० एन. झा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से पूरे शहर में शोक और सनसनी का माहौल है। सोमवार को उनका शव लखारी स्थित एक कुएं से बरामद होने के बाद क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची तथा स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। शव बरामद होने के बाद पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटनास्थल पर फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाने के साथ-साथ पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ भी शुरू कर दी है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि डॉ० झा किन परिस्थितियों में कुएं तक पहुंचे और उनकी मौत कैसे हुई। प्राथमिक जांच में फिलहाल किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी माना जा रहा है। पुलिस दुर्घटना, आत्महत्या और हत्या तीनों संभावनाओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा मृतक के परिजनों और परिचितों से भी पूछताछ की जा रही है।

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

झारखंड दर्शन संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति तथा जिला स्तरीय समीक्षा एवं सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की प्रगति, वित्तीय समावेशन तथा ऋण वितरण की समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त रवि आनंद ने कहा कि वित्तीय समावेशन राज्य एवं केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी बैंक शाखाओं को प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत खोले गए खातों में शत-प्रतिशत आधार संख्या जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे वित्तीय धोखाधड़ी की संभावनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा तथा लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से पहुंचेगा। उपायुक्त ने बैंक मित्रों को सक्रिय भूमिका निभाते हुए पात्र लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा उन्हें बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने का निर्देश दिया।

उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत कुछ बैंकों की शून्य प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित बैंक अधिकारियों को शीघ्र प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया। बैठक में वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण वितरण की प्रगति तथा इसमें आ रही बाधाओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि कृषि, स्वरोजगार, लघु उद्योग एवं अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकें।

बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि जिले का वर्तमान ऋण-जमा अनुपात 31.54 प्रतिशत है, जो निर्धारित 40 प्रतिशत के लक्ष्य से कम है। इस पर उपायुक्त ने सभी बैंक अधिकारियों को ऋण वितरण में तेजी लाने, पात्र लाभुकों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की निदेशक अलका कुमारी, भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के जिला विकास प्रबंधक, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी के जिला परियोजना प्रबंधक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एसआईआर-2026 के ऑनलाइन प्रपत्रों के सत्यापन को लेकर टीम को दिया गया प्रशिक्षण



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बेरमो।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) के तहत सोमवार को बेरमो प्रखंड कार्यालय में ऑनलाइन प्राप्त प्रपत्रों के सत्यापन के लिए गठित टीम को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी संजीत कुमार सिंह ने की। प्रशिक्षण के दौरान ऑनलाइन प्राप्त प्रपत्रों की जांच एवं सत्यापन की प्रक्रिया, अभिलेखों के संधारण तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य निष्पादन से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने टीम के सदस्यों को सत्यापन कार्य के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं और दिशा-निर्देशों से भी अवगत कराया। सीओ संजीत कुमार सिंह ने प्रतिनियुक्त कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि एसआईआर-2026 के अंतर्गत सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को त्रुटिरहित एवं विश्वसनीय बनाने में सभी कर्मियों की सक्रिय और जिम्मेदार भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सत्यापन टीम को ऑनलाइन प्राप्त प्रपत्रों की जांच के दौरान पूरी सावधानी बरतने तथा निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने की हिदायत दी।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर चतरा सदर अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य मेले का आयोजन

झारखंड दर्शन संवाददाता



**चतरा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सोमवार को चतरा सदर अस्पताल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत परिवार स्वास्थ्य मेला एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी एवं सिविल सर्जन डॉ. सत्येंद्र कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी ने कहा कि स्वस्थ एवं समृद्ध समाज के निर्माण के लिए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने लोगों से ह्यछोटा परिवार-सुखी परिवार की अवधारणा को अपनाने और परिवार नियोजन के प्रति जागरूक होने की अपील की। सिविल सर्जन डॉ० सत्येंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि सुरक्षित मातृत्व, नवजात शिशुओं का बेहतर स्वास्थ्य तथा जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए परिवार नियोजन के साधनों का सही उपयोग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ उठाकर प्रत्येक परिवार स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की ओर अग्रसर हो सकता है।

सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ० पंकज कुमार ने भी लोगों को परिवार नियोजन के विभिन्न उपायों, सुरक्षित मातृत्व तथा बच्चों के बीच उचित अंतराल बनाए रखने के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के जन्म के बीच उचित अंतराल रखने से मां और शिशु दोनों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है। स्वास्थ्य मेले के दौरान आमजनों को परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों, परामर्श सेवाओं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं तथा स्वास्थ्य जांच की सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने उपस्थित लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया।

## पार्किंग व्यवस्था की मांग को लेकर ऑटो चालकों ने 16 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल का किया ऐलान

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली गेट स्थित दुर्गा मंडप परिसर में सोमवार को फुसरो नगर क्षेत्र के ऑटो चालकों की बैठक संघ के अध्यक्ष रणधीर राम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बेरमो पुलिस द्वारा सड़क किनारे ऑटो खड़ा करने पर चालान काटने की चेतावनी को लेकर चालकों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 जुलाई को ऑटो चालक प्रतिनिधिमंडल बेरमो विधायक जयमंगल सिंह से मुलाकात कर स्थायी पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग करेगा। यदि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो 16 जुलाई से फुसरो नगर क्षेत्र के ऑटो चालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। फुसरो ऑटो चालक संघ के अध्यक्ष रणधीर राम एवं राजीव कुमार ने कहा कि बेरमो पुलिस द्वारा फुसरो बाजार में सड़क किनारे ऑटो खड़ा नहीं करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को पुलिस ने कई ऑटो चालकों को रोककर उनके वाहनों की तस्वीरें लीं, जिससे चालकों में चालान काटे जाने का भय व्याप्त है। चालकों ने कहा कि वे मात्र 10-10 रुपये किराया लेकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ऐसे में यदि उन्हें निर्धारित स्थान पर ऑटो लगाने की अनुमति नहीं मिलेगी, तो उनके रोजगार पर सीधा असर पड़ेगा। उनका कहना है कि पुलिस निर्मल महतो चौक पर ऑटो खड़ा करने की बात कह रही है, लेकिन वहां सभी ऑटो के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है। ऑटो चालकों ने यह भी आरोप लगाया कि जिस स्थान पर वे वर्षों से अपने वाहन खड़े करते आ रहे हैं, वहां पहले से ही सब्जी एवं फल विक्रेताओं का कब्जा है। उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती, जबकि केवल ऑटो चालकों को ही निशाना बनाया जा रहा है।

## 14 जुलाई को सभी मतदान केंद्रों पर बीएलए-2 के साथ होगी बैठक

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बेरमो।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत मंगलवार, 14 जुलाई को सभी मतदान केंद्रों पर बीएलए-2 के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में सोमवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बेरमो अंचलाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने अपने कार्यालय में बैठक कर आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन में बीएलए-2 की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान मतदाता सूची के अद्यतन, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने, त्रुटियों के सुधार तथा आवश्यक प्रपत्रों के सत्यापन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। सीओ संजीत कुमार सिंह ने सभी संबंधित बीएलए-2 को निर्धारित समय पर अपने-अपने मतदान केंद्रों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर बैठक में भाग लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके और निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो। बैठक के दौरान पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की गई। इस अवसर पर फुसरो नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, वार्ड पार्षद रमेश स्वर्णकार, चंद्र प्रकाश सिंह, उमेश महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसआईआर प्रक्रिया का कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने लिया जायजा, पात्र मतदाताओं का नाम नहीं कटने पर दिया जोर

झारखंड दर्शन संवाददाता



**चंद्रपुरा।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत चल रही मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जवाहरलाल महथा ने सोमवार को चंद्रपुरा प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से कार्य करने का निर्देश दिया। जिला अध्यक्ष ने प्लस टू हाई स्कूल दुगदा, मध्य विद्यालय दुगदा कोल वाशरी, घटियारी सहित कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने तथा संशोधन की प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि एसआईआर के नाम पर किसी भी पात्र मतदाता का नाम जानबूझकर नहीं हटाया जाना चाहिए। प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो तथा बीएलओ पूरी निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निरीक्षण से पूर्व दुगदा स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में कांग्रेस कार्यकताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में एसआईआर अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला अध्यक्ष ने कार्यकताओं को घर-घर जाकर मतदाताओं को एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी देने, आवश्यक प्रपत्र भरवाने में सहयोग करने तथा लोगों को समय पर आवेदन जमा कराने के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया। मौके पर चंद्रपुरा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभु दयाल सिंह, प्रेम राय, रूपलाल गोप, उमेश शर्मा, प्रेमचंद रविदास, गणेश दास, विश्वनाथ दयाल राम, डेगलाल यादव, विमलेश सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चतरा में भाजपा की मासिक संगठनात्मक बैठक संपन्न, संगठन विस्तार व प्रवास कार्यक्रम पर बनी रणनीति

झारखंड दर्शन संवाददाता



**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी के चतरा जिला कार्यालय में रविवार को जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता की अध्यक्षता में मासिक संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश मंत्री एवं चतरा जिला प्रभारी डॉ० अमरदीप यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ० अमरदीप यादव ने संगठन को बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल एवं जिला स्तर तक और अधिक सशक्त तथा सक्रिय बनाने पर जोर दिया। उन्होंने चतरा जिले के सभी मंडलों में जिला पदाधिकारियों के दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम तथा मंडल पदाधिकारियों के शक्ति केंद्र स्तर पर प्रवास कार्यक्रम निर्धारित कर उसे प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आगामी संगठनात्मक गतिविधियों एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि क्षेत्र के सांसद एवं विधायक प्रत्येक माह एक दिन भाजपा जिला कार्यालय में बैठकर पार्टी कार्यकताओं की समस्याएं सुनेंगे, उनके सुझाव प्राप्त करेंगे तथा उनके समाधान का प्रयास करेंगे। इस प्रस्ताव का सभी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। बैठक में जिला महामंत्री कपिल पासवान एवं डॉ० मृत्युंजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष रूबी वर्मा, विद्यासागर आर्य, कपिल दांगी, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, सुबोध सिंह 'गुड्डू', प्रेमचंद यादव, जिला मंत्री चंपा शबरी, मोर्चा अध्यक्ष सुनील चौरासिया सहित जिले के सभी पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## मजदूरों की सुविधाओं में नहीं होगी कोई कटौती : महाप्रबंधक

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल के बीएंडके क्षेत्र स्थित ऑफिसर्स क्लब, करगली में सोमवार को महाप्रबंधक संजय कुमार झा की अध्यक्षता में क्षेत्रीय कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों का पौधा भेंट कर स्वागत करने के साथ हुई।

बैठक में श्रमिकों एवं श्रमिक कॉलोनियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख मुद्दों में पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, सड़क एवं पुल निर्माण, श्रमिक आवासों की मरम्मत, क्षेत्रीय अस्पताल में चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल कर्मियों की कमी दूर करना, जर्जर सड़कों एवं नालियों का निर्माण, स्कूल बस की सुविधा तथा मेडिकल स्मार्ट कार्ड जैसी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विचार-विमर्श किया गया।

महाप्रबंधक संजय कुमार झा ने कहा कि बैठक में पारित सभी प्रस्तावों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मजदूरों की सुख-सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कटौती नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि श्रमिकों की मेहनत, समर्पण और बेहतर कार्य संस्कृति के कारण ही बीते वित्तीय वर्ष में बीएंडके क्षेत्र ने 1,100 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया। वहीं चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक क्षेत्र को 150 करोड़ रुपये का लाभ प्राप्त हो चुका है।

## वन विभाग के ट्रेंच से कुंदा-अखरा बायपास मार्ग बंद, हजारों ग्रामीणों का आवागमन ठप

झारखंड दर्शन संवाददाता



**कुंदा।** एक ओर राज्य सरकार सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य सड़क नेटवर्क से जोड़ने के लिए लगातार सड़क निर्माण पर जोर दे रही है, वहीं दूसरी ओर वन विभाग द्वारा कुंदा-अखरा बायपास सड़क पर ट्रेंच काटे जाने से हजारों ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने रविवार को वन विभाग की इस कार्रवाई का विरोध करते हुए अविलंब सड़क को चालू कराने की मांग की। बताया जाता है कि वन विभाग ने अखरा-जगरनाथपुर तथा टिकैतबांध मुख्य मार्ग पर पौधारोपण कार्य के लिए चार दिन पूर्व ट्रेंच खोद दिया, जिससे यह सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो गई है। यह मार्ग स्थानीय लोगों के बीच कुंदा बायपास सड़क के नाम से प्रसिद्ध है और कुंदा से प्रतापपुर मुख्य सड़क पर जाम या अन्य कारणों से आवागमन बाधित होने की स्थिति में इसी रास्ते का उपयोग किया जाता है। सड़क बंद होने से अखरा, टिकैतबांध, टिकुलिया, पचरुखिया, नावाडीह, जगरनाथपुर, मोहनपुर, कुंदा, कुशुमभा, चुटिघाट, ककहिया समेत एक दर्जन से अधिक गांवों के करीब पांच हजार लोगों का आवागमन प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बंद होने के कारण उन्हें प्रतापपुर, चतरा और बिहार जाने के लिए लगभग 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### भूली में स्व. नंद किशोर तिवारी की 21 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**भूली।** भूली ए ब्लॉक मार्केट स्थित बिहार कोलियरी कामगार यूनियन कार्यालय में रविवार को स्वर्गीय नंद किशोर तिवारी की 21 वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अरविंद तिवारी ने तथा संचालन राजबली तिवारी ने किया। सभा में असंगठित मजदूर मोर्चा के केंद्रीय सचिव पवन महतो ने स्व. नंद किशोर तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में पवन महतो ने कहा कि स्व. नंद किशोर तिवारी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार थे। उनके संघर्षों का प्रभाव पूरे भूली एवं आसपास के क्षेत्रों में जनआंदोलन के रूप में दिखाई देता था। उनके प्रयासों से श्रमिक नगरी में स्ट्रीट लाइट, सड़क, पुल-पुलिया तथा जर्जर आवासों की मरम्मत जैसे कई जनहित के कार्य हुए। श्रद्धांजलि सभा में पार्षद देवाशीष पासवान, निरंजन महतो, भोला चौहान, अर्जुन महतो, मकरध्वज महतो, संतोष सिंह, मुन्ना पांडे, ललन पांडे, वशिष्ठ पांडे, हरिशंकर तिवारी, अंबरकलश तिवारी, पिंकू दत्ता, राजदेव प्रसाद, प्रह्लाद पासवान, मनमोहन यादव, प्रशांत कुमार, गोलू उपाध्याय, अरदेंदु दत्ता, लाल रजक, मोनू रजक, छोटू रजक, कुंदन लाल, जगदीश रजक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सुगियाडीह मोड़ पर अधिकृत कट की मांग, ग्रामीणों ने विधायक मथुरा महतो को सौंपा ज्ञापन

**धनबाद।** हीरक रोड के आठ लेन स्थित सुगियाडीह मोड़ पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी अरुण सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से टुंडी के विधायक मथुरा महतो उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत ग्रामीणों ने विधायक मथुरा महतो को एक ज्ञापन सौंपकर आठ लेन सड़क पर सुगियाडीह मोड़ के समीप अधिकृत कट बनाए जाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि कट नहीं होने के कारण लोगों को अवैध रूप से सड़क पार करनी पड़ती है, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। विधायक मथुरा महतो ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि वे इस विषय पर शीघ्र ही जिला उपायुक्त से वार्ता करेंगे तथा समस्या के समाधान का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जनहित और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यहां शीघ्र अधिकृत कट बनाया जाना आवश्यक है। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने एक स्वर में सरकार से मांग की कि जनसुरक्षा के हित में सुगियाडीह मोड़ पर जल्द से जल्द अधिकृत कट की व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### रोटी बैंक यूथ क्लब ने स्वर्गीय राम सिंह को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**धनबाद।** मानव सेवा के लिए समर्पित संस्था रोटी बैंक यूथ क्लब की ओर से रविवार सायंकाल भोजन वितरण स्थल पर स्वर्गीय राम सिंह की पावन स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारियों, सदस्यों, महिला सदस्यों, स्वयंसेवकों तथा गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। क्लब के सदस्य नीलकमल खवास ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय राम सिंह सरल, संवेदनशील एवं समाज हित के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के धनी थे। वे रोटी बैंक यूथ क्लब के प्रत्येक जनसेवा अभियान में सदैव सक्रिय सहयोगी रहे और जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनका सेवा-भाव, स्नेह और सहयोग आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा तथा समाज उन्हें सदैव सम्मान के साथ स्मरण करेगा। सभा के दौरान उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ललिता सिंह के समाजसेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान का भी विशेष उल्लेख किया गया। वक्ताओं ने कहा कि श्रीमती सिंह ने 52 वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनका सेवा-समर्पण निस्वार्थ सामाजिक दायित्व का उत्कृष्ट प्रतीक है और समाज के लिए प्रेरणादायी है।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि रोटी बैंक यूथ क्लब इस कठिन समय में परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति एवं धैर्य प्रदान करें। कार्यक्रम का समापन मानव सेवा के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने राजस्व संग्रहण की समीक्षा की

# समयबद्ध म्यूटेशन व प्रमाण-पत्र निष्पादन के दिए निर्देश



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के प्रमंडलीय आयुक्त श्री विजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण, राजस्व न्यायालय, आंतरिक संसाधन तथा एसआईआर- 2026 सहित विभिन्न विषयों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रहण की प्रगति की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने समयबद्ध ढंग से दाखिल-खारिज और विभिन्न प्रमाण-पत्रों के आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में जिले की उल्लेखनीय प्रगति पर जिला प्रशासन की सराहना की। प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राजस्व संग्रहण में वृद्धि आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित करने तथा विभागीय नियमों एवं योजनाओं की पूरी जानकारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में खनन, वाणिज्य कर, परिवहन, उत्पाद, निबंधन, नगर निगम, कृषि, मत्स्य, विद्युत आपूर्ति, ई-रेवेन्यू कोर्ट तथा डीएमएफटी सहित विभिन्न विभागों की राजस्व प्रगति की समीक्षा की गई। विभागीय अधिकारियों ने वार्षिक लक्ष्य और अब तक की उपलब्धियों की जानकारी दी। आयुक्त ने लंबित दाखिल-खारिज मामलों पर नाराजगी जताते हुए सभी अंचल अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिना ठोस कारण म्यूटेशन लंबित रखना उचित नहीं है। साथ ही सरकारी भूमि की सुरक्षा, नियमित हल्का निरीक्षण तथा जाति, आवासीय, आय सहित अन्य प्रमाण-पत्रों का समय पर निर्गमन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बड़े बकाएदारों के विरुद्ध कार्रवाई तेज करने, परिवहन विभाग को सघन जांच अभियान चलाने, वाणिज्य कर विभाग को कर चोरी रोकने तथा खनन विभाग को अवैध खनन एवं अवैध खनिज परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीएमएफटी की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी दी। इस पर प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि धनबाद जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है और सरकार की मंशा के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में सफलता प्राप्त की है।

बैठक में एसआईआर-2026 की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने गणना प्रपत्रों के वितरण के साथ उनके डिजिटाइजेशन में तेजी लाने तथा शहरी क्षेत्रों में सुनियोजित कार्ययोजना बनाकर अभियान को गति देने का निर्देश दिया। बैठक से पूर्व उपायुक्त श्री आदित्य रंजन ने सर्किट हाउस में प्रमंडलीय आयुक्त का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

### ईस्ट बसुरिया में असंगठित मजदूर मोर्चा की बैठक संपन्न

**तेतुलमारी।** ईस्ट बसुरिया के केडीएस-2 नया डिपो में असंगठित मजदूर मोर्चा की बैठक अरदेंदु दत्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से असंगठित मजदूर मोर्चा के केंद्रीय सचिव पवन महतो तथा बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के शाखा सचिव भोला चौहान उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए पवन महतो ने कहा कि आने वाले समय में ईस्ट बसुरिया के असंगठित मजदूरों को अपने अधिकारों के लिए बड़े संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक टोला और बस्ती में असंगठित मजदूरों की समितियों का गठन किया जाएगा, जिससे संगठन को मजबूत किया जा सके और मजदूरों की लड़ाई प्रभावी ढंग से लड़ी जा सके। भोला चौहान ने कहा कि लंबी लड़ाई जीतने के लिए मजबूत संगठन और चट्टानी एकता आवश्यक है। उन्होंने मजदूरों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया।

## धनबाद पहुंचे प्रमंडलीय आयुक्त विजय कुमार गुप्ता



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के प्रमंडलीय आयुक्त विजय कुमार गुप्ता सोमवार सुबह धनबाद पहुंचे। सर्किट हाउस पहुंचने पर अनुमंडल दंडाधिकारी श्री लोकेश बारंगे ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके उपरांत जिला प्रशासन की ओर से प्रमंडलीय आयुक्त को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। अपने धनबाद प्रवास के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। बैठक में राजस्व संग्रहण, राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों, आंतरिक संसाधनों की स्थिति तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति पर चर्चा की जाएगी।

## मेधा सूची में चमके राजकमल के 22 विद्यार्थी, रांची में हुए सम्मानित

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** विद्या विकास समिति, झारखंड की ओर से 12 जुलाई को रांची के श्री कृष्ण चंद्र गांधी शैक्षिक नगर, कुदलुम स्थित आदित्य प्रकाश जालान बी.एड. कॉलेज में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, अशोकनगर, धनसार के 22 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्या भारती द्वारा संचालित विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में शिक्षकों और अभिभावकों के त्याग, सहयोग एवं प्रोत्साहन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सम्मानित विद्यार्थियों में कक्षा 10 वीं के मोहम्मद रेहान फजल (98%), अंकित कुमार (97.60%), रिधिमा सिंह (97.60%), आकाश कुमार (97%), प्रत्यूष हर्ष (95.80%) एवं चंचल कुमारी अग्रवाल (95.60%) शामिल हैं। कक्षा 12 वीं विज्ञान संकाय से मानसी (96.60%), शौर्य कुमार गुप्ता (95.60%), शगुन सिंह (94.80%), तृषा घोष (94.60%) तथा ऋषभ गुप्ता (94%) को सम्मानित किया गया। वाणिज्य संकाय से याशिका अग्रवाल (97%), शांभवी सिंह (95.80%), प्राची कुमारी (95.60%), सृष्टि कुमारी (95.40%), अभिषेक खंडेलवाल (95.40%), एकता जैन (95%), सौम्या राउत (94.80%) एवं संकेत गोयल (93.80%) सम्मानित हुए। कला संकाय से सृष्टि कुमारी (98%), अंशिका कुमारी (97.80%) तथा ईशा कुमारी गुप्ता (97.60%) को सम्मान मिला।प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमलनयन, पार्थ सारथी सरकार, सुमोना दीक्षित, छंदा बनर्जी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कतरास मोड़ पर ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के दौरान बवाल



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**झरिया।** धनबाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के दौरान रविवार देर शाम झरिया थाना क्षेत्र के कतरास मोड़ स्थित एक शराब दुकान के समीप उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शराबियों के एक समूह ने पुलिस की कार्रवाई का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, झरिया थाना की गश्ती टीम शराब दुकान के पास शराब पीकर जुटे लोगों और अड्डेबाजी कर रहे व्यक्तियों को वहां से हटाने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्व उग्र हो गए और पुलिस के गश्ती वाहन पर पथराव कर दिया। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई, जब उपद्रवियों ने पुलिस टीम को निशाना बनाते हुए दो सुतली बम फेंक दिए। बम विस्फोट की तेज आवाज से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी फैल गई।

घटना की सूचना मिलते ही झरिया थाना पुलिस के साथ अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए कतरास मोड़ से सिंह नगर तक पुलिस ने फ्लैग मार्च किया तथा पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। फिलहाल पुलिस उपद्रवियों की पहचान करने और घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए जांच कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। एहतियात के तौर पर पुलिस लगातार गश्त कर रही है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के मिलन समारोह में सैकड़ों कर्मी शामिल, नए सदस्यों का हुआ स्वागत



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** बीसीसीएल एरिया-4 अंतर्गत वेस्ट मोदीडीह कोलियरी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का भव्य मिलन समारोह जोनल अध्यक्ष उमाशंकर चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जोनल सह सचिव अनिल टुडू ने किया। समारोह में यूनियन के जोनल उपाध्यक्ष रतिलाल टुडू, जोनल सदस्य अजय रवानी, सतीश भट्ट, रौनक सिन्हा, अजीत चौहान तथा अमरजीत पासवान सहित बड़ी संख्या में यूनियन पदाधिकारी, बीसीसीएल कर्मी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर लखी चौहान उर्फ पिंटू के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों कर्मियों ने अन्य यूनियनों का साथ छोड़कर झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। नव सदस्यों ने संगठन की मजदूर हितैषी नीतियों, जनसेवा की भावना तथा श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विश्वास व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। यूनियन नेताओं ने सभी नव सदस्यों का पुष्पमाला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रति बढ़ता विश्वास इस बात का प्रमाण है कि मजदूर वर्ग अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एक मजबूत और संघर्षशील मंच चाहता है। प्रत्येक नए सदस्य के जुड़ने से संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा मजदूरों के सम्मान, सुरक्षा, न्याय और अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा एवं ऊर्जा मिलेगी। अपने संबोधन में नेताओं ने कहा कि मजदूरों की एकजुटता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। यदि सभी कर्मी संगठित होकर अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहें तो न केवल श्रमिकों के हितों की रक्षा होगी, बल्कि बीसीसीएल के विकास और क्षेत्र की समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने मजदूर हित, सामाजिक न्याय, संगठन की मजबूती तथा बीसीसीएल एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ बलियापुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष भाकपा का अनिश्चितकालीन धरना शुरू



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**बलियापुर।** भ्रष्टाचार, घूसखोरी तथा सरकारी योजनाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में भाकपा (माले) की बलियापुर अंचल एवं प्रखंड कमेटी के नेतृत्व में सोमवार से प्रखंड कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया। आंदोलन का शुभारंभ सिंदरी के पूर्व विधायक कॉमरेड आनंद महतो की उपस्थिति में हुआ। धरना को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि देश और समाज में अन्याय, अत्याचार तथा भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आम जनता के अधिकारों की लड़ाई में भाकपा (माले) हमेशा अग्रणी रही है और आगे भी रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार और घूसखोरी में लिप्त अधिकारियों की मनमानी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वक्ताओं ने सरकारी कार्यालयों में सक्रिय बिचौलिया व्यवस्था पर भी निशाना साधते हुए कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के बजाय उन्हें भटकाया जाता है। यदि कोई जनप्रतिनिधि या पार्टी कार्यकर्ता उनकी मदद के लिए आगे आता है तो उसे झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती है। नेताओं ने कहा कि भाकपा (माले) ऐसे किसी भी दबाव से डरने वाली नहीं है और जनता के अधिकारों की लड़ाई जारी रहेगी। धरना के पहले दिन सिंदूरपुर पंचायत के खैरवानी गांव निवासी लाभुक श्रीकांत सोरेन ने मंच से अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए उनसे 11,000 की रिश्वत ली गई, इसके बावजूद उन्हें परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन से उन्हें अपनी बात रखने का साहस मिला है और वे भ्रष्टाचार के खिलाफ इस संघर्ष में पार्टी के साथ खड़े हैं। धरना में बलियापुर प्रखंड की विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड सचिव गणेश चंद्र महतो ने की, जबकि संचालन देवाशीष पांडेय ने किया। धरना में पूर्व विधायक आनंद महतो, जिला सचिव बिंदा पासवान, गणेश महतो, आनंद महिपाल, देवाशीष पांडेय, उप प्रमुख आशा देवी, शीतल दत्ता, विजय रजक, हीरालाल मोदक, संतोष रवानी, सीमा देवी, मंगल महतो, सुनील महतो, आसित चटर्जी, देवरंजन दास, आलोक माझी, हारु बाउरी, सुरजीत चंद्रा, विषु बाउरी, दिलीप महतो, अमित बनर्जी, संजीत महतो, अर्जुन महतो, सागर मंडल, नारद कालिंदी, राजा राम रवानी, मिहिर महतो, गंगाधर कर्मकार, रजत महतो, बहादुर गोप, प्रेम महतो, आकाश महतो, सोनू महतो, शुभम सिंह, रोहित कुमार, अप्पू मिश्रा, महेंद्र निषाद, प्रकाश महतो, सूरज कर्मकार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**धरना** भुगतान और रॉयल्टी चालान व्यवस्था के विरोध में संवेदकों का एकदिवसीय धरना

# मिट्टी के लिए रॉयल्टी चालान की अनिवार्यता व्यावहारिक नहीं है



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के रणधीर वर्मा चौक पर सोमवार को संवेदकों द्वारा एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संवेदक संघ के अध्यक्ष आकाश रवानी ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ संवेदक रामनरेश सिंह ने किया। धरना के माध्यम से संवेदकों ने लंबित भुगतान, रॉयल्टी चालान व्यवस्था तथा निर्माण कार्यों में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों को लेकर सरकार और प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। धरना को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष आकाश रवानी ने कहा कि संवेदकों का भुगतान लंबे समय से लंबित है, जिससे सरकारी विकास योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इसी के विरोध में सभी संवेदकों ने स्वेच्छा से आरसीडी की निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक कोई व्यवहारिक और वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक संवेदक इसी प्रकार का विरोध जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि भुगतान नहीं मिलने से संवेदकों के समक्ष पूंजी का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है और यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो पूंजी के अभाव में सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित होगा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे वरिष्ठ संवेदक रामनरेश सिंह ने कहा कि जब तक कोई बेहतर वैकल्पिक व्यवस्था लागू नहीं होती, तब तक रॉयल्टी चालान की पूर्व व्यवस्था को बहाल किया जाना चाहिए, ताकि विकास कार्य बाधित न हों। वरिष्ठ संवेदक डब्लू झा ने कहा कि मिट्टी के लिए रॉयल्टी चालान की अनिवार्यता व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने कहा कि जिले में जितनी मात्रा में सरकारी योजनाओं में निर्माण सामग्री की आवश्यकता होती है, उतनी मात्रा में प्रशासन द्वारा रॉयल्टी चालान जारी करना संभव नहीं है। ऐसे में इस प्रकार की व्यवस्था का कोई औचित्य नहीं रह जाता।

वरिष्ठ संवेदक राजेश सिंह ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में बालू की कीमत आलू के बराबर हो गई है। उन्होंने बताया कि खनन विभाग के अधिकारी आवश्यकता पड़ने पर पड़ोसी राज्यों से सामग्री लाने की सलाह देते हैं, जबकि निविदा की बीओक्यू में लगभग 20 किलोमीटर की ही लीड स्वीकृत रहती है। ऐसे में 200 किलोमीटर दूर से सामग्री लाकर कार्य करना संवेदकों के लिए आर्थिक रूप से संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार इस व्यवस्था में सुधार नहीं करती है तो संवेदकों को न्यायालय की शरण लेनी पड़ेगी। धरना कार्यक्रम में लक्ष्मण सिंह, समीर रवानी, दीपक गोराई, राजीव सिंह, मनोज सिंह, मनोरंजन सिंह, प्रदीप चौरसिया, विकास सिंह चौधरी, दिवाकर सिंह, काशीनाथ प्रसाद, दीपक सिंह, निर्मल उपाध्यक्ष, शंकर सिंह, होरन चौधरी, राजीव रंजन, पप्पू चौरसिया, बीरेन्द्र यादव, शौकत खान, शंकर भगत, अनोज कुमार, एमडी अकबर, प्रमोद साव, ओ.पी. यादव, अजय कुमार, भागीरथ सिंह, लोहा सिंह, सुशील कुमार, मनोज सोई, उदय शर्मा, प्रवीण सिंह, रंजीत शर्मा, भूषण पासवान, शंकर दुबे, साबिर मंडल, गुड्डू सिंह, प्रहलाद यादव सहित बड़ी संख्या में संवेदक उपस्थित थे।

## प्रधानखंता रेल ओवरब्रिज का थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**बलियापुर।** बलियापुर थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने सोमवार को प्रधानखंता रेल ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे अधिकारियों से बातचीत कर निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया, ताकि बलियापुर से गोविंदपुर तक वाहनों का आवागमन जल्द सुचारू रूप से बहाल हो सके। गौरतलब है कि प्रधानखंता रेल ओवरब्रिज के हैंगरों में दरार आने तथा संभावित दुर्घटना की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर 21 मार्च 2025 से बलियापुर-प्रधानखंता-गोविंदपुर मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई थी। इसके बाद ओवरब्रिज पर बैरिकेडिंग कर दी गई और तब से अब तक भारी वाहनों का आवागमन बंद है। निरीक्षण के दौरान पूर्व मुखिया कन्हाई बनर्जी भी उपस्थित थे।

## सुभाषितम्

**परमात्मा के प्रत्येक रूप के अनुरूप अपना रूप बना लो। - ऋग्वेद**

# सुप्रीम कोर्ट की गरिमा और न्याय की संवेदना

देश की सर्वोच्च अदालत केवल एक न्यायिक संस्था नहीं है, बल्कि संविधान की आत्मा और लोकतंत्र की अंतिम आशा का केंद्र है। जब देश का कोई नागरिक हर स्तर पर न्याय की तलाश में असफल होकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाता है, तो उसके मन में यही विश्वास होता है कि यहां उसकी बात निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ सुनी जाएगी। इसी कारण सुप्रीम कोर्ट की गरिमा, मर्यादा और प्रतिष्ठा पूरे न्यायिक तंत्र की आधारशिला मानी जाती है। अदालत की गरिमा बनाए रखना जितना न्यायाधीशों और न्यायिक कर्मचारियों का दायित्व है, उतना ही वहां उपस्थित प्रत्येक अधिवक्ता, याचिकाकर्ता और नागरिक का भी कर्तव्य है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक याचिकाकर्ता वकील द्वारा न्यायाधीशों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करना, कागजात उछालना और मुख्य न्यायाधीश के लिए अपशब्द कहना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। किसी भी परिस्थिति में न्यायालय के भीतर इस प्रकार का व्यवहार स्वीकार्य नहीं कहा जा सकता। अदालत तर्क और कानून की भाषा समझती है, आक्रोश और अपमान की नहीं। यदि न्याय की लड़ाई लड़ने वाला स्वयं कानून और शिष्टाचार की सीमाएं लांघने लगे, तो न्याय व्यवस्था पर लोगों का विश्वास कमजोर होने का खतरा पैदा हो सकता है।

वकील केवल अपने मुवक्किल का प्रतिनिधि नहीं होता, बल्कि वह न्यायालय का भी अधिकारी माना जाता है। उसकी वाणी, उसका आचरण और उसका व्यवहार न्यायपालिका की गरिमा से जुड़ा होता है। इसलिए अधिवक्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे कठिन से कठिन परिस्थिति में भी संयम बनाए रखें। असहमति व्यक्त करने का अधिकार सभी को है, लेकिन असहमति और अभद्रता के बीच एक स्पष्ट रेखा होती है। उस रेखा का सम्मान करना ही लोकतांत्रिक संस्कृति और न्यायिक परंपरा की पहचान है। इस पूरे घटनाक्रम का दूसरा पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। अदालत ने वकील की याचिका खारिज कर दी, लेकिन उसके खिलाफ अवमानना की कठोर कार्रवाई नहीं की। न्यायाधीशों ने यह भी कहा कि वह व्यक्ति संभवतः अत्यधिक तनाव और मानसिक दबाव में है तथा उसकी हताशा स्पष्ट दिखाई दे रही है। यह दृष्टिकोण न्यायपालिका की मानवीय संवेदना को भी सामने लाता है। कानून केवल दंड देने का माध्यम नहीं है, बल्कि परिस्थितियों को समझने और न्याय के व्यापक उद्देश्य को ध्यान में रखने की व्यवस्था भी है।

वास्तविकता यह है कि न्याय की तलाश में अदालत तक पहुंचने वाला प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी पीड़ा, संघर्ष या अन्याय का बोझ लेकर आता है। वर्षों तक मुकदमे लड़ने, आर्थिक बोझ उठाने और बार-बार अदालतों के चक्कर लगाने के बाद जब अपेक्षित परिणाम नहीं मिलता, तब कई लोग मानसिक रूप से टूट जाते हैं। यह टूटन कभी-कभी हताशा और असंतुलित व्यवहार के रूप में सामने आती है। इसका अर्थ यह नहीं कि ऐसे व्यवहार को उचित ठहराया जाए, बल्कि यह समझना आवश्यक है कि उसके पीछे पीड़ा और निराशा का एक लंबा इतिहास भी हो सकता है।

न्यायपालिका की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता के साथ-साथ उसकी संवेदनशीलता भी है। यदि कोई व्यक्ति अदालत में अत्यधिक तनावग्रस्त दिखाई देता है, तो उसके साथ कानून के अनुसार व्यवहार करते हुए उसकी मानसिक स्थिति को भी समझना चाहिए। न्याय केवल आदेश सुनाने से पूरा नहीं होता, बल्कि यह विश्वास भी पैदा करता है कि अदालत ने व्यक्ति की बात पूरी गंभीरता से सुनी और समझी। यही विश्वास लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी है। यह भी सच है कि न्याय में विलंब, लंबी कानूनी प्रक्रिया और बढ़ते मुकदमों का बोझ कई लोगों में निराशा पैदा करता है। ऐसे में न्याय व्यवस्था को अधिक सुलभ, सरल और समयबद्ध बनाने की दिशा में लगातार प्रयास आवश्यक हैं। जब लोगों को समय पर न्याय मिलेगा, तो निराशा और असंतोष की स्थितियां भी कम होंगी। न्याय व्यवस्था का उद्देश्य केवल विवादों का निपटारा नहीं, बल्कि समाज में विश्वास और संतुलन बनाए रखना भी है। इस घटना ने एक और संदेश दिया है कि न्यायालय की गरिमा बनाए रखने में सभी की समान जिम्मेदारी है। यदि अदालत में अनुशासन समाप्त हो जाए, तो न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित होगी और इसका नुकसान अंततः आम नागरिक को ही होगा। इसलिए चाहे वह वरिष्ठ अधिवक्ता हों, नए वकील हों या स्वयं पक्षकार, सभी को यह समझना होगा कि अदालत में शब्दों का चयन, व्यवहार की मर्यादा और कानून के प्रति सम्मान सर्वोपरि है।

दूसरी ओर न्यायपालिका की उदारता भी सराहनीय है। यदि अदालत चाहती तो अवमानना की कार्रवाई कर सकती थी, लेकिन उसने संयम दिखाया और कठोर दंड देने के बजाय मामले को वहीं समाप्त करना उचित समझा। यह निर्णय बताता है कि न्याय केवल शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि विवेक, धैर्य और करुणा का संतुलित स्वरूप है। हालांकि इस उदारता का अर्थ यह नहीं लगाया जाना चाहिए कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति अदालत की गरिमा को ठेस पहुंचाने का साहस करे। कानून का सम्मान हर परिस्थिति में अनिवार्य है।

# उत्तर प्रदेश, चुनाव और हिंदुत्व



मृत्युंजय दीक्षित



अयोध्या में श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद की आड़ में सभी रामद्रोही, श्रीराम को काल्पनिक मानने वाले, रामभक्तों पर गोलियां चलवाने वाले, श्रीराम जन्मभूमि पर अस्पताल और शौचालय बनवाने की बात करने वाले रामभक्त होने का स्वांग रच रहे हैं और सोच रहे हैं कि ऐसा करके वो 2027 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मात दे देंगे। समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव, ज्योतिषपीठाधीश्वर तथाकथित शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से आशीर्वाद लेकर गो संरक्षण, सनातन परंपराओं, सामाजिक सरोकारों व समसामयिक राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा कर रहे हैं। सरस्वती से मिलने के बाद सपा मुखिया आक्रामक हैं और कहते हैं कि जो लोग भाजपा के साथ हैं वह रामघाती हैं। सपा मुखिया अपने ही जाल में फंसते दिख रहे हैं।

अखिलेश इस बार अपने आपको सनातनी दिखाने के लिए पत्नी सहित बड़े मंगल भंडारों में गए और हनुमान चालीसा का पाठ करते दिखाई दिए। यह उनके लिए दो नावों की सवारी जैसा है क्योंकि मुस्लिम तुष्टिकरण अभी भी उनकी प्रमुख रणनीति है। सपा मुखिया श्रीकृष्ण जन्मभूमि के प्रति मौन हो जाते हैं, क्योंकि इससे मुस्लिम वोट बैंक छिटकने का डर है । उनका सनातन प्रेम हिंदू समाज को बांटने की राजनीति ही है और इससे उनको अपना राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध करना है। सपा मुखिया अखिलेश यादव और उनके पिता मुलायम सिंह यादव ने हिंदुओं की आस्था के साथ इतने अधिक घृणित पाप किए हैं कि वह तथाकथित शंकराचार्य के चरणों में बैठकर भी नहीं धुलेंगे।

अभी चुनाव रैलियां शुरू होने में समय है इसलिए अखिलेश यादव राम मंदिर में चढ़ावा कांड से लेकर बद्रीनाथ धाम और मां बगलामुखी मंदिर से प्राप्त समाचारों को हवा देकर भाजपा को दबाव मे लेना चाहते हैं। उधर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी तीखे तेवर अपनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि सनातन और हिंदुत्व की पिच उनकी अपनी है और यहां कोई उनको दबाव में नहीं ले सकता।

योगी कहते हैं कि सपा ने हनुमानगढ़ी में हनुमान चालीसा पढ़वाने का पाप किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन और हिंदुत्व को लेकर अत्यंत आक्रामक हैं। वो अखिलेश और सपा के पापों का पिटारा खोलकर हिंदू समाज को सावधान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या की जनसभा में कहा कि समाज के प्रत्येक तबके ने श्री रामजन्मभूमि की मुक्ति के लिए आंदोलन और संघर्ष किया जबकि सपा और कांग्रेस के लोगों ने मंदिर निर्माण में बाधाएं खड़ी कीं। जो लोग आज आस्था की बात करते हैं याद करिए इन लोगों ने हमारे पवित्र हनुमानगढ़ी में नमाज पढ़वाने का काम किया था। आप कल्पना कीजिए कि क्या कोई जामा मस्जिद में हनुमान चालीसा का पाठ कर पाएगा। क्या इनकी सरकारें करवा पाएंगी? अगर नहीं तो अयोध्या में हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वाने का पाप क्यों करवाया?

योगी ने जनमानस को याद दिलाया कि लंबे समय तक अयोध्या अविकसित रही। पिछड़ी रही। सड़क, बिजली, पानी के लिए तरसती रही। अयोध्या आने वाले श्रद्धालु मां सरयू का आशीर्वाद नहीं ले पाते थे। अयोध्या की जनसभा में उन्होंने नगर पंचायत खिरौनी का नामकरण मां ज्वाला जी के नाम से जबकि भदरसा को भरत नगर करने की घोषणा की। अयोध्या से योगी ने सपा व अन्य कालनेमियों को स्पष्ट संदेश दिया है कि अब उन्हें, उन्हीं की भाषा में उत्तर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री का मानना है कि सपा व कांग्रेस को हिंदुओं की कोई चिंता नहीं है। ये पहला हक मुस्लिमों को देना चाहती हैं।

दरअसल चढ़ावा विवाद के बाद सपा व कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के दल इसमें अपने लिए अवसर खोज रहे हैं जबकि उनके पूर्व कर्म इतने हिंदू द्रोही रहे हैं कि वह अपने ही जाल में फंस जाते हैं। जब उत्तर प्रदेश सहित भाजपा शासित अन्य राज्य सरकारें गोवध व तस्करी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना चाहती हैं। इस पर यह लोग हल्ला मचाने लगते हैं। कोर्ट चले जाते हैं। वहीं आजकल स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ मिलकर ये गौ माता की सुरक्षा व संरक्षा के प्रति चिंता जता रहे हैं। गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग कर रहे हैं। विडंबना यह है की इन्हीं शंकराचार्य ने यूपी में बूचड़खानों के बंद होने का विरोध किया था। यदि शंकराचार्य व सपाइयों को गौ माता की वास्तविक चिंता है तो वह अपनी यात्रा दक्षिण भारत में क्यों नहीं निकालते, जहां सबसे अधिक गोवध हो रहा है। भाजपा सरकार आने से पहले जब बंगाल से गोवध की वीभत्स तस्वीरें आ रही थी तब यह शंकराचार्य और सपाई क्यों नहीं बोले थे? शंकराचार्य को यदि गौ संरक्षण करना है तो उन्हें पंजाब और झारखंड में भी अपनी यात्रा निकालनी चाहिए और बूचड़खानों की बंदी का स्वागत करना चाहिए।

वक्फ बोर्ड के मुद्दे पर योगी कहते हैं कि सनातन आस्था पर प्रहार कर रहे इन दोनों दलों की खामोशी से गिरगिट भी शर्मशार हो जाएगा। वक्फ के नाम पर प्रदेश में हजारों हेक्टेयर जमीन बेची गई। वह सवाल करते हैं कि क्या उस पर सपा और कांग्रेस एक बार भी बोली? अभी जो सपा व कांग्रेस के लोग स्वयं को सनातनी साबित करने की होड़ मचाए हुए हैं, क्या यह लोग आगामी दिनों में कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा करेंगे? विकृत मानसिकता वाले तथाकथित सेक्युलर दल कभी सनातनी बन जाते हैं कभी अच्छे हिंदू और बुरे हिंदू का विचार लेकर आ जाते हैं । वो कहते हैं कि जब अहमदाबाद उच्च न्यायालय ने 38 आतंकियों को फांसी की सजा सुनाई तब सपा ,कांग्रेस व ओवैसी को वह फैसला रास नहीं आया । जब दक्षिण भारत के राजनीतिक दल विशेषकर तमिलनाडु से स्टालिन परिवार की ओर से हिंदू सनातन समाज की तुलना डेंगू व मलेरिया आदि बताकर उनके उन्मूलन की बात की जाती है तब इन लोगों के मुंह में ताला लग जाता है।

ऐसा लग रहा है कि हिंदू आस्था का अपमान करते-करते सपा पीडीए की राजनीति से भी दूर होती चली जा रही है। वास्तविकता यह है कि बंगाल में हिंदुत्व के उभार और ममता की पराजय के बाद से सपा नेता बुरी तरह से घबरा गए हैं। विपक्ष को 2027 में ममता दीदी से बहुत आस थी वह आस ध्वस्त हो चुकी है। अब ममता की पार्टी भी कंगाल हो चुकी है। यही कारण है कि अब सपा मुखिया अखिलेश यादव सनातनी चोला पहनकर अपनी चुनावी नैया पार लगाने की जुगत में हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# संसार की दौड़ और परमात्मा




विनय कुमार तिवारी



जो दौड़-दौड़ कर भी नहीं मिलता, वह संसार है। जो बिना दौड़े मिल जाता है, वही परमात्मा है। यह एक छोटा-सा वाक्य है, लेकिन इसमें जीवन का गहन दर्शन समाहित है। मनुष्य का पूरा जीवन किसी-न-किसी उपलब्धि की तलाश में बीत जाता है। वह बचपन से ही आगे बढ़ने की शिक्षा पाता है। पढ़ाई में आगे निकलना, अच्छी नौकरी पाना, अधिक धन कमाना, बड़ा घर बनाना, समाज में प्रतिष्ठा अर्जित करना और अपने लिए सुख-सुविधाओं का विस्तार करना उसकी प्राथमिकता बन जाती है। इन सबके लिए वह निरंतर संघर्ष करता है, परंतु जितना अधिक वह संसार की ओर दौड़ता है, उतना ही उसे लगता है कि अभी बहुत कुछ पाना बाकी है। यही संसार का स्वभाव है कि वह कभी पूर्ण संतुष्टि नहीं देता। संसार में उपलब्ध हर वस्तु क्षणभंगुर है। धन आज है तो कल नहीं भी हो सकता है। पद और प्रतिष्ठा समय के साथ बदल जाते हैं। यश और प्रसिद्धि भी स्थायी नहीं होते। मनुष्य एक इच्छा पूरी करता है तो दूसरी इच्छा जन्म ले लेती है। इच्छाओं का यह सिलसिला कभी समाप्त नहीं होता। इसलिए संसार की दौड़ का कोई अंतिम पड़ाव नहीं है। यही कारण है कि अनेक लोग सब कुछ प्राप्त कर लेने के बाद भी भीतर से खाली और बेचैन दिखाई देते हैं। उनके पास साधन तो बहुत होते हैं, लेकिन शांति नहीं होती। बाहरी सफलता के बावजूद उनके मन में संतोष का अभाव बना रहता है। इसके विपरीत परमात्मा को पाने के लिए किसी दौड़ की आवश्यकता नहीं होती। परमात्मा न तो किसी बाजार में मिलता है और न ही किसी प्रतियोगिता में जीतने से प्राप्त होता है। वह तो प्रत्येक प्राणी के हृदय में विद्यमान है। उसे पाने के लिए केवल मन की निर्मलता, श्रद्धा, प्रेम और समर्पण की आवश्यकता होती है। जब मनुष्य अपने भीतर झांकता है, अपने अहंकार को छोड़ता है, लोभ और द्वेष से मुक्त होता है और अपने जीवन को सत्य एवं करुणा के मार्ग पर चलाता है, तब उसे परमात्मा का अनुभव होने लगता है। यह अनुभव किसी बाहरी उपलब्धि का परिणाम नहीं, बल्कि आत्म जागरण का फल होता है। आज का आधुनिक जीवन पहले से अधिक व्यस्त हो गया है। तकनीक ने सुविधाएं बढ़ाई हैं, लेकिन मनुष्य की बेचैनी भी बढ़ा दी है। लोग दिन-रात काम कर रहे हैं, लेकिन उनके पास स्वयं के लिए समय नहीं है। सोशल मीडिया ने तुलना की प्रवृत्ति को और अधिक बढ़ा दिया है। हर व्यक्ति दूसरे की सफलता देखकर स्वयं को पीछे समझने लगता है। परिणामस्वरूप जीवन में तनाव, चिंता और असंतोष बढ़ता जा रहा है। ऐसे समय में यह विचार हमें याद दिलाता है कि जीवन का वास्तविक आनंद बाहर नहीं, भीतर है। इसका अर्थ यह नहीं कि मनुष्य संसार का त्याग कर दे या अपने कर्तव्यों से विमुख हो जाए। भारतीय संस्कृति कभी भी कर्म छोड़ने की शिक्षा नहीं देती। भगवान श्रीकृष्ण ने भी गीता में कर्म करने का संदेश दिया है। उन्होंने बताया कि मनुष्य को अपना कर्तव्य पूरी निष्ठा से करना चाहिए, लेकिन उसके फल के प्रति अत्यधिक आसक्ति नहीं रखनी चाहिए। जब कर्म सेवा, ईमानदारी और समर्पण की भावना से किया जाता है, तब वही साधना बन जाता है और वही मनुष्य को परमात्मा के निकट ले जाता है। वास्तविक सुख संतोष में है। जिस व्यक्ति ने संतोष को अपना लिया, वह सीमित संसाधनों में भी प्रसन्न रहता है। वहीं असंतोष से भरा व्यक्ति असीम संपत्ति पाकर भी दुखी रहता है। संतोष का अर्थ यह नहीं कि मनुष्य प्रगति करना छोड़ दे, बल्कि इसका अर्थ है कि वह अपनी उपलब्धियों का आनंद लेना सीखे और जीवन में कृतज्ञता का भाव बनाए रखे। संतोष मनुष्य को भीतर से समृद्ध बनाता है और परमात्मा के निकट ले जाता है। भक्ति का वास्तविक अर्थ केवल पूजा-पाठ या मंदिर जाना नहीं है। सच्ची भक्ति तब है जब मनुष्य अपने व्यवहार में प्रेम, दया, क्षमा, सत्य और सेवा को अपनाए। जो दूसरों के दुख को समझता है, जो निस्वार्थ भाव से सहायता करता है, जो ईमानदारी और सदाचार के मार्ग पर चलता है, वही वास्तव में परमात्मा की आराधना करता है। ऐसे व्यक्ति को परमात्मा कहीं बाहर नहीं, बल्कि हर जीव और हर परिस्थिति में दिखाई देने लगता है। जीवन में धन, पद और प्रतिष्ठा आवश्यक हैं, लेकिन वे जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं हो सकते। यदि इन सबको प्राप्त करने के बाद भी मन अशांत है, तो सब कुछ अधूरा है। वहीं यदि मन शांत है, आत्मा संतुष्ट है और हृदय में ईश्वर के प्रति विश्वास है, तो सीमित साधनों में भी जीवन आनंदमय बन जाता है। परमात्मा का अनुभव किसी विशेष स्थान या समय का मोहताज नहीं है। वह हर उस हृदय में प्रकट होता है जो प्रेम, करुणा, विनम्रता और विश्वास से भरा होता है। यही कहा जा सकता है कि संसार की दौड़ कभी समाप्त नहीं होती, लेकिन परमात्मा की प्राप्ति के लिए दौड़ने की आवश्यकता नहीं है। आवश्यकता केवल अपने भीतर लौटने की है। जब मनुष्य स्वयं को पहचान लेता है, अपने मन को शांत कर लेता है और जीवन को सत्य तथा सेवा के मार्ग पर चला देता है, तब उसे यह अनुभव होता है कि जिस सुख और शांति की खोज में वह जीवनभर बाहर भटकता रहा, वह तो उसके अपने अंतर्मन में पहले से ही विद्यमान थी। यही जीवन का सबसे बड़ा सत्य है और यही इस विचार का वास्तविक संदेश भी।

# देश में विकसित संस्कृति के विकास से बढ़ा आयकर का दायरा



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

किसी भी विकसित अर्थव्यवस्था की पहचान उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) या उद्योगों की वृद्धि के साथ ही इस बात से भी होती है कि उसके नागरिक आर्थिक रूप से कितने जागरूक, जिम्मेदार और अनुशासित हैं। आज भारत में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की लगातार बढ़ती संख्या इसी सकारात्मक परिवर्तन की ओर संकेत कर रही है। निश्चित ही भारतीय जनसंख्या का यह कदम देश में विकसित होती वित्तीय संस्कृति, बढ़ती कर-अनुपालन की भावना और औपचारिक अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते समाज का प्रतिबिंब है।

आयकर विभाग द्वारा आकलन वर्ष 2026-27 के लिए अब तक 1.7 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल होने की जानकारी इस बदलाव का स्पष्ट प्रमाण है, जिसमेंकि एक ही दिन में 10 लाख से अधिक रिटर्न दाखिल किए गए हैं। यह व्यवहार आर्थिक अनुशासन का परिचायक है और विकसित देशों की कर संस्कृति से मेल खाता है।

साथ ही भारत सरकार के उन प्रयासों को भी दशार्ता है, जिसमें कि भारत में पिछले एक दशक के दौरान कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने के लिए व्यापक सुधार किए गए हैं। ई-फाइलिंग पोर्टल, प्री-फिल्ड रिटर्न, आधार-पैन एकीकरण, ऑनलाइन सत्यापन, फेसलेस असेसमेंट और त्वरित रिफंड जैसी व्यवस्थाओं ने करदाताओं की कठिनाइयों को काफी कम किया है। अब आईटीआर दाखिल करना पहले की तुलना में कहीं अधिक सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक हो गया है। यही कारण है कि पहले जो लोग आयकर प्रक्रिया से दूरी बनाए रखते थे, वे भी अब औपचारिक कर व्यवस्था का हिस्सा बन रहे हैं।

वस्तुतः आज भारत सरकार द्वारा नए आईटीआर फॉर्म में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ, शेयर बायबैक से होने वाले नुकसान और कुछ प्रकार के ट्रेडिंग लेनदेन के संबंध में अतिरिक्त जानकारी अनिवार्य किए जाने से यह भी स्पष्ट होता है कि सरकार कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। इससे कर चोरी की संभावनाएं कम होंगी और ईमानदार करदाताओं के लिए व्यवस्था अधिक विश्वसनीय बनेगी।

कहना होगा कि आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या में वृद्धि का सीधा प्रभाव प्रत्यक्ष कर संग्रह पर भी दिखाई दे रहा है। वित्त वर्ष 2026-27 की प्रारंभिक अवधि में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 14.64 प्रतिशत और सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह में 12.46 प्रतिशत की वृद्धि यह बताती है कि भारत की अर्थव्यवस्था का औपचारिक दायरा लगातार विस्तृत हो रहा है। प्रत्यक्ष कर किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए सबसे स्वस्थ राजस्व स्रोत माने जाते हैं, क्योंकि वे आय और लाभ पर आधारित होते हैं तथा आर्थिक गतिविधियों की वास्तविक स्थिति को भी प्रतिबिंबित करते हैं।

यह परिवर्तन वस्तुतः इस बात का भी प्रमाण है कि भारतीय समाज में वित्तीय साक्षरता भी तेजी से बढ़ी है। डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई, ऑनलाइन निवेश, म्यूचुअल फंड, बीमा, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और पूंजी बाजार में बढ़ती भागीदारी ने नागरिकों को अपनी आय और निवेश का व्यवस्थित रिकॉर्ड रखने के लिए प्रेरित किया है। आज युवाओं के लिए आयकर रिटर्न भरना केवल कर भुगतान का माध्यम नहीं, बल्कि उनकी वित्तीय पहचान का महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुका है। बैंक ऋण, गृह ऋण, शिक्षा ऋण, वीजा, सरकारी



निविदाओं तथा अनेक वित्तीय प्रक्रियाओं में आईटीआर की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। यही कारण है कि अनेक ऐसे लोग भी नियमित रूप से रिटर्न दाखिल कर रहे हैं, जिनकी कर देनदारी सीमित या शून्य है।

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), डिजिटल भुगतान प्रणाली, जनधन-आधार-मोबाइल (जैम) ढांचा, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), औपचारिक रोजगार में वृद्धि और डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार ने भी कर आधार को व्यापक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नकदी आधारित लेनदेन की जगह डिजिटल भुगतान के बढ़ते उपयोग से आर्थिक गतिविधियों का दस्तावेजीकरण मजबूत हुआ है, जिससे कर प्रशासन अधिक प्रभावी बना है।

इस बढ़त के कारण से देश का राजस्व मजबूत हुआ है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि इसका सीधा संबंध देश के विकास से है। सरकार को जितना अधिक प्रत्यक्ष कर प्राप्त होगा, उतनी ही अधिक क्षमता उसके पास आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, रक्षा, रेलवे, सड़क, सिंचाई, डिजिटल नेटवर्क और सामाजिक कल्याण की योजनाओं में निवेश करने की होगी। करदाता और विकास के बीच यह संबंध जितना मजबूत होगा, राष्ट्र की आर्थिक प्रगति भी उतनी ही स्थायी होगी।

वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तेज आर्थिक विकास के साथ ही जिम्मेदार नागरिक, व्यापक कर आधार और स्वैच्छिक कर अनुपालन भी आवश्यक है। इस दृष्टि से 1.7 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न का समय से पहले दाखिल होना आज भारत की बदलती राष्ट्रीय मानसिकता का संकेत है। यह बताता है कि भारत का नागरिक अब आर्थिक अधिकारों के साथ-साथ अपने आर्थिक दायित्वों के प्रति भी पहले से अधिक सजग हो रहा है।

अब कहना यही होगा कि आयकर का बढ़ता दायरा भारत की बढ़ती आय, विस्तृत होती औपचारिक अर्थव्यवस्था, तकनीक आधारित सुशासन और आर्थिक शिक्षा के प्रसार का सम्मिलित परिणाम है। यह उस भारत की तस्वीर प्रस्तुत करता है, जहां कर भुगतान राष्ट्र निर्माण में साझेदारी के रूप में देखा जाने लगा है। यदि यही प्रवृत्ति आगे भी बनी रही तो आने वाले वर्षों में भारत न केवल दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी स्थिति और मजबूत करेगा।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

## आज का राशिफल

**मेष-** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**वृष-** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा।

**मिथुन-** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

**कर्क-** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ? के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सिंह-** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**कन्या-** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**तुला-** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे।

**वृश्चिक-** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**धनु-** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है।

**मकर-** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**मीन-** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्पाद विभाग का चौपारण में बड़ा एक्शन, 10 अवैध शराब भट्ठियां ध्वस्त




**चौपारण।** जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, संचय और परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को उत्पाद विभाग ने चौपारण थाना क्षेत्र के भगहर गांव तथा बिहार सीमा से सटे इलाकों में सघन छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान सुदूर जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों में संचालित 10 अवैध चुलाई शराब निर्माण भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया। उपायुक्त हेमन्त सती के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद के नेतृत्व में उत्पाद विभाग और चौपारण थाना की संयुक्त टीम ने शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण एवं सामग्री भी जब्त की। अभियान के दौरान लगभग 11,500 किलोग्राम जावा महुआ को मौके पर ही विनष्ट किया गया, जबकि करीब 1,100 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। उत्पाद विभाग ने बताया कि अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है। सभी दोषियों के विरुद्ध झारखंड उत्पाद अधिनियम एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संयुक्त अभियान में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सय्यद बसिरुद्दीन, सहायक अवर निरीक्षक एंटोनी बागे, सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवान तथा चौपारण थाना पुलिस की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### 65वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज



**हजारीबाग।** झारखंड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग के तत्वावधान में आयोजित 65वीं सुब्रतो मुखर्जी प्रमंडल स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों के बाद अंडर-17 बालक, अंडर-15 बालक और अंडर-17 बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबलों की तस्वीर साफ हो गई। प्रतियोगिता के तीनों वर्गों के फाइनल और तीसरे स्थान के मुकाबले मंगलवार को ऐतिहासिक कर्जन ग्राउंड में खेले जाएंगे। उद्घाटन समारोह में उप विकास आयुक्त रिया सिंह ने खिलाड़ियों से खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना के साथ खेलने की अपील की। प्रतियोगिता में उत्तर छोटानागपुर प्रमंडल के हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो और रामगढ़ की टीमें भाग ले रही हैं। अंडर-17 बालिका वर्ग के मुकाबले न्यू स्टेडियम तथा अंडर-17 एवं अंडर-15 बालक वर्ग के मैच ऐतिहासिक कर्जन ग्राउंड में खेले गए। अंडर-17 बालक वर्ग में चतरा और गिरिडीह ने फाइनल में जगह बनाई। अंडर-15 बालक वर्ग में रामगढ़ और हजारीबाग की टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी। वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग के फाइनल में मेजबान हजारीबाग का मुकाबला चतरा से होगा। । आयोजन समिति ने प्रतियोगिता के सफल संचालन में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों, निर्णायकों और सहयोगी कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### विधायक अमित कुमार यादव ने किया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ



**हजारीबाग।** सामाजिक वानिकी प्रमंडल, हजारीबाग की ओर से सोमवार को बरकट्ठा प्रखंड के अमनारी गांव में 77वें वन महोत्सव-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव शामिल हुए। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम अभियान 3.0' के तहत मखचंदन का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक अमित कुमार यादव ने ग्रामीणों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण में वन एवं वृक्षों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से अपनी मां के नाम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडे, जिला परिषद सदस्य राम प्रसाद कुशवाहा, उप प्रमुख रवि कुमार बर्नवाल, भराजो की मुखिया स्वास्तिका कुमारी, समाजसेवी डी.एन. सिंह, छोटन प्रसाद, प्रभारी वनपाल गौतम कुमार साहू, प्रधान वनरक्षी प्रदीप कुमार दास, राजकुमार कुमार कुशवाहा, अंकित सुमन, विनोद बेसरा, संतोष महतो, नीरज तिवारी, पार्वती कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अवैध बालू कारोबार पर सिकरी ओपी का शिकंजा, बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सिकरी ओपी पुलिस ने अवैध बालू खनन एवं परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है। यह कार्रवाई सिकरी ओपी प्रभारी राम कुमार राम के नेतृत्व में चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान के दौरान की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गर्रीकला से देवरिया की ओर अवैध रूप से बालू का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की, जिसमें बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त कर लिया गया। हालांकि पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। ओपी प्रभारी राम कुमार राम ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर के संबंध में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) एवं 317(5) के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई के लिए बड़कागांव थाना भेज दिया गया है। फरार चालक की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

---

विधायक जनसेवा कार्यालय में सजी सांस्कृतिक संध्या, कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने बांधा समां

# कला, संस्कृति व समाज सेवा से जुड़े प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान समाज को नई प्रेरणा देता है : विधायक



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** विधायक जनसेवा कार्यालय में हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट की ओर से आयोजित 'विधायक सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या' भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि कला एवं संस्कृति विभाग के विधायक प्रतिनिधि सुबोध सिन्हा थे। समारोह में कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया, वहीं विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं ने अतिथियों का सम्मान कर आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रदीप प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि सुबोध सिन्हा, ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकिशोर सावंत, सचिव प्रदीप पाठक, तरंग ग्रुप के अमित गुप्ता, संरक्षक हरीश श्रीवास्तव, सुदेश चंद्रवंशी, राजपाल नारायण, ज्ञान सागर एवं बद्रीराम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

स्वागत भाषण में ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकिशोर सावंत ने कहा कि विधायक प्रदीप प्रसाद ने कलाकारों के हितों को प्राथमिकता देते हुए एक योग्य प्रतिनिधि का चयन किया है और कलाकारों के सुख-दुख में साथ खड़े रहने का उनका प्रयास सराहनीय है। तरंग ग्रुप के अमित गुप्ता ने कहा कि स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन मिलने से हजारीबाग की सांस्कृतिक पहचान और मजबूत होगी।


मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक पहचान उसकी समृद्ध कला, संस्कृति और परंपराओं से होती है। कलाकार, साहित्यकार, समाजसेवी और सांस्कृतिक कर्मी अपनी प्रतिभा और समर्पण से समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली लोगों का सम्मान समाज को नई दिशा और नई प्रेरणा देता है।

विधायक प्रतिनिधि सुबोध सिन्हा ने कहा कि विधायक द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर वे पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरेंगे और हजारीबाग के कलाकारों के हितों एवं उनके उत्थान के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत आशिक राय की आकर्षक गणेश वंदना से हुई। इसके बाद पुष्पदीप संगीत संस्था के सेमी गुप्ता एवं खुशी अग्रवाल ने सोलो नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। तरंग ग्रुप, नृत्य वाटिका, यूनिवर्सल डांस अकादमी और सामिष्ठा डांस अकादमी के कलाकारों ने शानदार समूह नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को उत्साह से भर दिया। गायन की प्रस्तुतियों में बबलू सिन्हा, अक्षत सिन्हा, हंसराज लोहार, अखिलेश वर्मा, मनीता श्री, सविता रानी, सीमा गुप्ता, सलीम रजा, माथुर साहब, सुदेश कुमार और चुन्नू कांत सिन्हा ने अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के सचिव प्रदीप पाठक ने किया।

समारोह के दौरान हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट की ओर से विधायक प्रदीप प्रसाद को अंगवस्त्र, मोमेंटो एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं विधायक प्रतिनिधि सुबोध सिन्हा तथा विधायक द्वारा मनोनीत 32 प्रतिनिधियों को भी ट्रस्ट की ओर से अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा शहर की विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं ने भी विधायक प्रदीप प्रसाद का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।

## पंचायत चुनाव की तैयारी में गोलबंद हो विश्वकर्मा समाज : विकास राणा



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**केरेडारी।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की केरेडारी प्रखंड स्तरीय सम्मेलन सोमवार को स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित हुई। सम्मेलन में नई प्रखंड कमेटी का गठन किया गया तथा नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा मुख्य अतिथि तथा जिला अध्यक्ष यदु राणा, जिला महासचिव बृजलाल राणा, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल राणा, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा और सदर प्रखंड अध्यक्ष बिनोद राणा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

सर्वसम्मति से वकील राणा (बेलतू) को केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष, रामकृष्ण राणा (केरेडारी) को प्रखंड सचिव और नरेश राणा को प्रखंड कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा संतोष राणा, भोला शर्मा और राजेश राणा को सह सचिव, रामलाल राणा, प्रयाग राणा, बिशुन राणा व नारायण राणा को संयुक्त सचिव, नागेश्वर राणा और अवध राणा को संगठन सचिव तथा शंकर राणा, महेंद्र राणा, प्रकाश राणा, भेखलाल राणा एवं सागर राणा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। मुख्य अतिथि विकास राणा ने कहा कि झारखंड में विश्वकर्मा समाज का संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि समाज को राजनीतिक और प्रशासनिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा, क्योंकि शिक्षा ही समाज के विकास का सबसे मजबूत आधार है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रामलखन राणा, बालेश्वर राणा और ईश्वर दयाल राणा की अहम भूमिका रही।

## संत कोलंबा व केबी महिला कॉलेज में जारी रहेगी संस्कृत-उर्दू की पढ़ाई



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अंतर्गत संत कोलंबा महाविद्यालय में संस्कृत एवं उर्दू तथा कृष्ण बल्लभ (केबी) महिला महाविद्यालय में संस्कृत विषय की पढ़ाई बंद नहीं होगी। विश्वविद्यालय की पहल और उच्च स्तरीय वार्ता के बाद राज्य सरकार ने इन विषयों में नामांकन की अनुमति दे दी है। इससे शिक्षकों और विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है।

विश्वविद्यालय के नामांकन कोषांग के नोडल पदाधिकारी डॉ. इंद्रजीत कुमार ने बताया कि पहले राज्य सरकार की ओर से इन विषयों में नामांकन बंद करने का आदेश प्राप्त हुआ था। अब संशोधित आदेश मिलने के बाद संबंधित विषयों के लिए नामांकन पोर्टल दोबारा खोल दिया गया है। विद्यार्थी 17 जुलाई तक संत कोलंबा महाविद्यालय में संस्कृत एवं उर्दू तथा केबी महिला महाविद्यालय में संस्कृत विषय में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

डॉ. इंद्रजीत कुमार ने बताया कि इस निर्णय का श्रेय कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा के प्रयासों को जाता है। उन्होंने कहा कि दोनों महाविद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी कई दिनों से इस निर्णय से चिंतित थे और लगातार विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंप रहे थे। कुलपति ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की।

वार्ता के दौरान कुलपति ने नई शिक्षा नीति-2020 की मूल भावना का उल्लेख करते हुए संस्कृत और उर्दू जैसे महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई जारी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## 17 जुलाई तक करें नामांकन, अन्नदा महाविद्यालय में हेल्प डेस्क से मिल रही निःशुल्क सहायता



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** स्नातक सत्र 2026-30 में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल के द्वितीय चरण की अंतिम तिथि 17 जुलाई निर्धारित की गई है। इसे देखते हुए अन्नदा महाविद्यालय, हजारीबाग में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए चांसलर पोर्टल हेल्प डेस्क संचालित किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं नामांकन प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी और तकनीकी सहायता प्राप्त कर रहे हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीलमणि मुखर्जी ने बताया कि नए विद्यार्थियों को नामांकन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अनुभवी शिक्षकों एवं कर्मियों की टीम हेल्प डेस्क पर तैनात है। टीम आवेदन भरने से लेकर अंतिम नामांकन तक प्रत्येक चरण में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रही है।

हेल्प डेस्क के माध्यम से कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन, विषय चयन, दस्तावेज अपलोड, आवेदन में त्रुटि सुधार, मेरिट सूची की जानकारी, नामांकन शुल्क, आवश्यक प्रमाण-पत्रों की जांच तथा नामांकन से जुड़ी अन्य समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को पूरी नामांकन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है।

महाविद्यालय प्रशासन ने सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे 17 जुलाई तक अपनी नामांकन प्रक्रिया पूरी कर लें। किसी भी प्रकार की तकनीकी या अन्य समस्या होने पर महाविद्यालय परिसर स्थित चांसलर पोर्टल हेल्प डेस्क से निःशुल्क सहायता एवं परामर्श प्राप्त किया जा सकता है।

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भारत विकास परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** भारत विकास परिषद, हजारीबाग शाखा का स्थापना दिवस रविवार को नवाबगंज स्थित आर्ष कन्या गुरुकुल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा भारत माता, स्वामी विवेकानंद और परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर वंदे मातरम् के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्रांत महासचिव सुनील कुमार, पर्यावरण प्रमुख हरेंद्र तिवारी, प्रांतीय महिला सहभागिता प्रमुख किरण राणा, शाखा अध्यक्ष डी.के. राणा तथा शाखा महिला सहभागिता प्रमुख प्रियदर्शनी वर्मा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। शाखा अध्यक्ष ने सभी अतिथियों, सदस्यों और गुरुकुल की छात्राओं का स्वागत करते हुए शाखा द्वारा किए गए सेवा कार्यों की जानकारी दी और आगामी योजनाओं से भी अवगत कराया।

डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती के उपलक्ष्य में परिषद ने सेवा प्रकल्प के तहत मतवारी स्थित 10+2 पिछड़ी वर्ग बालिका आवासीय विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। इस दौरान छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण, हीमोग्लोबिन जांच, स्वच्छता किट (सेनेटरी पैड), आयरन एवं कृमिनाशक गोलियों का वितरण किया गया। डॉ. मेजर एक सिंह ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयां भी प्रदान कीं।

कार्यक्रम में परिषद के संपर्क प्रमुख एम.एल. शाही ने भारत विकास परिषद के इतिहास और देशभर में समाज सेवा एवं संस्कार निर्माण की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रांत महासचिव सुनील कुमार ने बताया कि 31 अगस्त 2026 को पूरे देश की सभी शाखाओं द्वारा अपने-अपने जिलों के विद्यालयों में ₹भारत को जानो₹ लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में शोभा सिंह के शिष्यों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जबकि आर्ष कन्या गुरुकुल की छात्राओं के झारखंडी लोकनृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव सरदार सुरजीत सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन शैलेंद्र गुप्ता ने किया।

समारोह के अंत में विभिन्न प्रस्तुतियों में भाग लेने वाले लगभग 200 बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसके बाद सभी उपस्थित लोगों के लिए रात्रि भोज की व्यवस्था की गई।

## सीतागढ़ा पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल, ग्रामीणों से मुलाकात के बाद अंचल अधिकारी से मिल निष्पक्ष कार्रवाई की उठाई मांग



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सदर प्रखंड स्थित सीतागढ़ा के गुड़वा मौजा में भूमि विवाद और कथित प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर चल रहे विवाद के बीच सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल प्रभावित ग्रामीणों से मिलने पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया, पीड़ित परिवारों से बातचीत की और घायल कुदुस अंसारी का हालचाल जाना।

ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि प्रशासन की कार्रवाई के दौरान कुदुस अंसारी के साथ मारपीट की गई, जिससे उनका हाथ टूट गया। कुदुस अंसारी ने आरोप लगाया कि पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने की जानकारी देने के बावजूद उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि टीटीआई के प्राचार्य धनबल के प्रभाव से वर्षों से उनके कब्जे वाली जमीन पर दावा कर रहे हैं और विरोध करने पर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार गुड़वा मौजा के खाता संख्या-2, प्लॉट संख्या-632 की कुल 294.6 एकड़ भूमि में से 24.52 एकड़ जमीन पर वर्ष 1938 से उनका दखल-कब्जा है और वे वर्षों से खेती करते आ रहे हैं। उनका कहना है कि इस भूमि को लेकर पूर्व में दायर टाइटल सूट में वर्ष 1982 में नूर मोहम्मद, जीवनलाल महतो समेत अन्य ग्रामीणों के पक्ष में डिक्री भी पारित हुई थी, इसके बावजूद अब जमीन पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की कि ईसाई मिशनरी द्वारा संचालित टीचर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (टीटीआई) की ओर से सीतागढ़ा जाने वाले सार्वजनिक मार्ग के दोनों ओर गेट लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया है। उनका कहना है कि इस मार्ग से आठ-दस गांवों के लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं, इसलिए गेट हटाकर रास्ता तत्काल खोला जाना चाहिए।

ग्रामीणों से मिलने और स्थल निरीक्षण के बाद सांसद मनीष जायसवाल सीधे सदर अंचल कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार से मुलाकात कर ग्रामीणों की ओर से उपलब्ध भूमि संबंधी दस्तावेज सौंपे। इस दौरान उन्होंने कथित एकपक्षीय प्रशासनिक कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए निष्पक्ष जांच और न्यायपूर्ण कार्रवाई की मांग की।

सांसद ने अंचल अधिकारी से कहा कि प्रशासन का दायित्व निष्पक्ष होकर न्याय करना है, किसी एक पक्ष का समर्थन करना नहीं। उन्होंने सार्वजनिक मार्ग पर लगाए गए गेट को हटाकर आवागमन बहाल कराने तथा भूमि विवाद में सभी अभिलेखों और न्यायालय के आदेशों के आधार पर निर्णय लेने की मांग की।

---

**निरीक्षण** विष्णुगढ़ में उजड़े फुटपाथ दुकानदारों के बीच पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल

# अतिक्रमण कार्रवाई पर सांसद ने उठाए सवाल, डीसी से वार्ता का दिया आश्वासन

### पुर्नवास और न्याय का दिलाया भरोसा



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ हॉस्पिटल चौक पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से प्रभावित फुटपाथ दुकानदारों से सोमवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने मुलाकात की। उन्होंने प्रभावित परिवारों की समस्याएं सुनीं, टूटे हुए दुकानों का निरीक्षण किया और पुनर्वास के लिए हरसंभव प्रयास का भरोसा दिलाया।

दुकानदारों ने सांसद को आवेदन सौंपकर बताया कि वे पिछले 40 से 50 वर्षों से हॉस्पिटल चौक पर छोटी-छोटी दुकानें लगाकर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। 11 जुलाई को प्रशासन की कार्रवाई के बाद उनकी दुकानें हटा दी गईं, जिससे सैकड़ों परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने स्थायी पुनर्वास की मांग करते हुए हॉस्पिटल की दीवार, +2 उच्च विद्यालय की दीवार के किनारे अथवा प्रखंड मुख्यालय परिसर में दुकानें आवंटित करने का आग्रह किया।

दुकानदारों ने यह भी कहा कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित शुल्क नियमित रूप से देने को तैयार हैं।

सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन गरीब और मेहनतकश लोगों की आजीविका की सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। किसी का रोजगार छीनने से पहले उसके पुनर्वास की व्यवस्था करना सरकार और प्रशासन का नैतिक दायित्व है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रभावित दुकानदारों की मांगों को प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा और जल्द ही उपायुक्त से मिलकर इस विषय पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

मीडिया से बातचीत में सांसद ने कहा कि विष्णुगढ़ हॉस्पिटल चौक की सबसे बड़ी समस्या जाम और पार्किंग व्यवस्था का अभाव है। अस्पताल होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज और वाहन पहुंचते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को पार्किंग और यातायात प्रबंधन की स्थायी व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि जाम की समस्या का समाधान हो सके।

सांसद ने कहा कि स्थानीय व्यापारियों के अनुसार प्रशासन से उनकी बातचीत चल रही थी और वे स्वयं पीछे हटने को तैयार थे। इसके बावजूद जिस तरीके से कार्रवाई की गई, उससे कई सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रशासनिक कार्रवाई में संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण होना चाहिए। प्रभावित दुकानदारों से उन्होंने दोबारा अपना व्यवसाय शुरू करने का आग्रह करते हुए भरोसा दिलाया कि उनकी लड़ाई में वे हर कदम पर साथ रहेंगे।

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, व्यापारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## हार्ट अटैक से भाजपा बूथ अध्यक्ष भोला राणा का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के निवासी एवं भारतीय जनता पार्टी के 64 नंबर बूथ अध्यक्ष भोला राणा (56 वर्ष) का रविवार की सुबह लगभग 9 बजे हृदयाघात (हार्ट अटैक) से निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर फैलते ही पूरे कंचनपुर पंचायत सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। भाजपा कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों,एवं ग्रामीणों ने इसे संगठन और समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। भोला राणा भाजपा के एक समर्पित, सक्रिय एवं कर्मठ कार्यकर्ता थे। उन्होंने वर्षों तक संगठन को मजबूती प्रदान करने और बूथ स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे अपने मृदुभाषी, सरल, मिलनसार एवं विनम्र स्वभाव के कारण सभी वर्गों के लोगों के बीच सम्मानित और लोकप्रिय थे। सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी तथा लोगों के सुख-दुःख में हमेशा साथ खड़े रहने की प्रवृत्ति ने उन्हें क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाई थी। परिजनों के अनुसार, रविवार सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए ले जाने की तैयारी की जा रही थी।

## संक्षिप्त खबरें

### दुमका में 16 जुलाई को निकलेगी भव्य श्री जगन्नाथ रथयात्रा



**दुमका।** इस्कॉन दुमका द्वारा आयोजित श्री श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव-2026 की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। यह भव्य रथयात्रा 16 जुलाई 2026 (गुरुवार) को दोपहर 1 बजे राधा-माधव मंदिर, गिलानपाड़ा से प्रारंभ होगी। रथ पर भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलदेव एवं देवी सुभद्रा महारानी विराजमान रहेंगे। श्रद्धालु पूरे उत्साह और भक्ति के साथ रथयात्रा में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। रथयात्रा राधा-माधव मंदिर से निकलकर बीर कुंवर सिंह चौक, टीन बाजार चौक तथा स्वामी विवेकानंद चौक होते हुए पोखरा चौक स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मारक स्थल (मौसीबाड़ी) पहुंचेगी। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान का स्वागत किया जाएगा तथा भजन-कीर्तन और पुष्पवर्षा की जाएगी। रथयात्रा के दौरान हरिनाम संकीर्तन से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहेगा। इस वर्ष के महोत्सव का प्रमुख आकर्षण श्रीधाम मायापुर से आने वाली विशेष हरिनाम संकीर्तन मंडली होगी। यह मंडली अपने संकीर्तन एवं भक्ति संगीत से पूरे दुमका को कृष्ण-भक्ति के रंग में रंग देगी। आयोजन समिति ने नगरवासियों, मातृशक्ति, युवाओं तथा सभी श्रद्धालुओं से परिवार और मित्रों के साथ अधिक से अधिक संख्या में रथयात्रा में शामिल होने की अपील की है। समिति का कहना है कि भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, प्रेम और आध्यात्मिक चेतना का महापर्व है।

### महिला महाविद्यालय में भूजल संरक्षण पर सेमिनार आयोजित



**गोड्डा।** स्थानीय महिला महाविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को भूजल संरक्षण विषय पर एक जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्या डॉ० सुमनलता ने की। उन्होंने कहा कि बढ़ते जल संकट को देखते हुए भूजल संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। यदि आज जल संरक्षण के प्रति गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो भविष्य में पेयजल का संकट और गहरा सकता है। सेमिनार में एनएसएस इकाई-1 की कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो० पूनम झा, इकाई-2 की डॉ० रेखा कुमारी, इकाई-3 की डॉ० विभा राय तथा इकाई-4 की डॉ० नूतन झा ने छात्राओं को भूजल के महत्व, उसके संरक्षण तथा जल स्रोतों के सतत उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सेमिनार के दौरान छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। माहरुख, मोनी, सुशांति मरांडी, लता कुमारी, ब्यूटी कुमारी, मनीषा कुमारी एवं छाया कुमारी ने अपने विचार रखते हुए जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जल बचाने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने तथा वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का समापन जल संरक्षण का संकल्प दिलाकर किया गया।

### ज्वेलरी दुकान लूटकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**गोड्डा।** गत 8 जुलाई को गोड्डा शहर स्थित बंगाल ज्वेलरी दुकान में हुई लूट और फायरिंग की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने सोमवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी देवघर जिले के निवासी हैं और उनका पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोनारायठाड़ी थाना क्षेत्र निवासी अजीत यादव तथा रिखिया थाना क्षेत्र निवासी राजेश यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार घटना के उद्भेदन के लिए गोड्डा एसडीपीओ, महागामा एसडीपीओ और मुख्यालय डीएसपी के नेतृत्व में अलग-अलग छापेमारी दल गठित किए गए थे। इन टीमों ने झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया सोना, कुछ नकदी, एक देशी पिस्तौल तथा कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस लूटकांड में शामिल अन्य अपराधियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरे गिरोह को जल्द गिरफ्तार कर मामले का पूर्ण उद्भेदन किया जाएगा तथा अपराधियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### स्वास्थ्य मंत्री ने देवघर सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**देवघर।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने रविवार को देवघर सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया और साफ-सफाई, दवा उपलब्धता, चिकित्सकीय सुविधाओं तथा मरीजों को दी जा रही सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। मंत्री ने भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि देवघर सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। जल्द ही अन्य जिलों से चिकित्सकों की नियुक्ति कर विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं का विस्तार किया जाएगा, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि औचक निरीक्षण का उद्देश्य अस्पताल की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था। जांच एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। स्वास्थ्य मंत्री ने आगामी राजकीय श्रावणी मेला 2026 की तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं सहित सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रहें, ताकि बाबा बैद्यनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### मतदाता सूची डिजिटाइजेशन अभियान का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**पाकुड़।** निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले में चल रहे मतदाता सूची डिजिटाइजेशन अभियान को गति देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रखंडों एवं नगर परिषद क्षेत्रों में विशेष डिजिटाइजेशन शिविर आयोजित किए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर प्रतिनियुक्त वरीय अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर शिविरों का निरीक्षण किया और कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा की। लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा प्रखंड में अनुमंडल पदाधिकारी, हिरणपुर में जिला पंचायत राज पदाधिकारी तथा अमड़ापाड़ा में परियोजना निदेशक, आईटीडीए ने निरीक्षण किया। पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में उप विकास आयुक्त और नगर परिषद क्षेत्र में उप निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्यों का जायजा लिया।

---

रामगढ़ में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा शुरू, 10 अगस्त तक चलेंगे परिवार नियोजन जागरूकता कार्यक्रम

# परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ उठाएं व समाज में जागरूकता फैलाने में सहयोग करें



झारखंड दर्शन संवाददाता

**दुमका।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रामगढ़ में सोमवार को जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मोनिका तथा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रजत साह ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि यह पखवाड़ा 13 जुलाई से 10 अगस्त 2026 तक चलेगा, जिसके दौरान परिवार नियोजन एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी व्यापक जन जागरूकता अभियान संचालित किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया कि अभियान के दौरान योग्य दंपत्तियों को निःशुल्क परिवार नियोजन परामर्श प्रदान किया जाएगा। साथ ही अस्थायी एवं स्थायी गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी, विभिन्न परिवार नियोजन विधियों का प्रदर्शन तथा पुरुष नसबंदी एवं महिला बंध्याकरण शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। इसका उद्देश्य लोगों को सुरक्षित एवं वैज्ञानिक परिवार नियोजन उपायों के प्रति जागरूक करना है। चिकित्सकों ने कहा कि परिवार नियोजन अपनाने से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। छोटा एवं स्वस्थ परिवार न केवल बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करता है, बल्कि परिवार की आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थिति को भी सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध निःशुल्क परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ उठाएं तथा समाज में जागरूकता फैलाने में सहयोग करें। अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ह्यसारथी ऑन व्हीलह्ल प्रचार वाहन को भी रवाना किया गया। यह वाहन प्रखंड के विभिन्न गांवों एवं पंचायतों में भ्रमण कर परिवार नियोजन, सुरक्षित मातृत्व तथा स्वास्थ्य विभाग की अन्य योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएगा। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अक्षय आनंद, प्रखंड डाटा प्रबंधक रोशन कुमार, ज्योतिका सोरेन सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक परिवार तक स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी पहुंचाकर स्वस्थ एवं संतुलित समाज का निर्माण करना है।

### 'सबका विकास, सबकी योजना' के तहत विशेष ग्राम सभा आयोजित

**मेहरमा।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 'सबका विकास, सबकी योजना' अभियान के अंतर्गत सोमवार को प्रखंड की सभी पंचायत सचिवालयों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में पंचायत स्तर की विकास योजनाओं पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों से सुझाव लिए गए। मेहरमा पंचायत सचिवालय में आयोजित बैठक में पंचायत सचिव सह प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी गंगाराम साह, मुखिया काजल कुमारी, पंचायत समिति सदस्य मेरी हेंब्रम सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं कसबा ग्राम पंचायत में मुखिया अश्वनी कुमार मिश्र, पंचायत सचिव किशोर कुमार झा, ग्राम रोजगार सेवक मोहम्मद रागीव तथा अन्य ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्राम सभा के दौरान पंचायत एवं अन्य विभागों से संचालित विकास योजनाओं के प्रस्ताव तैयार किए गए। बैठक में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट, वार्षिक योजना, पेयजल व्यवस्था, चहारदीवारी निर्माण, शौचालय, सामुदायिक शेड, जलमीनार, चापाकल स्थापना तथा कूप मरम्मत जैसी आवश्यक योजनाओं को प्राथमिकता दी गई।

### उपायुक्त ने राजस्व, आपदा प्रबंधन और विकास योजनाओं की समीक्षा की



झारखंड दर्शन संवाददाता

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में राजस्व, आंतरिक संसाधन, आपदा प्रबंधन, जाति एवं आवासीय प्रमाण-पत्र तथा विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय उच्च पथ, पथ निर्माण विभाग, एनएचएआई, रेलवे एवं अन्य विकास परियोजनाओं के लिए चल रहे भूमि अधिग्रहण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने लंबित भू-अर्जन मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने और परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने 100 एमटी क्षमता वाले गोदाम के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए संबंधित विभाग से आवश्यक पत्राचार करने को कहा। जाति एवं आवासीय प्रमाण-पत्रों की समीक्षा के दौरान शिकारीपाड़ा और जामा प्रखंड में लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक से अनुपस्थित रहने पर सरैयाहाट के अंचल निरीक्षक (सीआई) का एक दिन का वेतन स्थगित करने का आदेश दिया गया। विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में पूर्व सूचना देने, आपदा प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता राशि उपलब्ध कराने तथा ग्राम प्रधानों के मानदेय भुगतान में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। बासुकीनाथ-देवघर तथा दुमका-बासुकीनाथ सड़क निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने आगामी राजकीय श्रावणी मेला को देखते हुए सभी आवश्यक कार्य समय से पहले पूरा करने पर जोर दिया।

### 15 जुलाई को साहिबगंज में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल, आपदा प्रबंधन की तैयारियों का होगा परीक्षण

झारखंड दर्शन संवाददाता



**साहिबगंज।** जिले में नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का आकलन करने के उद्देश्य से 15 जुलाई 2026 (बुधवार) को अपराह्न 4 बजे से रात 9 बजे तक व्यापक नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह अभ्यास भारत सरकार के गृह मंत्रालय के दिशा-निदेशों के अनुरूप कराया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार मॉक ड्रिल का उद्देश्य हवाई हमले अथवा अन्य गंभीर आपदा जैसी परिस्थितियों में नागरिकों की तत्परता, सुरक्षा उपायों की प्रभावशीलता तथा जिला प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया का परीक्षण करना है। इसके माध्यम से लोगों को आपात स्थिति में सुरक्षित रहने के उपायों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। अभ्यास के दौरान हवाई हमले की चेतावनी के रूप में सायरन बजाए जाएंगे। नागरिकों से अपील की गई है कि निर्धारित समय में घरों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों की बिजली बंद रखें तथा इन्वर्टर, कृत्रिम प्रकाश या अन्य विद्युत उपकरणों का उपयोग न करें। साथ ही लोगों को चिन्हित सुरक्षित स्थानों एवं मजबूत भवनों के आंतरिक कमरों में जाने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाएगा। डेमो आपदा परिस्थिति का भी आयोजन होगा, जिसमें बचाव एवं राहत कार्यों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल में जिला पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, एनएसएस तथा विभिन्न स्वयंसेवी संगठन सक्रिय रूप से भाग लेंगे। पूरे अभ्यास की निगरानी के लिए शैडो कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर नागरिकों को मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। ब्लैकआउट के दौरान ड्रोन के माध्यम से क्षेत्र की निगरानी भी की जाएगी। प्रशासन ने बताया कि पूरी प्रक्रिया की रिकॉर्डिंग कर बाद में उसका विश्लेषण किया जाएगा, ताकि जिले की सिविल डिफेंस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाया जा सके।

### स्नातक सीटों में कटौती के विरोध में छात्र समन्वय समिति का प्रदर्शन



झारखंड दर्शन संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातक नामांकन की सीटों में कथित कटौती के विरोध में छात्र समन्वय समिति ने सोमवार को विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। समिति के प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति को विद्यार्थियों की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपने का प्रयास किया, लेकिन समिति का आरोप है कि कुलपति ने ज्ञापन स्वीकार करने से इनकार कर दिया। इसे लेकर छात्रों में आक्रोश देखा गया। समिति का कहना है कि संताल परगना के विभिन्न महाविद्यालयों में सीटों की संख्या कम किए जाने से हजारों विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रभावित होगा। पहले से ही सीमित सीटों के कारण बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को नामांकन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सीटों में और कटौती से समस्या और गंभीर हो जाएगी। छात्रों ने पूर्व की भांति पर्याप्त सीटें उपलब्ध कराने की मांग की। छात्र समन्वय समिति ने विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं प्रशासनिक निर्णय बिना पर्याप्त पारदर्शिता और संवाद के लिए जा रहे हैं। समिति ने मांग की कि सभी निर्णय पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लिए जाएं तथा छात्र हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। साथ ही प्रो. राजीव कुमार की प्रशासनिक भूमिका और कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी उठाई गई। समिति ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया।

### अंगिका समाज की गोड्डा जिला समिति का विस्तार, नई कार्यकारिणी गठित



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गोड्डा।** झारखंड प्रदेश अंगिका समाज की गोड्डा जिला शाखा का विस्तार करते हुए नई जिला कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। रविवार की शाम स्थानीय इनडोर स्टेडियम में आयोजित बैठक में संगठन को अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से नई समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता लोकमंच के सचिव सर्वजीत झा 'अन्तेवासी' ने की, जबकि झारखंड प्रदेश अंगिका समाज द्वारा नामित पर्यवेक्षक रामरंजन सिंह (पाकुड़) की देखरेख में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, समाज की सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण तथा अंगिका भाषा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने समाज को अधिक संगठित बनाने तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया। इसके बाद सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी को मंजूरी दी गई। नई समिति में नीलकंठमणि को प्रधान संरक्षक, शशिकांत गुप्ता को संरक्षक, सुरजीत झा को अध्यक्ष तथा अर्पणा कुमारी को सचिव बनाया गया। डॉ० ब्रह्मदेव कुमार एवं प्रकाश यादव को उपाध्यक्ष, विनीता प्रियदर्शिनी को कोषाध्यक्ष, विपुल कुमार दुबे को अंकेक्षक तथा सोनू कुमार झा को संगठन सचिव का दायित्व सौंपा गया। वहीं ओमप्रकाश मंडल एवं शैलेन्द्र प्रसाद को प्रदेश प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त मनीष जी सिंह, फूल कुमारी, डॉ० स्मिता शिप्रा, रितंभरा मीठी, अनामिका मिश्रा, चेतन राज तथा शैलेन्द्र राम को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। अंगिका भाषा-साहित्य के संरक्षण तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

### रामगढ़ में बीडीओ का औचक निरीक्षण, ड्यूटी से अनुपस्थित मिले दो शिक्षक; स्पष्टीकरण तलब

झारखंड दर्शन संवाददाता



**दुमका।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची के अद्यतन कार्य की निगरानी के लिए रामगढ़ प्रखंड में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा ने विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त शिक्षक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए बीडीओ ने दोनों शिक्षकों से कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने मतदान केंद्र संख्या 17, 18, 19, 20, 21, 80, 81, 82, 83, 84, 85, 87, 88, 89 एवं 90 का दौरा कर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत इलेक्टोरल फॉर्म वितरण तथा प्राप्त आवेदनों के डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मियों से कार्य की जानकारी प्राप्त की तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। जांच के दौरान मतदान केंद्र संख्या-20 स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, सेजपहाड़ी में वॉलंटियर के रूप में प्रतिनियुक्त सहायक शिक्षक विनोद कुमार मांझी तथा मतदान केंद्र संख्या-81 स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, सुहोदुहो में प्रतिनियुक्त सहायक शिक्षक दीनबंधु मंडल अनुपस्थित मिले। या अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त शिक्षकों, बीएलओ तथा अन्य कर्मियों को निर्देश दिया कि इलेक्टोरल फॉर्म का वितरण, प्राप्त आवेदनों का डिजिटाइजेशन तथा मतदाता सूची के अद्यतन से संबंधित सभी कार्य पूरी पारदर्शिता, जिम्मेदारी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न करें।

---

**बैठक** एसपी ने अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों और श्रावणी मेला सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

# त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश



झारखंड दर्शन संवाददाता

**जामताड़ा।** पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभाकक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक तथा विभिन्न शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। इस दौरान कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन तथा आगामी श्रावणी मेला-2026 की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि मई 2026 से अब तक जिले में कुल 753 वारंटों का निष्पादन कर आरोपितों की गिरफ्तारी की गई है। वहीं जून माह में विभिन्न मामलों के 43 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को गंभीर अपराधों में शामिल अपराधियों, सीमावर्ती क्षेत्रों के अपराधियों तथा हाल ही में जेल से रिहा हुए व्यक्तियों की सूची तैयार कर उनकी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित मामलों में त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने तथा साइबर अपराधियों के विरुद्ध लगातार छापेमारी कर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित कांडों एवं वारंटों के शीघ्र निष्पादन, बैंक, एटीएम, आभूषण दुकानों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की नियमित सुरक्षा जांच तथा गश्ती बढ़ाने पर बल दिया। एसपी ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, महिला उत्पीड़न, डायन प्रथा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, साइबर अपराध, नशामुक्ति तथा अवैध मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के प्रति गांवों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियमित जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस-पब्लिक संबंधों को मजबूत बनाने, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा नियमित वाहन जांच अभियान जारी रखने पर भी जोर दिया। श्रावणी मेला-2026 को देखते हुए कांवरियों की सुरक्षा के लिए संवेदनशील स्थलों पर विशेष गश्ती एवं पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के उपरांत पुलिस केंद्र में पुलिस सभा आयोजित कर पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनी गईं तथा उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### चौपारण ब्लॉक मोड़ दुर्गा मंदिर से अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**चौपारण।** चौपारण ब्लॉक मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर परिसर से सोमवार को बाबा बफार्नी के पवित्र दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का एक जत्था विधिवत पूजा-अर्चना के बाद अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुआ। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की गई तथा सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सफल और मंगलमय यात्रा की कामना की गई। यात्रा पर निकलने से पहले परिजनों, शुभचिंतकों और स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। इस दौरान मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। श्रद्धालुओं और उपस्थित लोगों ने ₹हर-हर महादेव₹ और ₹बम-बम भोले₹ के जयघोष से वातावरण को शिवमय बना दिया। अमरनाथ यात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में पत्रकार चंद्रशेखर पांडेय, वीरेंद्र अग्रवाल, गुड्डू, सोनू, प्रमोद केशरी, अनूप, अनिल केसरी, हेमंत, संतोष, सुबोध, मुन्ना, बाबू भाई उर्फ संतोष केशरी, संजीत केसरी, उमेश सोनी, सुदर्शन सोनी, मुकेश 'पेप्सी' तथा सुधीर केसरी शामिल हैं। श्रद्धालुओं ने बाबा बफार्नी के दर्शन कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना करने की बात कही। वहीं स्थानीय लोगों ने सभी यात्रियों के सकुशल लौटने की प्रार्थना करते हुए उनके लिए शुभ यात्रा की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। यात्रा के दौरान पूरे मंदिर परिसर में धार्मिक उल्लास और उत्साह का वातावरण बना रहा।

### घर में रखे प्लाई बोर्ड की चपेट में आकर दो वर्षीय बच्चा घायल, दाहिना पैर हुआ फ्रैक्चर

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी जितेंद्र कुमार रवि के पुत्र अंकित कुमार उम्र 2 वर्ष घर में रखे प्लाई बोर्ड की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया।उसका दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया।इस घटना के बारे में घायल के पिता जितेंद्र कुमार रवि ने बताया कि रविवार की शाम करीब 5:00 बजे अंकित बच्चों के साथ घर में खेल रहा था। तभी घर के दीवार साइड में रखें प्लाई बोर्ड उसके ऊपर गिर गया।जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसका दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा घायल अंकित कुमार को इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज जारी है।

### एसपी कपिल चौधरी ने जारी किया पदस्थापना आदेश, ट्रैफिक प्रभारी बने रूद्रानंद सरस

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा पुलिसिंग को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक (एसपी) कपिल चौधरी ने पुलिस महाकमे में प्रशासनिक फेरबदल किया है।इस क्रम में कई पुलिस पदाधिकारियों का तबादला करते हुए उन्हें नहीं जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस संबंध में आदेश जारी कर सभी अधिकारियों को जल्द से जल्द अपने-अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है।जारी आदेश के अनुसार, सब इंस्पेक्टर राजेश रंजन को तरहसी थाना का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, सहायक अवर निरीक्षण (एएसआई) रुद्रानंद सरस को मेदिनीनगर का नया ट्रैफिक प्रभारी नियुक्त किया गया है। शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप बनाए रखने की जिम्मेदारी अब उनके कंधों पर होगी।इसके अलावा सब इंस्पेक्टर चंद्रशेखर यादव को किशुनपुर ओपी प्रभारी बनाया गया है, जबकि सब इंस्पेक्टर बिरेन्द्र मेहता को दंगवार ओपी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।पुलिस प्रशासन का मानना है कि इन नई नियुक्तियों से संबंधित थाना और आपी क्षेत्रों में पुलिस व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा अपराध नियंत्रण के साथ-साथ आम लोगों को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराई जा सकेगी। नई पदस्थापना के बाद संबंधित अधिकारियों ने जल्द ही अपने-अपने पदों का कार्यभार संभालने की तैयारी शुरू कर दी है।

### महिंद्रा शोरूम का कचरा संडास तालाब में फेंकना बंद हो: भाकपा

**मेदिनीनगर। भारतीय** कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डालटेनगंज विस के पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी एवं नौजवान संघ के जिला सचिव अभय कुमार भूइंया ने नगर निगम के संडास तालाब का निरीक्षण किया निरीक्षण के क्रम में पाया कि संडास तालाब में गंदगी और कचरा का अंबार लगा हुआ । और यह कचरा का अंबार शहर के मेयर साहिब अरुणा शंकर के पति आनंद शंकर के शोरूम एवं कार्यालय से निकालकर सीधे संडास तालाब के लोहे के चार दिवारी किया हुआ जगह में फेंका जाता है आज कोई भी अधिकारी पदाधिकारी या एक आम व्यक्ति वाहां अगर जाकर देखेगा तो दो चार ट्रक कचरे के अंबार मिलेगा और शहर के मेयर अरुण शंकर के द्वारा पूरे शहर में स्वच्छ मेदनी नगर का नारा दिया जा रहा है दीवारों में पेंटिंग कराया जा रहा है लेकिन तालाब को स्वयं कचरा से भरा जा रहा है इतना ही नहीं मेयर साहिब यह कहती है की प्रकृति के साथ दोहन मत कीजिए वरना इसका खमीजयाना भुगतना पड़ेगा लेकिन खुद प्रकृति के जल स्त्रोत को अतिक्रमण करके उसमें कचरा भर के नष्ट करने में लगी हुई है संडास तालाब का कुल रकबा 8 एकड़ 49 डिसमिल है जो सिमट कर लगभग चार एकड़ में रह गया है ऐसी स्थिति में मैं नगर आयुक्त से मांग करता हूं कि अभिलंब इसकी माफी कराई जाए और तालाब में फेंका जा रहा कचरा को फेंकने से रोक लगाया जाए।

## डीसी ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की

# लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन करने का निर्देश

**संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।बैठक में राजस्व संग्रह, ई-रेवेन्यू कोर्ट, परिसोधन पोर्टल, भूमि सीमांकन, आपदा राहत भुगतान सहित विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गयी।बैठक के दौरान उपायुक्त श्री शेखावत ने विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रह की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली में तेजी लाने के निर्देश



दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग नियमित मॉनिटरिंग करते हुए राजस्व संग्रह में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें।डीसी ने ई-रेवेन्यू कोर्ट की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 7,311 मामलों में से 6,696 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि 615 मामले लंबित हैं। उन्होंने लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने तथा सभी आदेशों को समय पर पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया।परिसोधन पोर्टल की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में 8,942 शिकायतों में से 3,286 शिकायतों का निष्पादन किया जा चुका है। उपायुक्त ने लंबित शिकायतों के त्वरित निष्पादन तथा नागरिकों को समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।भूमि सीमांकन कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 16,653 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 4,916 मामलों का निष्पादन किया गया है। उपायुक्त ने समय-सीमा से बाहर लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने तथा आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाने देने के निर्देश दिए।बैठक में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को सहायता राशि भुगतान की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को लंबित मामलों में आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर पात्र लाभुकों को समय पर सहायता राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।इस अवसर पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारे लाल,विभिन्न एसडीओ, जिला खनन पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहे।वहीं अंचलाधिकारी वर्चुअल रूप से जुड़े रहे।

### युवक के सिर पर चाकू से हमला,अस्पताल में चल रहा इलाज

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के बीएन कॉलेज हमीदगंज मोहल्ला निवासी स्वर्गीय राजकुमार चंद्रवंशी के पुत्र अरुण कुमार चंद्रवंशी को रविवार की शाम अमरेश नामक व्यक्ति ने चाकू से सिर पर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल के परिजनों ने बताया कि अरुण चंद्रवंशी कुछ दिनों से नावाटोली अपने बहन के घर रह रहा था। इस बीच अरुण चंद्रवंशी रविवार की शाम नावाटोली मोहल्ला स्थित पंचमुखी मंदिर के पास टहल रहा था। इस बीच किसी बात को लेकर कांडू मोहल्ला बर्मा चौक के स्थानीय निवासी अमरेश नामक व्यक्ति से उसका बहस हो गया।बहस के बाद अमरेश ने अरुण कुमार को चाकू से सिर पर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल अरुण चंद्रवंशी को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

## हूरलौंग में धूमकुडिया भवन व सरना चारदीवारी निर्माण का हुआ शिलान्यास



**संवाददाता**

**पांकी।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पांकी प्रखंड के हूरलौंग गांव में कल्याण विभाग की महत्वाकांक्षी योजना के तहत धूमकुडि या भवन एवं सरना स्थल की चारदीवारी निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में विधायक की अनुपस्थिति में उनके जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता ने वैदिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना, नारियल फोड़कर, फीता काटकर तथा उपस्थित लोगों के बीच लड्डू वितरित कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर प्रकाश मेहता ने कहा कि राज्य सरकार आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और धार्मिक आस्था के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। धूमकुरिया भवन एवं सरना स्थल की चारदीवारी का निर्माण स्थानीय समुदाय के लिए महत्वपूर्ण सौगात है, जिससे सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में जसवंत कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मौके पर गोपाल यादव, भोला उरांव, प्रेम उरांव, अवधेश यादव, मामिता कुजूर, विनय उरांव, बेलास उरांव तथा रामलाल उरांव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने योजना के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास और आदिवासी समाज की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## तीन वर्षीय मासूम से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**घाघरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, उक्त आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए भेजा जेल**



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन वर्षीय मासूम बच्ची के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म के आरोप को पुलिस ने उसके गांव के ही 18 वर्षीय युवक सुनील लोहारा को विधिवत गिरफ्तार करते हुए, उक्त मामले की गहराई से पूछताछ और जांच कर रही है, उक्त मासूम नाबालिक 3 वर्षीय पीड़ित बच्ची के परिजनों के अनुसार शनिवार के संध्या में उक्त आरोपी ने बच्ची को खेलने के बहाने अपने घर ले गया, और वहां उसने उस मासूम बच्ची के साथ जबरदस्ती उक्त वारदात को अंजाम दिया, बाद में उक्त पीड़ित बच्ची के रोने की आवाज सुनकर उसकी मां मौके पर पहुंची और अपनी बच्ची को घर ले आई, जहां उक्त बच्ची ने उक्त घटना की जानकारी दी ,अपने परिजनों को दी, बाद में उक्त घटना की जानकारी घाघरा थाना पुलिस को दी गई, सूचना मिलते ही घाघरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, घाघरा थाना पुलिस अपने दलबल के साथ उक्त गांव पहुंची और उक्त आरोपी युवक को विधिवत गिरफ्तार कर घाघरा थाना लाया गया और गहराई से पूछताछ करते हुए उसे गिरफ्तार कर हाजत में रखा गया और उक्त मासूम पीड़िता बच्ची का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है और उक्त मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया और न्यायिक हिरासत में लेते हुए उक्त आरोपी को गुमला जेल भेज दिया गया।

## लुमिनस मेंटर्स एकेडमी में शिक्षकों की बहाली, पांच पदों पर होगी नियुक्ति

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हरिहरगंज।** महाराजगंज स्थित लुमिनस मेंटर्स एकेडमी पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों के तहत शिक्षकों एवं कार्यालय कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन ने कुल पांच पदों पर बहाली का निर्णय लिया है। इसके लिए योग्य, प्रशिक्षित एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय के निदेशक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि सीबीएसई पाठ्यक्रम पर संचालित विद्यालय में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अनुभवी शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी, विज्ञान तथा कंप्यूटर विषय के लिए शिक्षकों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विद्यालय कार्यालय के सुचारु संचालन के लिए एक कंप्यूटर ऑपरेटर की भी नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी पदों पर नियुक्ति शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं साक्षात्कार



के आधार पर की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण के अनुरूप कार्य करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण व्यवस्था, अनुशासित वातावरण तथा आधुनिक शिक्षा प्रणाली उपलब्ध कराना है। इसी को ध्यान में रखते हुए योग्य एवं समर्पित शिक्षकों का चयन किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन ने इच्छुक अभ्यर्थियों से समय पर आवेदन करने की अपील की है। आवेदन एवं नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी मोबाइल नंबर 70911 20410 पर संपर्क कर सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि योग्य उम्मीदवारों का चयन शीघ्र ही साक्षात्कार के माध्यम से कर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## तुरी गांव में सड़क निर्माण में गार्ड वॉल नहीं बनने पर ग्रामीणों का विरोध, शीघ्र निर्माण की मांग

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड की तुरी पंचायत अंतर्गत तुरी गांव में निमार्णाधीन सड़क में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क के किनारे आवश्यक गाइड वॉल का निर्माण नहीं कराया जा रहा है, जिससे राहगीरों की सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने पलामू के उपायुक्त से हस्तक्षेप कर शीघ्र गाइड वॉल का निर्माण सुनिश्चित कराने की मांग की है। समाजसेवी उमा यादव ने बताया कि गाइड वॉल नहीं होने के कारण सड़क पर दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर विद्युत पोल भी क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे जान-माल की हानि का खतरा बढ़ गया है। उनका आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिसे तत्काल सुधारने की



आवश्यकता है। ग्रामीण नवल यादव ने बताया कि इस समस्या से क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह को दूरभाष के माध्यम से अवगत कराया गया है। इसके अतिरिक्त संबंधित विभागीय अधिकारियों से भी कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान उमा यादव, नवल यादव, मुन्ना कुमार, ओम प्रकाश यादव, रघुनंदन यादव, चंदन कुमार, प्रकाश कुमार, अर्जुन यादव, सहदेव यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में सड़क निर्माण कार्य की खामियों को दूर करते हुए गाइड वॉल एवं नाली का निर्माण शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही आवश्यक सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो वे व्यापक जन आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी की होगी।

## पालकोट में खाद्य सुरक्षा विभाग की विशेष छापेमारी, 46 पेटी मिसब्रांडेड चिली सॉस नष्ट

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त एवं अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के संयुक्त निर्देश पर पालकोट प्रखंड में खाद्य सुरक्षा मानकों और जनस्वास्थ्य संबंधी नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग ने विशेष जांच एवं छापेमारी अभियान चलाया। अभियान में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी, कुमार प्रभाकर एवं आशा राज शामिल रहे। अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों, किराना दुकानों, होटलों तथा थोक एवं खुदरा विक्रेताओं की सघन जांच की गई। निरीक्षण के क्रम में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था, सुरक्षित भंडारण, खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण, उत्पादों की समाप्ति तिथि, लेबलिंग तथा अन्य आवश्यक मानकों की विस्तृत जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के



प्रावधानों का पूर्णतः पालन करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही एक्सपायरी एवं मिसब्रांडेड खाद्य सामग्री के क्रय-विक्रय पर सख्त चेतावनी दी गई। पालकोट बाजार के होटल संचालकों को परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, कर्मचारियों से एप्रन, ग्लव्स और कैप पहनकर कार्य कराने तथा खुले में मसाले एवं खाद्य तेल का भंडारण या बिक्री नहीं करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार के मिसब्रांडेड रंग अथवा अन्य अवैध सामग्री के उपयोग एवं बिक्री पर भी कड़ी चेतावनी दी गई। जांच के दौरान बगमा स्थित आर.एन. जनरल स्टोर से 24 पेटी तथा निखिल कुमार केसरी के प्रतिष्ठान से 22 पेटी मिसब्रांडेड चिली सॉस बरामद की गई। कुल 46 पेटी चिली सॉस को विभागीय निगरानी में नष्ट कराया गया। संबंधित प्रतिष्ठानों से भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की सुसंगत धाराओं के तहत जुमार्ना भी वसूला जाएगा।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारियों ने कहा कि जिले में खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के विरुद्ध नियमित रूप से जांच अभियान जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**कार्रवाई** भगहर के जंगलों में उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, 10 अवैध शराब भट्ठियां ध्वस्त

# 11,500 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट, 1,100 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**चौपारण।** हजारीबाग जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग ने सोमवार को चौपारण थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विशेष छापेमारी अभियान चलाया। उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश तथा सहायक आयुक्त उत्पाद के नेतृत्व में चौपारण थाना पुलिस के सहयोग से भगहर गांव एवं बिहार सीमा से सटे जंगल-पहाड़ी क्षेत्रों में यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान उत्पाद विभाग ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए जंगलों में संचालित 10



अवैध चुलाई शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। उत्पाद विभाग की टीम ने दुर्गम जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों में घंटों तक सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान कई स्थानों पर अवैध रूप से शराब बनाने की भट्ठियां संचालित होती मिलीं। टीम ने सभी भट्ठियों को मौके पर ही ध्वस्त कर दिया तथा शराब निर्माण में प्रयुक्त बड़ी मात्रा में बर्तन, ड्रम, प्लास्टिक के कंटेनर, पाइप, भट्ठी निर्माण सामग्री एवं अन्य उपकरणों को जब्त कर नष्ट कर दिया। छापेमारी के दौरान लगभग 11,500 किलोग्राम जावा महुआ बरामद हुआ, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया ताकि उसका दोबारा उपयोग शराब बनाने में न किया जा सके। इसके अलावा करीब 1,100 लीटर अवैध चुलाई शराब भी बरामद की गई, जिसे जब्त कर उत्पाद अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई की गई। विभाग की इस बड़ी कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबार में लगे लोगों में हड़कंप मच गया है। उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार ने बताया कि जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार सीमा से सटे क्षेत्रों में अवैध शराब के निर्माण और तस्करी की सूचना मिलने पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में भगहर गांव एवं आसपास के जंगलों में यह अभियान चलाया गया, जिसमें बड़ी मात्रा में अवैध शराब एवं शराब निर्माण सामग्री बरामद हुई। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है। पहचान पूरी होने के बाद सभी आरोपितों के विरुद्ध झारखंड उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। अवर निरीक्षक ने आम लोगों से भी अपील की कि यदि कहीं अवैध शराब का निर्माण, बिक्री या परिवहन होता दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल उत्पाद विभाग या स्थानीय पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से ही अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। इस छापेमारी अभियान में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सय्यद बसिरुद्दीन, सहायक अवर निरीक्षक एंटोनी बागे, सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवान तथा चौपारण थाना पुलिस के अधिकारी एवं जवान शामिल रहे। अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध शराब के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

## इलाज के दौरान घायल युवक की मौत, खाप कटैया गांव में शोक की लहर

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज नगर पंचायत अंतर्गत खाप कटैया मोहल्ला निवासी कृष्णा पासवान के 24 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार की सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। माता-पिता सहित परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, पूरे मोहल्ले में शोक का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने उनके घर पहुंच रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिट्टू कुमार बाइक से औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र से अपने घर हरिहरगंज के खाप कटैया लौट रहा था। इसी दौरान अंबा थाना क्षेत्र के जीवा बिगहा गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी आमने-सामने की टक्कर हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की सहायता से बिट्टू कुमार को तत्काल औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए गोपाल नारायण अस्पताल, जमुहार रेफर कर दिया। जमुहार में भी उसकी हालत में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने उसे वाराणसी रेफर कर दिया। परिजन एंबुलेंस से उसे वाराणसी ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

# सीएसके से 18 साल बाद अलग हुए स्टीफन फ्लेमिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सबसे सफल फ्रेंचाइजियों में शामिल चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का 18 साल पुराना साथ आखिरकार समाप्त हो गया। फ्रेंचाइजी और फ्लेमिंग ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला लिया है। सीएसके ने बताया कि यह निर्णय फ्लेमिंग और टीम प्रबंधन के बीच हुई 'खुली और ईमानदार बातचीत' के बाद लिया गया। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान फ्लेमिंग 2008 में आईपीएल के पहले सीजन में खिलाड़ी के रूप में सीएसके से जुड़े थे। इसके बाद 2009 में उन्होंने टीम के मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभाली। 2009 से 2026 तक उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी के साथ मिलकर चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल की सबसे सफल टीमों में शामिल कर दिया। फ्लेमिंग के कार्यकाल में सीएसके ने पांच आईपीएल खिताब और दो चैंपियंस लीग टी-20 ट्रॉफियां जीतीं। उनकी कोचिंग में टीम ने रिकॉर्ड 12 बार प्लेऑफ में जगह बनाई और 10 बार आईपीएल फाइनल खेला, जिससे चेन्नई सुपर किंग्स लीग की सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम बन गई।

हालांकि हाल के वर्षों में टीम का प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा। सीएसके ने अपना आखिरी आईपीएल खिताब 2023 में जीता था। इसके बाद 2024 में टीम पांचवें



स्थान पर रही, 2025 में आखिरी स्थान पर फिसल गई और 2026 सीजन में भी आठवें स्थान पर रहकर निराशाजनक प्रदर्शन किया। फ्लेमिंग ने केवल आईपीएल ही नहीं, बल्कि सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी की अन्य टीमों की भी कोचिंग की। एसए20 में जॉबर्ग सुपर किंग्स लगातार चारों सीजन प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन फाइनल नहीं खेल सकी। वहीं मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में टेक्सास सुपर किंग्स पहले तीन सीजन प्लेऑफ तक पहुंची, लेकिन फाइनल में जगह नहीं बना सकी। 2026 एमएलसी में टीम अंतिम स्थान पर रही और प्लेऑफ में भी नहीं पहुंची।

सीएसके की मालिक रूपा गुरुनाथ ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'स्टीफन फ्लेमिंग लगभग पूरे सफर में हमारी कोचिंग यूनिट की धड़कन रहे हैं। करीब दो दशकों तक उन्होंने हमारी पहचान, सोच और उत्कृष्टता की संस्कृति को आकार दिया। सुपर किंग्स परिवार की ओर से हम उनके समर्पण, जुनून और नेतृत्व के लिए दिल से आभार व्यक्त करते हैं। मैदान पर हमारा साथ भले ही खत्म हो रहा हो, लेकिन वह हमेशा इस फ्रेंचाइजी की विरासत का अभिन्न हिस्सा रहेंगे।'

फ्लेमिंग ने अपने विदाई संदेश में कहा, 'खेल में 18 साल बहुत लंबा समय होता है और मैं यहां से केवल आभार के साथ जा रहा हूं। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ बिताया गया समय मेरे कोचिंग करियर का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। हमने साथ मिलकर अविस्मरणीय जीत हासिल कीं, कठिन दौर का सामना किया और ऐसी यादें बनाई जो हमेशा मेरे साथ रहेंगी। सीएसके हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा और आने वाले वर्षों में मैं इस टीम का सबसे बड़ा समर्थक बना रहूंगा।' सीएसके के प्रबंध निदेशक केएस विश्वनाथन ने कहा, 'शुरूआती दिनों से ही फ्लेमिंग ने केवल हमारी खेलने की शैली ही नहीं, बल्कि फ्रेंचाइजी की पूरी संस्कृति को आकार दिया। उन्होंने टीम में निरंतरता, विनम्रता और टीम को सबसे ऊपर रखने की परंपरा विकसित की। खिलाड़ियों को समझने और उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की उनकी क्षमता उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है। उनका प्रभाव केवल मैदान तक सीमित नहीं है और हमें उनके साथ यह शानदार सफर तय करने पर गर्व है।'

### न्यूजीलैंड के खिलाफ बाकी दो वनडे के लिए वेस्टइंडीज टीम में बदलाव

# शिमरोन हेटमायर की वापसी, चोटिल ग्रीव्स बाहर

एजेंसी

**प्रोविडेंस।** वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे और तीसरे वनडे के लिए अनुभवी बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर को टीम में शामिल किया है। वह चोटिल जस्टिन ग्रीव्स की जगह लेंगे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने मंगलवार को बताया कि ग्रीव्स पीठ की चोट के कारण पहले वनडे से बाहर हो गए थे और अब आगे के उपचार और पुनर्वास के लिए बारबाडोस लौट गए हैं। हेटमायर ने अपना आखिरी वनडे जून, 2025 में खेला था। उन्हें जून, 2026 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया था, लेकिन अंतिम एकादश में मौका नहीं मिला। न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरूआती तीन वनडे के लिए उन्हें इसलिए नहीं चुना गया था ताकि वह मेजर लीग क्रिकेट में सिएटल



ऑर्काज के लिए अपना अभियान पूरा कर सकें।

हालांकि, सिएटल ऑर्काज एमएलसी लीग चरण में पांचवें स्थान पर रही और प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी। इसके बाद हेटमायर वेस्टइंडीज टीम से जुड़ने के लिए उपलब्ध हो गए। उन्होंने एमएलसी 2026 में 10 मैचों में 164 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 136.66 रहा।

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने यह भी बताया कि जस्टिन ग्रीव्स की स्थिति का दोबारा आकलन न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम दो वनडे और उसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले किया जाएगा। ग्रीव्स हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार फॉर्म में थे।

**न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन वनडे के लिए वेस्टइंडीज टीम**

शाई होप (कप्तान एवं विकेटकीपर), अकीम ऑगस्टे, जॉन कैंपबेल, कीसी कार्टी, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, आमिर जंगू, अल्जारी जोसेफ, शमार जोसेफ, विटेल लॉज, गुडाकेश मोती, कीमो पॉल, शेरफेन रदरफोर्ड और जेडन सील्स।

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब एफसी ने पावलोस डर्मिट्जाकिस को दो साल के लिए बनाया नया मुख्य कोच



मोहाली। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के लिए क्लब पंजाब एफसी ने 2026-27 सत्र से पहले ग्रीस के अनुभवी फुटबॉल कोच पावलोस डर्मिट्जाकिस को टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। 57 वर्षीय डर्मिट्जाकिस ने ग्रीक सुपर लीग-2 क्लब पानियोनियोस एफसी से दो साल के अनुबंध पर पंजाब एफसी का दामन थामा है। डर्मिट्जाकिस के पास ग्रीस के फुटबॉल ढांचे में दो दशक से अधिक का कोचिंग अनुभव है। उन्होंने अपने कोचिंग करियर की शुरूआत 2002-03 में एरगोटेलिस क्लब से की थी। इसके बाद उन्होंने अत्सालेनियोस क्लब को तीसरे डिवीजन में पहुंचाया और लगातार चार सीजन तक टीम का मार्गदर्शन किया। इस दौरान उनकी टीम ने 2005-06 और 2006-07 सीजन में घरेलू मैदान पर एक भी मुकाबला नहीं गंवाया। इसके बाद उन्होंने जीएस डायगोरास 1905 को ग्रीक फुटबॉल के दूसरे डिवीजन में पहुंचाया। वह ग्रीक सुपर लीग के क्लब पंथ्राकिकोस, पीएओके, एस्टेरास त्रिपोलिस और ओएफआई क्रीट के भी मुख्य कोच रह चुके हैं। 2020-21 और 2021-22 सीजन में उन्होंने वेरिया 1960 क्लब को लगातार दो बार नॉर्थ ग्रुप का चैंपियन बनाया। वहीं 2022 में पानसेराइकोस एफसी की कमान संभालते हुए उन्होंने क्लब को 12 साल बाद दोबारा ग्रीक सुपर लीग में पहुंचाने का कारनामा किया। कोचिंग से पहले डर्मिट्जाकिस का खिलाड़ी के रूप में भी शानदार करियर रहा। बतौर फॉरवर्ड उन्होंने 15 वर्षों तक पेशेवर फुटबॉल खेला और ग्रीस के विभिन्न क्लबों के लिए 500 से अधिक मैचों में 200 से ज्यादा गोल किए।

### यूपीटी 20 सीजन-4 का आयोजन 14 अगस्त से, पहली बार लखनऊ और कानपुर में खेले जाएंगे मुकाबले

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश टी20 लीग (यूपीटी20) के चौथे सीजन का आयोजन 14 अगस्त से 6 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। 24 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 34 मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें 13 डबल हेडर और 8 सिंगल हेडर मैच दिवस शामिल होंगे। यूपी क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने रविवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। इस बार पहली बार यूपीटी20 लीग का आयोजन दो शहरों में होगा। टूर्नामेंट का पहला चरण लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां 13 मैच दिवसों में कुल 22 मुकाबले होंगे। इसके बाद प्रतियोगिता का दूसरा चरण कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित होगा, जहां शेष 12 मैच खेले जाएंगे। लीग का उद्घाटन समारोह और पहला मुकाबला लखनऊ में होगा, जबकि फाइनल और समापन समारोह कानपुर में आयोजित किया जाएगा। रविवार को हुई यूपीसीए गवर्निंग काउंसिल की बैठक में चौथे सीजन से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। यूपीसीए ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बीसीसीआई उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला का खेलों के विकास में निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

# भारतीय महिला टीम ने लॉड्र्स में इंग्लैंड को 270 रन से मात देकर रचा इतिहास

एजेंसी

**लंदन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने लॉड्र्स में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में सोमवार को इंग्लैंड को 270 रन से हराकर इतिहास रच दिया। यह टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। चौथे और अंतिम दिन भारत को जीत के लिए केवल चार विकेट की जरूरत थी, जिन्हें उसने महज डेढ़ घंटे के भीतर हासिल कर लिया। 457 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा कर रही इंग्लैंड की टीम तीसरे दिन ही 59/5 के स्कोर पर लड़खड़ा गई थी और दिन का खेल खत्म होने पर केवल 130 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। चौथे दिन सोमवार को उसने 130/6 से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन केवल 56 रन और जोड़कर 176 रन पर सिमट गई।

भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दिन की शुरूआत से ही आक्रामक रणनीति अपनाई और स्पिनरों के साथ करीबी फील्डर लगाकर इंग्लैंड पर

**टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है**



लगातार दबाव बनाए रखा।

एमी जोन्स ने संघर्ष करते हुए 54 रन बनाए, जबकि सोफी एक्लेस्टोन ने 50 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई खास साथ नहीं मिला।

भारतीय स्पिनरों ने मैच पर पूरी तरह शिकंजा कस दिया। स्नेह राणा ने 4 विकेट लेकर इंग्लैंड की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। आखिरी विकेट भी राणा ने ही हासिल किया, जब उनकी शानदार टर्न लेती गेंद ने एक्लेस्टोन की गिल्लियां बिखेर दीं।

इससे पहले भारत ने पहली पारी में 285 रन बनाए थे, जिसमें स्मृति मंधाना ने 83 और हरमनप्रीत कौर ने 58 रन की अहम पारियां खेलीं। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 170 रन पर सिमट गई, जहां तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके।

दूसरी पारी में भारत ने 341/7 पर पारी घोषित की। यास्तिका भाटिया ने शानदार 113 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि स्मृति मंधाना ने 70 रन बनाकर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई।

भारत की इस जीत के साथ महिला टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के खिलाफ उसकी कुल चौथी जीत दर्ज हुई, जो किसी भी एक टीम के खिलाफ उसकी सबसे अधिक टेस्ट जीत है। इंग्लैंड की धरती पर खेले गए 10 महिला टेस्ट मैचों में यह भारत की तीसरी जीत रही, जबकि बाकी सात मुकाबले ड्रॉ रहे।

**संक्षिप्त स्कोर**

**भारत: 285 और 341/7 घोषित**
**यास्तिका भाटिया 113 रन, स्मृति मंधाना 70 व 83 रन, हरमनप्रीत कौर 58 रन)।**
**इंग्लैंड: 170 और 176**
**एमी जोन्स 54 व 52 रन, सोफी एक्लेस्टोन 50 रन)**
**परिणाम: भारत ने इंग्लैंड को 270 रन से हराया।**

### ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले भारत को झटका

# पैरा तैराक तेजस नंदकुमार बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 से पहले भारतीय दल को बड़ा झटका लगा है। भारतीय पैरा तैराक तेजस नंदकुमार अब इस बहु-खेल प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। आयोजकों ने वर्गीकरण (क्लासिफिकेशन) संबंधी नियमों का हवाला देते हुए उन्हें प्रतियोगिता के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है।

20 वर्षीय तेजस नंदकुमार का नाम पिछले सप्ताह भारत के आधिकारिक दल में शामिल था। उन्हें ग्लासगो में पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल एस7 स्पर्धा में भाग लेना था और शुरूआत में आयोजकों ने उनकी एंट्री स्वीकार भी कर ली थी। हालांकि, 9 जुलाई को ग्लासगो 2026 आयोजन समिति ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को भेजे पत्र में बताया कि अंतरराष्ट्रीय महासंघ द्वारा 23 जून के बाद किए गए वैलिडेशन के दौरान तेजस को प्रतियोगिता के लिए अयोग्य पाया गया।

आयोजकों के अनुसार, कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा लेने के लिए पैरा तैराकों के पास कन्फर्म



स्पोर्ट क्लास या 2027 या उसके बाद की समीक्षा तिथि वाला क्लासिफिकेशन होना जरूरी था। तेजस का क्लास स्टेटस आर-2025 होने के कारण वह पात्रता मानकों को पूरा नहीं कर सके।

तेजस नंदकुमार इससे पहले 2023 पैरा एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनके पैरों में जन्मजात समस्या है, जिसके कारण उन्हें एस7 श्रेणी में रखा गया था। इस श्रेणी में ऐसे खिलाड़ी शामिल होते हैं जिनके हाथ और धड़ सामान्य रूप से काम करते हैं, लेकिन पैरों की कार्यक्षमता सीमित होती है।

पैरा खेलों में क्लासिफिकेशन यह तय करता है कि खिलाड़ी किस वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेगा, ताकि सभी प्रतिभागियों के बीच निष्पक्ष मुकाबला सुनिश्चित किया जा सके।

# फीफा विश्व कप में पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ उतरेंगे मेसी, होगी कड़ी टक्कर

एजेंसी

**कैनसस सिटी।** अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं। फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में स्थानीय समयानुसार बुधवार को अर्जेंटीना और इंग्लैंड आमने-सामने होंगे। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने इस मुकाबले को 'वह मैच जिसका इंतजार मेसी की किस्मत को भी था' बताया है।

39 वर्षीय मेसी ने अपने लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में ब्राजील, जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, इटली और उरुग्वे जैसी विश्व चैंपियन टीमों का सामना किया है, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का मौका उन्हें कभी नहीं मिला।

दोनों टीमों की पिछली भिड़ंत नवंबर, 2005 में स्विट्जरलैंड के जिनेवा में एक दोस्ताना मुकाबले में हुई थी। उस मैच में अर्जेंटीना को 3-2 से हार का सामना करना पड़ा था। वेन रूनी और माइकल ओवेन ने इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाई थी, जबकि अर्जेंटीना के लिए हर्नान क्रेस्पो



और वाल्टर सैमुअल ने गोल किए थे। हालांकि, मेसी उस मुकाबले में नहीं खेल सके थे, क्योंकि उसी वर्ष हंगरी के खिलाफ अपने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू मैच में रेड कार्ड मिलने के कारण वह निलंबित थे।

स्विट्जरलैंड पर 3-1 की क्वार्टर फाइनल जीत के बाद मेसी ने कहा, 'यह मुकाबला खास है, क्योंकि इंग्लैंड एक शानदार और मजबूत टीम है। ऐसी टीम के खिलाफ खेलना हमेशा सुखद होता है। अब हमें अच्छी तरह आराम करना होगा, क्योंकि लगातार मुकाबलों के कारण टीम पर काफी दबाव रहा है। हम पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरना चाहते हैं और उसी तरह प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं जैसे अब तक करते आए हैं।'

अर्जेंटीना ने लगातार तीसरे नॉकआउट मुकाबले में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की है। राउंड ऑफ-32 में टीम ने अतिरिक्त समय में केप वर्डे को 3-2 से हराया था, जबकि प्री-क्वार्टर फाइनल में मिस्र के खिलाफ 0-2 से पिछड़ने के बाद आखिरी 11 मिनट में शानदार वापसी करते हुए 3-2 से जीत हासिल की थी।

स्विट्जरलैंड के खिलाफ मेसी ने एलेक्सिस मैक एलिस्टर के गोल में असिस्ट किया, लेकिन यह कतर के 2022 में हुए विश्व कप में पोलैंड के खिलाफ मुकाबले के बाद पहला मौका था, जब मेसी विश्व कप मैच में गोल नहीं कर सके।

इंग्लैंड और अर्जेंटीना के बीच यह मुकाबला फुटबॉल इतिहास की सबसे चर्चित प्रतिद्वंद्विताओं में से एक माना जाता है। ऐसे में मेसी के करियर का पहला इंग्लैंड मुकाबला विश्व कप के सेमीफाइनल जैसे बड़े मंच पर होना इस मैच को और भी ऐतिहासिक बना देगा।

## व्यापार

# देश का निर्यात जून में 15.5 फीसदी बढ़कर 40.41 अरब डॉलर पर पहुंचा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश का वस्तु निर्यात निर्यात जून में सालाना आधार पर 15.5 फीसदी बढ़कर 40.41 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष जून, 2025 में 34.98 अरब डॉलर रहा था। इस दौरान आयात करीब 31 फीसदी बढ़कर 70.84 अरब डॉलर रहा। इससे जून महीने में व्यापार घाटा बढ़कर 30.43 अरब डॉलर हो गया।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) और कीमती धातुओं की वैश्विक कीमतों में तेजी के कारण आयात में निर्यात की तुलना में अधिक बढ़ोतरी दर्ज की गई। आयात में 31 फीसदी की बढ़ोतरी होने की वजह से यह 70.84 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष जून में यह

● **जून में आयात-निर्यात के बीच अंतर बढ़ने से व्यापार घाटा 30.43 अरब डॉलर**



54.08 अरब डॉलर था। इसके कारण व्यापार घाटा जून, 2025 के 19.10 अरब डॉलर से लगभग 59 फीसदी बढ़कर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2026-27 की (अप्रैल-जून) पहली तिमाही के दौरान निर्यात 15.92 फीसदी बढ़कर 129.32 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 19.89 फीसदी बढ़कर 216.18 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सोने का आयात बढ़कर 11.01 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले साल अप्रैल-जून में 7.49 अरब डॉलर रहा था।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने संवाददाताओं को बताया कि जून में पश्चिम एशियाई देशों को भारत का निर्यात 7.29 फीसदी बढ़कर 5 अरब डॉलर हो गया। अग्रवाल ने कहा कि कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और कीमती धातुओं के आयात बढ़ने के कारण कुल आयात बढ़ा है।


### कमजोर शुरूआत के बाद लिवाली के सपोर्ट से संभला शेयर बाजार, सेंसेक्स निचले स्तर से 931 अंक उछला

# फ्लैट क्लोजिंग के बावजूद निवेशकों ने कमाए 1.10 लाख करोड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण ग्लोबल मार्केट में मचे हाहाकार का असर आज घरेलू शेयर बाजार में भी शुरूआती कारोबार के दौरान साफ-साफ नजर आया। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही वैश्विक दबाव में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी और बढ़ गई। हालांकि थोड़ी देर बाद ही निचले स्तर से वैल्यू बाइंग शुरू हो जाने, आईटी स्टॉक्स में जमकर खरीदारी होने और विदेशी निवेशकों की लिवाली के कारण शेयर बाजार ने रिकवरी शुरू कर दी। निचले स्तर से हुई वैल्यू बाइंग के कारण सेंसेक्स इंट्रा-डे में नौ सौ अंक से अधिक उछल गया। इसी तरह निफ्टी ने भी निचले स्तर से 250 अंक से अधिक की छलांग लगाई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ सपाट स्तर पर बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इस खरीदारी के कारण निफ्टी का आईटी इंडेक्स 3.59 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर, एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों की आज लगातार



बिकवाली होती रही। बिकवाली के दबाव के कारण निफ्टी का एफएमसीजी इंडेक्स 0.82 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह कैपिटल गुड्स, हेल्थकेयर, मेटल, रियल्टी, इंफ्रास्ट्रक्चर और एनर्जी इंडेक्स भी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए।

ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक बढ़त के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.03 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आईटी सेक्टर में हुई जोरदार खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 482.40 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 481.30 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.10 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,592 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,335 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,068 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 189 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,995 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,535 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,460 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर बढ़त के साथ और 18 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 20 शेयर हरे निशान में और 30 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# रथयात्रा समितियों को 5-5 लाख की सरकारी सहायता, श्रावण मेले के लिए भी विशेष व्यवस्था : शुभेंदु अधिकारी

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को राज्य की 60 रथयात्रा समितियों को 5-5 लाख रुपये की सरकारी सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस वर्ष रथयात्रा महोत्सव में केवल प्रशासनिक स्तर पर नहीं, बल्कि सक्रिय रूप से भागीदारी करेगी।



मुख्यमंत्री ने श्रावण मास में जलयात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष सेवाओं की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सहायता राज्य की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं के संरक्षण तथा उत्सवों में सरकार की भागीदारी का हिस्सा है। उन्होंने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले सरकार की भूमिका केवल कुछ यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती तक सीमित रहती थी, जबकि वर्तमान सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ₹विकास और विरासत₹ के मंत्र को आधार बनाकर काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि इस बार राज्य सरकार रथयात्रा उत्सव में आधिकारिक और सक्रिय रूप से शामिल होगी ताकि इस ऐतिहासिक और पारंपरिक आयोजन को और अधिक व्यवस्थित तथा भव्य बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने श्रावण मेले के दौरान जलयात्रियों के लिए विशेष सुविधाओं का भी ऐलान किया। उन्होंने बताया कि शेवड़ाफुली से तारकेश्वर धाम तक जाने वाले मार्ग पर प्रत्येक पांच किलोमीटर की दूरी पर सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा, तारकेश्वर धाम के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए 15 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जलयात्रियों की सुविधा के लिए राज्य सरकार ने तीन प्रमुख धार्मिक स्थलों को सेवा केंद्र के रूप में चुना है। इनमें जलपाईगुड़ी का जाल्पेश मंदिर, भूटान सीमा के निकट जयंती क्षेत्र का एक प्रमुख मंदिर तथा तारकेश्वर धाम शामिल हैं। इन तीनों तीर्थस्थलों के आसपास श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और विकास को साथ लेकर आगे बढ़ना है, ताकि राज्य के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# प्लास्टिक स्क्रैप गोदाम में भीषण आग, करोड़ों के नुकसान का अनुमान

एजेंसी

**जलपाईगुड़ी।** जिले के मयनागुड़ी कस्बे में सोमवार तड़के एक प्लास्टिक स्क्रैप गोदाम में भयावह आग लग गई। आग तड़के साढ़े तीन बजे वार्ड नंबर चार के दाड़ीभिजा इलाके में स्थित गोदाम में लगी। स्थानीय लोगों ने गोदाम से ऊंची लपटें और काला धुआं उठता देखा, जिसके बाद तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गई।



सूचना मिलते ही मयनागुड़ी फायर स्टेशन की दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग की भयावहता को देखते हुए धूपगुड़ी फायर स्टेशन से भी अतिरिक्त दमकल वाहन बुलाए गए। कुल तीन दमकल वाहनों ने तीन घंटे से अधिक समय तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि आग ने पास के एक रिहायशी मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मकान का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। गोदाम के मालिक बाबाई चाकी के अनुसार, आग में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक स्क्रैप और कई महंगी मशीनें जलकर राख हो गईं। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक इस हादसे में करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है।

# बांकुड़ा के हाटग्राम की पारंपरिक शंख कला को मिली जीआई मान्यता

एजेंसी

**बांकुड़ा।** जिले की लगभग तीन सौ वर्ष पुरानी हाटग्राम की पारंपरिक शंख कला को भौगोलिक संकेतक (जीआई) मान्यता प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि से शंख कलाकारों और शिल्पकारों में उत्साह का वातावरण है तथा उन्हें आशा है कि इससे इस पारंपरिक कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। हाटग्राम शंख वणिक कल्याण समिति ने वर्ष 2022 में इस पारंपरिक शिल्प को जीआई मान्यता दिलाने के लिए आवेदन किया था। लंबे प्रयासों के बाद अब इसे औपचारिक मान्यता प्राप्त हुई है।



बांकुड़ा के इंदपुर विकासखंड स्थित हाटग्राम राज्य के प्रमुख शंख शिल्प केंद्रों में से एक है। इसके अलावा बांकुड़ा नगर के शंखारीपाड़ा, विष्णुपुर, शासपुर तथा रायबाघिनी क्षेत्रों में भी अनेक परिवार पीढ़ियों से इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। विशेष रूप से शंख पर सूक्ष्म नक्काशी और मूर्तिकला निर्माण के लिए हाटग्राम के कलाकारों की विशिष्ट पहचान है।

हाटग्राम में लगभग 300 शंखारी परिवार प्रत्यक्ष रूप से इस शिल्प से जुड़े हुए हैं। समय के साथ यहां की शंख कला में आधुनिकता का समावेश हुआ है। पारंपरिक शंख और हाथों में पहनने वाली शंख चूड़ियों के साथ-साथ गृह सज्जा की अनेक कलात्मक वस्तुएं भी तैयार की जा रही हैं।

इस शिल्प के लिए कच्चा शंख मुख्य रूप से दक्षिण भारत से लाया जाता है। कलाकार पहले शंख पर पेंसिल से रूपरेखा बनाते हैं, इसके बाद विशेष नक्काशी मशीनों की सहायता से उस पर बारीक कारीगरी की जाती है। पहले यह कार्य छेनी और बट्टाली से किया जाता था, किंतु अब आधुनिक उपकरणों का उपयोग बढ़ गया है।

हाटग्राम के शिल्पी रामायण, महाभारत और पुराणों के प्रसंगों के साथ-साथ मानव सभ्यता के विकास, साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण तथा समकालीन सामाजिक संदेशों को भी शंखों पर उकेर रहे हैं। हाल के वर्षों में शंख पर त्रि-आयामी जालीदार नक्काशी की नई तकनीक ने भी विशेष आकर्षण पैदा किया है।

# पश्चिम बंगाल में समुद्र में लापता ट्रॉलर बरामद, नौ मछुआरों के शव मिले, छह की तलाश जारी

एजेंसी

**दक्षिण 24 परगना।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बकखाली तट के पास लापता मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर 'मा काली' को बरामद कर लिया गया है। ट्रॉलर से रविवार देररात चार और मछुआरों के शव बरामद किए गए। इससे पहले रविवार को पांच शव मिले थे। इस तरह हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है, जबकि छह मछुआरे अब भी लापता हैं। उनकी तलाश की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों और मछुआरों ने पूरी रात ट्रॉलर के भीतर और आसपास सघन तलाशी अभियान चलाया। आशंका जताई जा रही है कि दुर्घटना के समय कुछ मछुआरे समुद्र की ऊंची लहरों में बह गए होंगे। घटना की जानकारी मुख्यमंत्री को दे दी गई है और आगे की कार्रवाई पर विचार किया जा रहा है। रविवार रात सुंदरबन विकास विभाग के राज्यमंत्री दीपंकर जाना घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने पाथरप्रतिमा के गोवर्धनपुर कोस्टल थाना क्षेत्र के सीतारामपुर घाट पर चल रहे राहत एवं बचाव अभियान की पूरी रात निगरानी की। इस दौरान काकद्वीप महकमा प्रशासन, सुंदरबन पुलिस, गोवर्धनपुर कोस्टल थाना, वन विभाग तथा मछुआरा संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार, दीघा के शंकरपुर बंदरगाह से दो जुलाई को 'मा काली' ट्रॉलर मछली पकड़ने के लिए समुद्र में निकला था। पांच जुलाई के बाद से ट्रॉलर का संपर्क टूट गया था। इसके बाद पुलिस, तटरक्षक बल, नौसेना, वन विभाग और मछुआरा संगठनों ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान शुरू किया।

उल्लेखनीय है कि पिछले रविवार को दक्षिण 24 परगना के बकखाली तट से लगभग 35 किलोमीटर दूर चुलकाठी जंगल के निकट बाघेरचर इलाके में ट्रॉलर उलटी अवस्था में मिला। संयुक्त अभियान के बाद ट्रॉलर को सीतारामपुर घाट लाया गया।

# नदिया में सरकारी लोगो वाले राशन चावल के करीब 40 बोरे बरामद, जांच में जुटी पुलिस

एजेंसी

**नदिया।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के शांतिपुर थाना क्षेत्र में सरकारी लोगो लगे राशन चावल के करीब 40 बोरे बरामद होने से सनसनी फैल गई है। ये बोरे फूलिया प्रफुल्लनगर इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-12 के किनारे एक सुनसान स्थान से मिले हैं। घटना के बाद इलाके में सरकारी राशन की संभावित हेराफेरी को लेकर चचाओं का दौर शुरू हो गया है।



स्थानीय लोगों के अनुसार, सोमवार सुबह जब वे घरों से बाहर निकले तो सड़क किनारे कूड़े के ढेर के पास कई चावल के बोरे पड़े हुए देखे। शुरूआत में लोगों ने इस पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन बोरों पर सरकारी लोगो देखकर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्र हो गए।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि बरामद बोरों पर सरकारी निशान स्पष्ट रूप से अंकित हैं। उन्हें आशंका है कि यह चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन) का हो सकता है। हालांकि, इन बोरों को वहां कौन छोड़कर गया और वे वहां कैसे पहुंचे, इसका अभी तक पता नहीं चल सका है। सूचना पाकर शांतिपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी चावल के बोरों को जब्त कर जांच शुरू कर दी। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि चावल किस गोदाम या इलाके के लिए आवंटित था और किन परिस्थितियों में वह सुनसान स्थान पर पहुंचा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकारी खाद्यान्न के वितरण में पहले भी अनियमितताओं के आरोप सामने आते रहे हैं। ऐसे में इस मामले में भी भ्रष्टाचार या राशन की कालाबाजारी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

फिलहाल प्रशासन की ओर से बरामद चावल के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पुलिस बोरों पर मौजूद चिन्हों और अन्य विवरणों के आधार पर उनके स्त्रोत का पता लगाने में जुटी है।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, आठ लोग घायल

**सीवान।** सीवान जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर नंद गांव में सोमवार की दोपहर जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी झड़प हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों के कुल आठ लोग घायल हो गए, जिनमें छह की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही बसंतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बसंतपुर पहुंचाया। इसी दौरान थानाध्यक्ष राजू कुमार भी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और घायलों से घटना की जानकारी ली। चिकित्सकों के अनुसार मारपीट में मुकुंद कुमार, दीपक कुमार, अंगद यादव, बिंदा देवी, संजय यादव तथा महेश कुमार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति चिंताजनक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं चंदा देवी और बद्री राय का इलाज बसंतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था। रविवार को भी दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और मामूली मारपीट हुई थी। सोमवार को विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। बसंतपुर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एसएसपी के निर्देश पर चलाया गया वाहन जांच अभियान

**भागलपुर।** जिले में अपराध पर अंकुश लगाने, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने, विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सोमवार सुबह बाईपास थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष जांच अभियान चलाकर वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की। मॉर्निंग पेट्रोलिंग के दौरान बाईपास थाना क्षेत्र के बैजानी पेट्रोल पंप के समीप डायल-112 की टीम ने वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व एएसआई अनील कुमार ने किया। उनके साथ सिपाही अमन कुमार तथा चालक विवेकानंद सिंह भी मौजूद थे। पुलिस टीम ने क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर वाहनों की जांच करते हुए आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ की। जांच के दौरान दोपहिया, तीनपहिया और चारपहिया वाहनों के आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। वहीं संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए कई लोगों से पूछताछ भी की गई। पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें नियमों का पालन करने की हिदायत दी।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए इस तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा। विशेष रूप से संवेदनशील इलाकों, मुख्य मार्गों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नियमित रूप से वाहन जांच की जाएगी, ताकि अपराधियों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। साथ ही आम लोगों से भी अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, आवश्यक दस्तावेज साथ रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# मंत्री ने विक्रमशिला सेतु के मरम्मत कार्य का किया निरीक्षण, समय पर कार्य पूरा करने के लिए निर्देश

एजेंसी

**भागलपुर।** बिहार के पथ निर्माण मंत्री सह बिहपुर विधायक ई कुमार शैलेन्द्र ने सोमवार को भागलपुर के विक्रमशिला सेतु के मरम्मत कार्य का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने सेतु के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों से परियोजना की वर्तमान स्थिति, गुणवत्ता नियंत्रण तथा निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप कार्यों के निष्पादन की जानकारी ली।



इस दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विक्रमशिला सेतु के पुनर्स्थापन एवं मरम्मत का कार्य हर हाल में 30 नवंबर 2026 तक पूरा किया जाये।

मंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जायेगी। मंत्री ने कहा कि सेतु के पुनर्स्थापन कार्य के प्रत्येक चरण में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाये।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और कार्य की नियमित निगरानी की जाये, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो।

मंत्री ने डिस्मेंटलिंग कार्य के लिए बनाये जा रहे स्टेजिंग निर्माण की भी समीक्षा की। मंत्री ने संबंधित एजेंसी को निर्देश दिया कि स्टेजिंग निर्माण निर्धारित गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूरा किया जाये। मंत्री ने कहा कि आगामी चरण में बेली ब्रिज को सुरक्षित तरीके से हटाने के लिए बीआरओ के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित किया जाये।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी तकनीकी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए बेली ब्रिज हटाने का कार्य सुरक्षित और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाये। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि आम लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# विकास कार्यों में लापरवाही पर होगी दंडात्मक कार्रवाई, दो हफ्ते में भूमि विवाद सुलझाने के निर्देश

एजेंसी

**कटिहार।** समाहरणालय स्थित सभागार में प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की एक उच्चस्तरीय समीक्षात्मक बैठक जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिले के सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता, अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए।



बैठक में विकासात्मक, बुनियादी ढांचा, भू-अर्जन, सड़क, पुल, विद्युत आपूर्ति और जन कल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी परियोजनाएं समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण हों। समय और गुणवत्ता से समझौता करने वाले संवेदकों एवं गैर-जिम्मेदार कर्मियों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

विभिन्न योजनाओं में आ रही बाधाओं और भूमि विवादों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर दो सप्ताह के भीतर समाधान सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया है।

भू-अर्जन की समीक्षा में बताया गया कि स्टेट हाईवे-98 परियोजना के तहत 2,234 रैयतों को 102.01 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जा चुका है। वहीं, एनएच 131ए और रेल दोहरीकरण के लिए भूमि हस्तांतरण का काम तेजी से चल रहा है। इसके साथ ही कटिहार में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए 8 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं और इसकी अधिसूचना जल्द जारी की जाएगी। बुनियादी ढांचे की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि कुरुम-गायघट्टा पथ का 94 प्रतिशत और कटिहार-प्राणपुर पथ का 53 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जिसे अक्टूबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया है कि डहेरिया, दीघरी, लाभा, दलन सहित विभिन्न प्रखंडों में बन रहे नए विद्युत शक्ति उपकेंद्रों को हर हाल में नवंबर 2026 तक चालू किया जाए।

# ऐतिहासिक बाबा महेंद्रनाथ मंदिर परिसर और सरोवर की सफाई में जुटी युवा शक्ति, हर रविवार चल रहा श्रमदान अभियान

झारखंड दर्शन संवाददाता

**सीवान।** जिले के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक बाबा महेंद्रनाथ मंदिर परिसर स्थित पवित्र सरोवर की साफ-सफाई के लिए युवाओं ने अनूठी पहल शुरू की है। वर्षों से जलकुंभी से पट चुके इस ऐतिहासिक तालाब को पुनः स्वच्छ और सुंदर बनाने के संकल्प के साथ क्षेत्र के युवा लगातार श्रमदान कर रहे हैं। प्रत्येक रविवार को बड़ी संख्या में युवा मंदिर परिसर पहुंचकर सफाई अभियान में भाग ले रहे हैं। बाबा महेंद्रनाथ मंदिर में विशेष रूप से सावन माह के दौरान लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं।



मंदिर परिसर में स्थित विशाल एवं ऐतिहासिक सरोवर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, लेकिन नियमित साफ-सफाई के अभाव में तालाब पूरी तरह जलकुंभी से भर गया था। इससे न केवल सरोवर की प्राकृतिक सुंदरता प्रभावित हुई, बल्कि श्रद्धालुओं को स्नान करने और पूजा-अर्चना के लिए जल भरने में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

इसी समस्या को देखते हुए युवाओं ने दो सप्ताह पहले चलो बाबा महेंद्रनाथ धाम, होखो एगो सामाजिक काम₹ का नारा देते हुए विशेष सफाई अभियान शुरू किया। अभियान के तहत प्रत्येक रविवार को सीवान, छपरा, गोपालगंज सहित आसपास के विभिन्न जिलों से युवा मंदिर पहुंचकर श्रमदान कर रहे हैं और सरोवर से जलकुंभी हटाने का कार्य युद्धस्तर पर चला रहे हैं।

युवाओं का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल तालाब की सफाई करना नहीं, बल्कि बाबा महेंद्रनाथ धाम की खोई हुई ऐतिहासिक गरिमा और प्राकृतिक सुंदरता को पुनः स्थापित करना भी है। इस अभियान को स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं का भी भरपूर सहयोग एवं समर्थन मिल रहा है। लोग युवाओं की इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए स्वयं भी इसमें सहभागिता निभा रहे हैं। बाबा महेंद्रनाथ मंदिर का इतिहास भी अत्यंत गौरवशाली माना जाता है। मान्यता है कि इस मंदिर की स्थापना नेपाल के राजा महेंद्र ने कराई थी। कहा जाता है कि राजा महेंद्र चर्म रोग से पीड़ित थे। एक बार यात्रा के दौरान वे इस स्थान पर रात्रि विश्राम के लिए रुके। उसी रात उन्हें स्वप्न में भगवान शिव ने दर्शन देकर पास के जलकुंड में स्नान करने का निर्देश दिया।

सुबह राजा ने उस जल से स्नान किया, जिससे उनका चर्म रोग पूरी तरह ठीक हो गया। इस चमत्कार से अभिभूत होकर उन्होंने यहां विशाल सरोवर का निर्माण कराया तथा भगवान शिव का मंदिर स्थापित कराया, जो आज बाबा महेंद्रनाथ मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। युवाओं का यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा है, बल्कि सामाजिक सहभागिता और धार्मिक आस्था के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का भी प्रेरक उदाहरण बनकर उभर रहा है।

# कोचिंग संस्थान के बाहर फायरिंग मामले में खान सर को अग्रिम जमानत

एजेंसी

**पटना।** पटना सिविल कोर्ट ने शिक्षक एवं यूट्यूबर खान सर (फैजल खान) को उनके कोचिंग संस्थान के बाहर हुई फायरिंग के मामले में सोमवार को अग्रिम जमानत दे दी। अदालत ने इस मामले में कुल छह लोगों को राहत प्रदान की, जिनमें खान सर, उनके तीन कर्मचारी और दो सुरक्षा गार्ड शामिल हैं।

खान सर के अधिवक्ता अरविंद कुमार मौआर ने बताया कि अदालत ने सबसे पहले खान सर की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर की। इसके बाद उनके तीन कर्मचारियों को भी अग्रिम जमानत दी गई। वहीं, मामले में न्यायिक हिरासत में बंद दोनों सुरक्षा गार्डों की नियमित जमानत याचिका भी स्वीकार कर ली गई। अधिवक्ता ने कहा कि पुलिस ने मामले की निष्पक्ष जांच की और केस डायरी में वास्तविक तथ्यों को दर्ज किया। उनके अनुसार, जांच के दौरान सामने आए तथ्यों का प्रभाव अदालत के फैसले में भी देखने को मिला।

उल्लेखनीय है कि इस मामले की शुरूआत ज्ञान बिंदु कोचिंग के निदेशक रौशन आनंद और उनके दो सहयोगियों की गिरफ्तारी से हुई थी। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा था। बाद में उन्हें अदालत से जमानत मिल गई। इसके बाद जांच के दौरान खान ग्लोबल स्टडीज के दो सुरक्षा गार्ड प्रदीप कुमार और तालेबर सिंह को भी गिरफ्तार कर बेउर जेल भेजा गया था। दोनों उसी समय से न्यायिक हिरासत में थे और अब अदालत ने उन्हें नियमित जमानत दे दी है।

जांच के दौरान एक वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने फैजल खान उर्फ खान सर का नाम भी प्राथमिकी में शामिल किया था। उन पर आरोप था कि उनके सुरक्षा गार्डों ने फायरिंग की और घटना में उनकी भूमिका की भी जांच की गई। हालांकि, इससे पहले अदालत उनकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा चुकी थी।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 14 जुलाई 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### कतर के पूर्व अमीर के निधन पर शंघाई के भारतीय महावाणिज्य दूत ने जताई गहरी संवेदना



**नई दिल्ली।** भारत के शंघाई स्थित महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने सोमवार को महावाणिज्य दूतावास जाकर कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन पर शोक व्यक्त किया। भारत के महावाणिज्य दूतावास शंघाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने कतर के महावाणिज्य दूतावास में पहुंचकर शोक-पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए और दिवंगत नेता के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कतर के शाही परिवार, सरकार और वहां के नागरिकों के प्रति भारत की ओर से गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा इस दुखद घड़ी में उनके साथ एकजुटता प्रकट की।

### मांजलपुर उपचुनाव : कांग्रेस उम्मीदवार भीखाभाई रबारी ने भरा नामांकन

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा की मांजलपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। भाजपा के बाद अब कांग्रेस उम्मीदवार भीखाभाई रबारी ने भी सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। इससे पहले कांग्रेस की ओर से शक्ति प्रदर्शन किया गया, जिसमें कार्यकताओं में चुनाव को लेकर उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने पार्टी के मुद्दों को मतदाताओं तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया और उपचुनाव में जीत का विश्वास जताया। नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मांजलपुर विधानसभा उपचुनाव की अंतिम तस्वीर स्पष्ट होगी। इसके बाद राजनीतिक दल अपने चुनाव प्रचार अभियान को और तेज करेंगे।

### मांजलपुर उपचुनाव : भाजपा उम्मीदवार सतीश पटेल ने भरा नामांकन

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा की मांजलपुर विधानसभा सीट से सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सतीश पटेल ने गुजरात प्रदेश अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले भाजपा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। इसके बाद सतीश पटेल ने जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर गुजरात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने कार्यकताओं में उत्साह भरते हुए उपचुनाव में पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरने का आह्वान किया।

### कतर के पूर्व अमीर शेख के निधन पर भारत में राष्ट्रीय शोक, सरकारी भवनों पर आधा झुकाया गया तिरंगा



**नई दिल्ली।** कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन के बाद देश में घोषित एक दिवसीय राष्ट्रीय शोक की वजह से सोमवार को दिल्ली की तमाम सरकारी इमारतों पर राष्ट्र ध्वज को आधा झुका दिया गया। राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, संविधान सदन, नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक सहित प्रमुख प्रशासनिक इमारतों पर राष्ट्र ध्वज आधा झुका कर श्रद्धांजलि दी गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भारत कतर के पूर्व अमीर के सम्मान में एक दिवसीय राष्ट्रीय शोक मना रहा है और राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका हुआ है। कृषि भवन, रेल भवन, एयर फोर्स बिल्डिंग और सेवा तीर्थ कॉम्प्लेक्स जैसी अन्य सरकारी इमारतों पर भी झंडा आधा झुका कर शोक व्यक्त किया गया।

### जम्मू से 7,754 अमरनाथ यात्रियों का नया जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच गुफा के लिए रवाना

**जम्मू।** कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को 7,700 से ज्यादा श्रद्धालु कश्मीर घाटी में सालाना अमरनाथ यात्रा के दो बेस कैंपों के लिए जम्मू से रवाना हुए। अब तक 2,52,000 से ज्यादा तीर्थयात्री 3,880 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर में भगवान शिव के बर्फीले लिंगम के दर्शन कर चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि कुल 7,754 तीर्थयात्री 303 गाड़ियों में रवाना हुए, जिनमें 5,383 पुरुष, 2,071 महिलाएं, 222 साधु, 58 साध्वियां, 16 बच्चे और 4 ट्रांसजेंडर लोग शामिल थे। काफि ले को दो अलग-अलग समूहों में बांटा गया था। सुबह 3:30 बजे रवाना हुए बालटाल रूट के काफि ले में 133 गाड़ियां और 2,896 तीर्थयात्री थे। पहलगाम रूट के काफि ले की 170 गाड़ियों में 4,858 तीर्थयात्री थे, जो सुबह 4:05 बजे निकला। कई तीर्थयात्रियों ने यात्रा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

# 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0' का शुभारंभ : टेक्नोलॉजी और हाई-टेक निवेश का हब बन रहा प्रदेश : मोहन यादव

● कृषि प्रधान राज्य से टेक्नोलॉजी पावरहाउस तक : 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0' ने रचा मध्यप्रदेश के हाई-टेक भविष्य का खाका



एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश टेक्नोलॉजी और हाई-टेक निवेश का हब बन रहा है। देश-विदेश की अग्रणी कंपनियों, निवेशकों, नीति-निर्माताओं और शिक्षण संस्थानों की भागीदारी ने यह संकेत भी दिया कि आने वाले वर्षों में प्रदेश की विकास यात्रा तकनीक और नवाचार के सहारे नई ऊंचाइयों को छू सकती है। इस अवसर पर प्रदेश की प्रौद्योगिकी विकास यात्रा पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0' का शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ?178.70 करोड़ के निवेश से स्थापित 20 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण किया, जिनसे 1,229 नए रोजगार सृजित होंगे।

इस दौरान इंडिया लीड फॉर गूगल प्ले और एमपीएसईडीसी के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान भी हुआ। वहीं, स्पेन के बार्सिलोना स्थित सबमर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पैट्रिक स्मेट्स सहित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों को मध्यप्रदेश में इकाइयां स्थापित करने के लिए लेटर ऑफ अलॉटमेंट प्रदान किए गए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, 'मध्य प्रदेश भारत की तकनीकी अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण इंजन बनने की तैयारी कर चुका है। देश-विदेश की अग्रणी कंपनियों, निवेशकों, नीति-निमार्ताओं और शिक्षण संस्थानों की भागीदारी ने यह संकेत भी दिया कि आने वाले वर्षों में प्रदेश की विकास यात्रा तकनीक और नवाचार के सहारे नई ऊंचाइयों को छू सकती है।'

#### 40 हजार करोड़ के निवेश और 35 हजार नौकरियों का लक्ष्य

कॉन्क्लेव का शुभारंभ निवेश को धरातल पर उतारने का संदेश देने के साथ हुआ। इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि भविष्य की निवेश संभावनाओं का व्यापक रोडमैप है। मुख्यमंत्री ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन के दौरान 51 विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी, जिनके माध्यम से प्रदेश में लगभग 40 हजार करोड़ रुपये के निवेश और 35 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन मध्यप्रदेश को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी), डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर उद्योग का मजबूत केंद्र बनाने की दिशा में निर्णायक कदम सिद्ध होगा। यह वही क्षेत्र हैं, जो आने वाले दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था की दिशा तय करेंगे।

#### बार्सिलोना से मिला निवेश, एआई डेटा सेंटर से बढ़ेगी नई पहचान

मुख्यमंत्री ने अपने विदेश दौरों का उल्लेख करते हुए बताया कि बार्सिलोना यात्रा के बाद स्पेन, अमेरिका और कनाडा की कंपनियों ने लगभग 228 करोड़ रुपये का निवेश मध्य प्रदेश में किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में बार्सिलोना में 1 गीगावाट क्षमता वाले एआई डेटा सेंटर की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण समझौता हुआ था और अब संबंधित कंपनी के प्रतिनिधि भोपाल पहुंच चुके हैं। इससे स्पष्ट है कि वैश्विक निवेशकों का भरोसा मध्यप्रदेश पर लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एआई डेटा सेंटर, साइंस सिटी, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और नवाचार आधारित परियोजनाएं आने वाले समय में प्रदेश की नई पहचान बनेंगी।

#### आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगा नया विस्तार

इस अवसर पर तकनीकी निवेश को गति देने के लिए राज्य सरकार ने आईटी पार्कों के विस्तार की भी घोषणा की। इंदौर के सुपर कॉरिडोर पर लगभग 3 लाख वर्गफुट क्षेत्र में आधुनिक आईटी पार्क विकसित किया जाएगा, जहां कंपनियों को प्लग एंड प्ले सुविधा उपलब्ध होगी। भोपाल आईटी पार्क का लगभग 4 लाख वर्गफुट में विस्तार किया जाएगा, ताकि डिजिटल सेवा कंपनियां अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ कार्य कर सकें।

## ट्रक में पीछे से घुसी स्कॉर्पियो, हरियाणा और बिहार के तीन लोगों की मौत, नौ लोग घायल



एजेंसी

**कानपुर।** जनपद के महाराजपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह कानपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सर्विस लेन में खड़े ट्रक में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पीछे से जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग वाहन के अंदर फंस गए। दुर्घटना में चालक समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, मरने वालों में दो बच्चे शामिल हैं। जबकि नौ लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत नाजुक बनी हुई है।

सूचना मिलते ही महाराजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। स्कॉर्पियो में फंसे लोगों को गैस कटर से वाहन काटकर बाहर निकाला गया। इसके बाद सभी घायलों को कांशीराम ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। हैलट अस्पताल में सभी घायलों का उपचार जारी है।

पुलिस के मुताबिक स्कॉर्पियो में कुल 12 लोग सवार थे। प्रारंभिक जांच में वाहन की तेज रफ्तार हादसे का कारण मानी जा रही है। दुर्घटना जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर प्रयागराज की ओर महाराजपुर क्षेत्र में हुई। इस हादसे में हरियाणा के सिरसा जिले के डिंग बडूडी निवासी स्कॉर्पियो चालक बजरंग (45), बिहार के गया निवासी दिलकुश कुमार (11) तथा एक अज्ञात बच्ची की मौत हो गई। वहीं नौ लोग घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस जांच में पता चला कि स्कॉर्पियो हरियाणा के सिरसा से बिहार और झारखंड जा रही थी। वाहन में दो परिवार सवार थे। झारखंड के चतरा जिले के वकील यादव अपने परिवार के साथ लौट रहे थे, जबकि दूसरा परिवार बिहार के गया जिले का था। दोनों परिवारों ने मिलकर वाहन बुक किया था और रविवार रात सिरसा से रवाना हुए थे।

## राजस्थान हाई कोर्ट की जयपुर और जोधपुर पीठ को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी, तलाशी में कुछ नहीं मिला



एजेंसी

**जयपुर/जोधपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर और जोधपुर पीठ को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद न्यायिक एवं प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया। धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने दोनों परिसरों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, जिसके बाद न्यायालय की नियमित कार्यवाही शुरू कर दी गई।

उच्च न्यायालय प्रशासन को रात 12 बजकर 19 मिनट पर प्राप्त ई-मेल में दावा किया गया कि न्यायालय परिसर में छह जिलेटिन बम लगाए गए हैं। ई-मेल में लिखा गया कि आमजन को नुकसान पहुंचाना उद्देश्य नहीं है, लेकिन इमारत को क्षति पहुंचेगी। सोमवार सुबह ई-मेल देखने के बाद प्रशासन ने तत्काल सुरक्षा एजेंसियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड ने न्यायालय परिसर की सघन तलाशी ली। जांच में किसी प्रकार का विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने के बाद सुबह करीब साढ़े नौ बजे परिसर को खोल दिया गया। समय रहते तलाशी पूरी होने से न्यायालय की कार्यवाही बाधित नहीं हुई।

पुलिस के अनुसार धमकी किसी अज्ञात ई-मेल आईडी से भेजी गई है। ई-मेल के स्रोत और प्रेषक की पहचान के लिए साइबर विशेषज्ञों की सहायता ली जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच जारी है।

### मदुरै में निजी और सरकारी बस की आमने-सामने टक्कर

## पांच यात्रियों की मौत, 41 घायल

एजेंसी

**मदुरै।** मदुरै के पास एक सरकारी बस और एक निजी ओमनी बस की सोमवार तड़के आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में एक महिला सहित 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों बसों में सवार 41 यात्रियों को प्राथमिक उपचार के लिए मेलूर सरकारी अस्पताल भेजा गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए मदुरै के राजाजी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा मदुरै जिले के कोट्टामपट्टी के निकट वंजीनगरम गांव के चार लेन वाले राजमार्ग पर हुआ। यह दुर्घटना तड़के उस समय हुई, जब दोनों बसें तेज रफ्तार से आ रही थीं। चेन्नई से मार्थांडम जा रही निजी ओमनी बस जब वंजीनगरम गांव के पास पहुंची, तो चालक बस पर नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित बस पहले सड़क के बीच बने डिवाइडर से जोरदार टकरा गई। इसके बाद बस नियंत्रण खोकर विपरीत दिशा की लेन में चली गई और मदुरै से तिरुचिरापल्ली जा रही सरकारी बस से आमने-सामने भीषण रूप से टकरा गई। सरकारी बस से टकराने के बाद निजी ओमनी बस बाईं ओर मुड़ गई और वंजीनगरम गांव में आम लोगों के उपयोग के लिए बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय से जा टकराई। हादसे में बस में यात्रा कर रहे एक महिला सहित 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों बसों में सवार 41 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। कोट्टामपट्टी पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए मेलूर सरकारी अस्पताल भेजा।

## आनंदपुर साहिब में तीर्थ यात्रियों के लिए लगाए गए टेंट में लगी आग, 13 टेंट जले

● बड़ा हादसा टला, आधा घंटा पहले खाली कर दिए गए थे टेंट



एजेंसी

**रोपड़।** पंजाब सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आनंदपुर साहिब आने वाले श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए टेंटों में सोमवार सुबह आग लग गई। हादसे में 13 टेंट जलकर राख हो गए। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी तरह का जानी नुकसान या किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। यह घटना सुबह करीब 9 बजे रोपड़ जिले के आनंदपुर साहिब के पास अगमपुर गांव में हुई। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए सरकार की ओर से यहां अस्थायी व्यवस्था की गई थी। साइट पर करीब 250 टेंट लगाए गए थे, जिनमें से 13 टेंट आग की चपेट में आ गए। जिन टेंटों में आग लगी, उनमें ठहरे श्रद्धालु आग लगने से करीब आधा घंटा पहले ही वहां से निकल चुके थे। इसी कारण बड़ा हादसा टल गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग को बाकी टेंटों तक फैलने से पहले काबू कर लिया गया।

आनंदपुर साहिब के एसडीएम सुखपाल सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आग में किसी भी व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचा है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि, सही कारण विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। एसडीएम ने बताया कि जिला प्रशासन ने मामले की जांच के लिए अधिकारियों की एक कमेटी गठित कर दी है। यह कमेटी अस्थायी कैंप में बिजली की व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों की जांच करेगी।

### भौतिक कामनाओं की पूर्ति का माध्यम है मां मनोकामना मंदिर, अंतिम लक्ष्य आत्मिक उन्नति : मां विजया

# सद्गुरुदेव के अवतरण दिवस पर उमड़ा श्रद्धा का सागर, 51 साधकों को मिली शक्तिपात-दीक्षा

संवाददाता

**नई दिल्ली।** साकेत स्थित माँ मनोकामना देवी मंदिर सोमवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के अद्भुत संगम का साक्षी बना। अन्तर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के तत्वावधान में ब्रह्मलीन सद्गुरुदेव महात्मा सुशील कुमार के 89वें अवतरण दिवस तथा माँ मनोकामना देवी की प्राण-प्रतिष्ठा वर्षगाँठ पर आयोजित समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों इस्सयोगियों ने गुरुचरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। अखंड संकीर्तन, मंत्रोच्चार, आरती और साधना से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। सद्गुरू देव महात्मा सुशील कुमार जी के महाअवतरण समारोह को संबोधित करते हुए संस्था की अध्यक्ष एवं ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरुमाता माँ विजया ने अपने आर्शीबचन में कहा कि ब्रह्मलीन सद्गुरुदेव महात्मा सुशील कुमार ने माँ मनोकामना देवी की स्थापना मानव की भौतिक कामनाओं की पूर्ति के लिए की थी। श्रद्धा और विश्वास से यहाँ की गई प्रार्थना कभी निष्फल नहीं जाती, किंतु मनुष्य जीवन का परम लक्ष्य केवल इच्छापूर्ति नहीं, बल्कि आत्मिक जागरण और परम शांति की प्राप्ति है। यह मार्ग साधना, सद्गुरु-कृपा और आत्मसमर्पण से ही प्रशस्त होता है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य प्रत्येक क्षण परिवर्तनशील है। शरीर की कोशिकाएँ बदलती रहती हैं,परिस्थितियाँ बदलती हैं और जीवन की चुनौतियाँ भी बदलती रहती हैं। इन सबके बीच जो साधक गुरु से जुड़कर इस्सयोग की साधना करता है,वह मानसिक विकारों,भय,तनाव और मोह से ऊपर उठकर आंतरिक शांति का अनुभव करता है। उन्होंने कहा कि इस्सयोग केवल साधना-पद्धति नहीं, बल्कि मानवता को सद्गुरुदेव का अनुपम आध्यात्मिक उपहार है।



संस्था के संयुक्त सचिव डॉ. अनिल सुलभ ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे संयुक्त सचिव-सह-कोषाध्यक्ष ई. उमेश कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। संस्था के सचिव कुमार सहाय वर्मा ने सद्गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण किया। पंडित प्रभात झा के सस्वर 'गुरु शतनाम स्तोत्र' पाठ के साथ वातावरण पूर्णतः गुरुमय हो उठा। इसके बाद एक घंटे का अखंड संकीर्तन, आह्वान साधना, सद्गुरुदेव की आरती तथा माँ मनोकामना देवी का विधिवत पूजन-अर्चन संपन्न हुआ।पूरे मंदिर परिसर में भक्ति, अनुशासन और आध्यात्मिक एकाग्रता का अनूठा वातावरण बना रहा।इस अवसर पर लंदन से आए अभिषेक आनंद, लुधियाना के सुधांशु सुमन, ओडिशा के दुगार्दास पंडा, भुवनेश्वर की डॉ. गीता जेना,लखनऊ के दुष्यंत यादव, बोकारो के कैलाश सुहासरिया, बेंगलुरु के हरि पंडा, फरीदाबाद की वंदना कर्ण, बिहार की शैल कुमारी एवं ऋतुबाला, हरियाणा के श्रीकांत कुमार,मनीषा अग्रवाल, अल्पना श्रीवास्तव तथा सविता कुमारी सहित अनेक साधकों ने सद्गुरुदेव की कृपा और इस्सयोग साधना से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

संस्था के सचिव कुमार सहाय वर्मा ने माँ मनोकामना मंदिर की स्थापना का संक्षिप्त इतिहास प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह मंदिर केवल मनोकामनाओं की पूर्ति का स्थल नहीं, बल्कि श्रद्धा, सेवा, साधना और आत्मबोध का आध्यात्मिक केंद्र है। उन्होंने सद्गुरुदेव एवं गुरुमाता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

समारोह का प्रमुख आकर्षण शक्तिपात-दीक्षा रहा। माँ विजया ने 51 नव-जिज्ञासुओं को इस्सयोग की आंतरिक साधना के लिए शक्तिपात-दीक्षा प्रदान की। दीक्षा के इस आध्यात्मिक क्षण ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने इसे अपने जीवन की अमूल्य आध्यात्मिक उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में संयुक्त सचिव लक्ष्मी प्रसाद साहू, संगीता झा, शिवम झा,सरोज गुटगुटिया, दीनानाथ शास्त्री, सी.एल. प्रसाद, वंदना वर्मा, डॉ. जेठानंद सोलंकी, डॉ. दार्शनिका पटेल, माया साहू, विजय मालिनी, योगेंद्र प्रसाद, राधेश्याम पांडेय, गिरिजेश गुप्ता, वीरेंद्र राय, ललन प्रसाद, आर.सी. तिवारी, विजय रंजन,ममता जमुआर, मंजिता अंजलि तथा वरिष्ठ पत्रकार विनोद तकियावाला सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों इस्सयोगियों ने इस महामहोत्सव में शामिल हुए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित। प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741